ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● श्रावण शुक्ल पक्ष 04 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 21 जुलाई 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 168 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

लॉ एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा के लिए मुफ्त कोचिंग की ... पेज 12 पर

NEWS इन ब्रीफ

झारखंड कैबिनेट की बैठक 25 जुलाई को

रांची। राज्य मंत्री परिषद की बैठक 25 जुलाई को आहूत होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जायेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने कैबिनेट की बैठक की जानकारी देते हुए सभी विभागों से कैबिनेट के लिए प्रस्ताव मांगा है।

मधु कोड़ा, विनोद सिन्हा व अनिल वास्तवडे ईडी कोर्ट में हुए पेश

रांची। मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, उनके सहयोगी मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वास्तावड़े समेत अन्य आरोपित गुरुवार को ईडी की विशेष कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। अदालत में आज ईडी की ओर से गवाह प्रस्तुत किया जाना था लेकिन गवाह उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख पांच अगस्त को निर्धारित की है। मधु कोड़ा के मुख्यमंत्री काल में उनके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों और उनके सहयोगियों पर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने का आरोप है।

सेना जमीन घोटाले में कार्रवाई के लिए ईडी ने सरकार को लिखा पत्र

रांची। ईडी ने रांची में सेना जमीन घोटाले व 1000 करोड़ के अवैध खनन केस में राज्य की सरकार को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। ईडी ने बरियात में सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी दस्तावेजों के आधार पर डील के मामले में जगतबंधु टी एस्टेट के खिलाफ दर्ज आरोप पत्र व अटैचमेंट आर्डर की पूरी जानकारी दी है। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, पीएमएलए 66(2) के तहत राज्य सरकार को जानकारी दी गई है। ईडी ने इस मामले आरोपियों पर नए सिरे से केस दर्ज करने के लिए भी लिखा है।

यौन शोषण मामले में प्रदीप यादव पर चल रही कार्यवाही पर रोक जारी

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट में गुरुवार को महिला अधिवक्ता के साथ यौन शोषण करने के आरोपित कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव की क्रिमिनल रिवीजन पर सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट ने प्रदीप यादव के खिलाफ दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में इस मामले से संबंधित चल रही कार्यवाही पर रोक जारी रखी है। कोर्ट ने मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए 17 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। प्रदीप यादव ने दुमका कोर्ट में उनके खिलाफ यौन शोषण के केस में हुए चार्जफ्रेम की प्रक्रिया को चुनौती दी है। इस केस में फिलहाल वह बेल पर हैं।

तोरपा में बड़े पैमाने पर हो रहा है खाद्य सामग्री का उत्पादन

मडुवा की बिस्किट और केक के सामने बड़े-बड़े ब्रांड फेल

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी

एक समय था कि मडुवा जैसे मोटे मनाज को गरीबों का भेजन कहा जाता था। गरीबी के कारण लोग चावल और गेहूं नहीं खरीद पाते थे, तो सबसे सस्ता मडुवा ही उनके जीने का आधार था। भले ही अब वैज्ञानिक मोटे अनाज के महत्व को समझ रहे हैं और मडुवा, ज्वार जैसे अनाज की खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। यहां तक कि केंद्र सरकार ने 2023 को मिलेट्स वर्ष भी घोषित कर दिया है। पहले लोग मडुवा का उपयोग सिर्फ रोटी के रूप में करते थे, लेकिन अब मडुवा से बिस्किट, ब्रेड, जैम, कुकीज सहित अन्य कई तरह के स्वादिष्ट खाद्य सामग्री बनाई जा रही है। खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड की महिलाएं मडुवा के बिस्किट, कुकीज, ब्रेड, टोस्ट आदि इस तरह से बना रही है कि बड़े से बड़े ब्रांड भी फेल नजर आ रहे हैं। स्थानीय बाजार में मडुवा के इन

उत्पादों की भारी मांग भी है और महिलाएं मडुवा की कई तरह की खाद्य सामग्री का उत्पादन कर न सिर्फ अच्छी कमाई कर रही हैं, बल्कि अपने आर्थिक स्थिति को भी सुधार रही हैं। अब वह दिन नहीं रहा, जब महिलाएं घर की चहारदीवारी में कैद होकर अपने को घरेलू काम तक ही सीमित रखती थी, बल्कि आज महिलाएं रोजगार के क्षेत्र में पुरुष के साथ हर पायदान पर कदम से कदम मिला रही है। भले ही ऑफिस का काम हो या बिजनेस संभालना हो या फिर अन्य कोई भी कठिन काम क्यों न हो, महिलाएं हर दिशा में उन्नति कर अपनी कामयाबी का लोहा मनवा रही हैं। इसका नतीजा है कि आज हर काम में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। अब महिलाएं केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर हो रही हैं।

झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समाज(जेएसएलपीएस) से फूड प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं घर बैठे व्यवसाय चला रही हैं। तोरपा प्रखंड की प्रिया तोपनो, ममता कुमारी, अनिमा भेंगरा, नीलम भेंगरा, रेखा देवी, शीलवंती आइंद, ओलिभा नाग, एंजेला होरो सहित दर्जनों महिलाएं महिला मंडलों से जुड़ कर अपना कारोबार कर रही हैं। तोरपा में मडुवा की बिस्किट, कुकीज, जैम आदि बनाने वाल महिलाएं बताती हैं कि उन्होंने खूंटी में 15 दिनों का फूड प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर तोरपा प्रखंड परिसर में तोरपा बेकरी यूनिट के नाम से मुवा के बेकरी उत्पाद बना रही हैं।

इस व्यवसाय से जुड़ी महिलाओं ने बताया कि लगभग एक महीने पहले उन्होंने मडुव से बेकरी बनाने का व्यवसाय शुरू किया है और इन उत्पादों की मांग भी बाजार में काफी अच्छी है। लोग इन्हें खूब पसंद कर रहे हैं।

पांच रुपये की मडुवा की बिस्किट पौष्टिक तत्वों का खजाना

मडुवा से बने सामानों की चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने मन की बात में भी की थी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि ग्रामीण क्षेत्रों के किसान मडुवा, मक्का और जौ उत्पादन करते हैं, लेकिन बाजार में उचित मूल्य नहीं मिल पाता। इसके कारण किसानों को इनकी खेती से विशेष लाभ नहीं मिल पाता। इसके कारण किसान इनकी खेती से दूर होते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने किसानों से अपील की थी कि वे वेल्यू एडिशन कर अपने उत्पादों को बाजार में उतारें। मड़वा में आयरन, कैलसियम की मात्रा अधिक होने के कारण यह किशोरियों और गर्भवती महिलाओं के लिए पोषाहार के समान है।

जेएसएलपीएस से मिली मशीनें

बेकरी यूनिट की प्रिया तोपनो ने बताया कि खूंटी से 15 दिनों का प्रशिक्षण लेने के बाद झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी की ओर से तीन डेग ओवन, क्रुफर, दो मिक्सर मशीन, सलासर कटर, फ्रीजर, माइक्रोओवन सहित कई मशीन उन्हें दी गई थी। इससे हमलोग मडुवा के केक, बिस्किट, जैम कुकीज, ब्रेड और टोस्ट बना कर ग्राहकों को दे रहे हैं।

सीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक, कहा

झारखंड में बनेगा स्ट्रांग हेल्थ सर्किट

चिकित्सकों की नियुक्ति में तेजी लाने का निर्देश

एंबुलेंस का परिचालन सुनिश्चित हो

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में स्ट्रांग हेल्थ सर्किट बनाने बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। यहां के अस्पतालों में जांच और इलाज की बेहतर और आधुनिक सुविधाएं सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को दूसरे राज्यों के बड़े अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़े। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए जो भी संसाधन की जरूरत होगी, सरकार उसे मुहैया कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रमंडल के सदर अस्पतालों में इलाज और जांच की अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 247 हेल्थ केयर सर्विसेज शुरू करने का निर्देश दिया। इसकी शुरूआत दुमका से होगी। 300 बिस्तर की क्षमता वाले इस अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ जांच- इलाज के सभी अत्याधुनिक संसाधन होंगे। सर्विसेज होगी। यहां सभी चिकित्सकों और पारा मेडिकल कर्मियों की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाए, ताकि मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य वासियों को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पंचायत दवा दुकान के लिए लाइसेंस देने में तेजी लाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की पंचायत स्तर दवा दुकान की योजना के तहत जल्द से जल्द और ज्यादा से ज्यादा पंचायतों में दवा दुकान खोलने की प्रक्रिया तेज हो। उन्होंने कहा कि जो भी पारा मेडिकल में प्रशिक्षित है , उन्हें भी इस योजना संचालन से जोड़ने की पहल करें। इस मौके पर अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि पंचायत स्तर दवा दुकान के लिए अब तक 24 सौ आवेदन मिल चुके हैं, जिनमें से 663 आवेदनों को स्वीकृति दी जा चुकी है।

आयुष्मान भारत के मरीजों के इलाज में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

सीएम ने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत मरीजों के इलाज में अस्पतालों द्वारा कोताही बरतने की बात उचित नहीं है। आयुष्मान भारत के तहत अस्पतालों के लंबित राशि का भुगतान जल्द से जल्द करें। सीएम गंभीर बीमारी योजना के तहत इलाज की पात्रता के लिए आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड अगर किसी के पास नहीं है तो 8 लाख रुपए से कम वार्षिक आय वालों को भी इस श्रेणी में शामिल किया जाए।

मेडिकल कॉलेजों में चल रहे निर्माण कार्य में अब और विलंब बर्दाश्त नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मेडिकल कॉलेजों में कई वर्षों से निर्माण कार्य चल रहा है इसमें पहले ही से काफी विलंब हो चुका है और विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जो डेडलाइन तय किए गए हैं उसके अंदर सभी निर्माण पूरे हो जाने चाहिए। उन्होंने पलामू और हजारीबाग मेडिकल कॉलेज तथा रिम्स में छात्रावास का निर्माण करा रहे कंस्ट्रक्शन कंपनी को टर्मिनेट करने का भी निर्देश दिया।

सर्पदंश से मौत के मामले काफी चिंताजनक

मुख्यमंत्री ने कहा कि बारिश के शुरू होते ही सर्पदंश की कई मामले सामने आ रहे हैं। मैंने पहले ही सभी अस्पतालों में सर्प दंश के मरीजों के इलाज और दवा की पुख्ता व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। लेकिन, फिर भी अब तक 45 से ज्यादा सर्पदंश से मौत की बातें सामने आ चुकी है। यह चिंताजनक है। उन्होंने विभाग को कहा कि जहां सर्प दंश से मौतें हुई है, वहां के संबंधित चिकित्सकों को शो-कॉज जारी किया जाए। उच्च स्तरीय बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव विनय कुमार चौबे, भवन निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अपर अभियान निदेशक विद्यानंद शर्मा पंकज , अपर सचिव जय किशोर प्रसाद, अपर सचिव शशि प्रकाश झा, संयुक्त सचिव मेधा भारद्वाज, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ वीरेंद्र प्रसाद सिंह , रिम्स रांची के निदेशक डॉ राजीव कुमार गुप्ता, रिनपास के निदेशक डॉ जयंती शिमले, आयुष निदेशक डॉ फजलूस शमी और निदेशक ड्रग्स रितु सहाय समेत कई विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

आईएसआईएस का संदिग्ध आतंकी फैयाज अंसारी को भेजा गया जेल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड के लोहरदगा से गिरफ्तार किए गए इस्लामिक स्टेट इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के आतंकी फैयाज अंसारी को गुरुवार को एनआईए रांची की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उसे गुरुवार को लोहरदगा के न्यू रोड एरिया से इंटेलिजेंस ब्यूरो, नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी और दिल्ली पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर गिरफ्तार किया।

जानकारी के मुताबिक एनआईए ने फैयाज अंसारी के पास से कई डिजिटल एविडेंस जब्त किए हैं। इससे उसके आईएसआईएस से संपर्क होने के पुख्ता जानकारी मिली है। वह डार्क नेट के माध्यम से आईएसआईएस आतंकियों के संपर्क में था। लोहरदगा में वह पिछले दो महीनों से रह रहा था और

अपने घर से ही इस्लामिक जिहाद को लेकर सक्रिय था। एनआईए की टीम उस पर पिछले एक सप्ताह से नजर रखे हुए थी। फैयाज अंसारी मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। वर्तमान में वह लोहरदगा के मिल्लत कॉलोनी में रहता है। उसके पिता फिरोज अंसारी बीएसएनएल में कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी हैं।

केंद्रीय जांच एजेंसियों ने फैजान अंसारी के आईएसआईएस के स्लीपर सेल होने की पुख्ता जानकारी मिलने पर उसे गिरफ्तार किया। एनआईए ने उसके लैपटॉप की तलाशी ली तो उसमें से कई आपत्तिजनक डाक्यूमेंट्स बरामद किए गए। जांच में पता चला कि वह लगातार देश और विदेश के आईएसआईएस एजेंट से संपर्क साधे हुए था। उसके इशारे पर वह लगातार काम कर रहा था। खुफिया एजेंसी को उसके पास से कई भड़काऊ वीडियो, पेन ड्राइव सहित कई आपत्तिजनक सामान मिले हैं। जानकारी के मुताबिक खुफिया एजेंसी की एक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

नक्सलियों ने मुखबिरी के आरोप में पांच को पीटा, एक की मौत

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

बुधवार की रात लातेहार जिले में नेतरहाट थाना क्षेत्र के दवना और पुरानडीह गांव में नक्सलियों ने हैवानियत का प्रदर्शन किया। इस दौरान 5 लोगों की जमकर पिटाई की। लगभग 5 घंटे तक गांव में नक्सलियों ने आतंक मचाया। इस दौरान गांव के रहने वाले देव कुमार प्रजापति की 2 घंटे तक पिटाई की। जिससे उसकी मौके पर हीं मौत हो गई। बताया जाता है कि देव कुमार प्रजापति को मुखबिरी के आरोप में नक्सलियों ने उसे पकड़कर उसके हाथ और पैरो को रस्सी से बांध दिया। उसके बाद 2 घंटे तक उसकी बेरहमी से पिटाई की। पिटाई के कारण देव कुमार प्रजापति की स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई। बाद में परिजनों के द्वारा काफी मनाने के बाद नक्सलियों ने उन्हें

चेतावनी देकर छोड़ दिया। लेकिन घर ले जाने के क्रम में ही घायल देव कुमार प्रजापति की मौत हो गई। नक्सलियों ने इस दौरान ग्रामीणों के घर के दीवारों पर भाकपा माओवादी समर्थित कई नारे भी लिखे और ग्रामीणों को मुखबिरी बंद करने की चेतावनी दी। नेतरहाट में नक्सली हिंसा की सूचना मिलने के बाद पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच गई है। महुआडांड़ के एसडीपीओ राजेश कुजूर ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

प्रदीप कुमार समेत तीन की याचिका पर सुनवाई 4 अगस्त को

रांची। झारखंड हाईकोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व स्वास्थ्य सचिव डॉ प्रदीप कुमार, उनके भाई राजेंद्र कुमार सहित तीन आरोपितों की क्रिमिनल रिवीजन पर सुनवाई चार अगस्त को होगी। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट से समय की आग्रह किया गया। इस पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता के आग्रह को मंजूर कर लिया। दवा घोटाला मामले में आरोपित डॉ प्रदीप कुमार, उनके भाई राजेंद्र कुमार एवं व्यवसाई धर्मेंद्र कुमार धीरज की डिस्चार्ज पिटीशन ईडी कोर्ट ने वर्ष 2019 में खारिज कर दी थी। याचिकाकर्ता की ओर से ईडी कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग का मामला नहीं बनता है।

डुमरी विधानसभा उपचुनाव में सत्तापक्ष और विपक्ष होंगे आमने-सामने

इंडिया बनाम एनडीए का होगा मिनी दंगल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड में इंडिया बनाम एनडीए का पहला दंगल डुमरी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में खेला जाएगा। हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री रहे जगरनाथ महतो विधानसभा में डुमरी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे। बीते 6 अप्रैल को उनका निधन हो जाने की वजह से इस सीट पर उपचुनाव होना है। उम्मीद की जा रही है कि चुनाव आयोग इसी महीने तारीख का ऐलान कर देगा। इसे लेकर मुकाबले का फील्ड सजने लगा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को मंत्रिमंडल में शामिल कर पहला दांव चल दिया है। बेबी देवी को मंत्री बनाने के साथ ही

तय हो गया है कि राज्य के सत्ताधारी गठबंधन की उम्मीदवार वही होंगी। उनका सीधा मुकाबला एनडीए के प्रत्याशी के साथ होगा। एनडीए के प्रत्याशी का चेहरा अभी सामने नहीं आया है। यह प्रत्याशी भाजपा या आजसू पार्टी में से किसी एक का होगा।

इस बात की ज्यादा संभावना है कि एनडीए आजसू पार्टी के प्रत्याशी पर ही दांव लगाएगा, क्योंकि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में इस पार्टी का प्रत्याशी दूसरे नंबर पर रहा था। भाजपा यहां तीसरे नंबर पर रही थी। उस चुनाव में भाजपा और आजसू के रास्ते अलग-अलग हो जाने के कारण एनडीए की छतरी में छेद हो गई थी। इससे दोनों को नुकसान हुआ और अब वह फिर से एक छतरी के नीचे हैं।

दिल्ली में पीएम मोदी की अगुवाई में मंगलवार को हुई मीटिंग में आजसू के सुप्रीमो सुदेश महतो भी शामिल हुए। पीएम मोदी के साथ सुदेश महतो की गर्मजोशी भरी मुलाकात की सामने आई तस्वीर इस बात की तस्दीक कर रही है कि इस बार राज्य में दोनों पार्टियां एकजुट होकर चुनाव लड़ने को तैयार हैं। देश में इंडिया बनाम एनडीए के लिए जिस तरह की मोचेबंदी हो रही है, उसकी एक छोटी सी झांकी डुमरी के इस मिनी दंगल में भी दिखेगी।

झारखंड में इंडिया की कमान स्वाभाविक तौर पर झामुमो के कार्यकारी प्रमुख हेमंत सोरेन के हाथ में होगी, जबकि दूसरी तरफ यहां एनडीए के सेनापति भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी होंगे। डुमरी की लड़ाई में इन दोनों खेमों के सेनापतियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर होगी। झामुमो के जगरनाथ महतो ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र में पिछले चार चुनावों में लगातार जीत दर्ज की थी। 2019 के चुनाव में जगरनाथ महतो को 71,128 वोट मिले थे, जबकि 36,840 वोटों के साथ आजसू उम्मीदवार यशोदा देवी दूसरे स्थान पर थीं। भाजपा के प्रदीप साहू 36,013 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर थे।

जाहिर है, इस बार उपचुनाव में भाजपा और आजसू की एका होने पर झामुमो प्रत्याशी को तगड़ी टक्कर मिलेगी। झारखंड में वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद से अब तक पांच उपचुनाव हो चुके हैं। दुमका, मधुपुर, बेरमो, मांडर और रामगढ़ सीटों पर अलग-अलग वजहों से हुए उपचुनाव में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

तारा शाहदेव मामले में सीबीआई की बहस पूरी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को तारा शाहदेव से जुड़े केस की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से बहस की गई। सीबीआई की पूरी बहस सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपित की दलील सुनने के लिए अगली तिथि निर्धारित की है। बहस के दौरान सीबीआई की ओर से उपस्थित वरीय लोक अभियोजक ने कोर्ट को बताया कि हिंदू रीति से विवाह के बाद तारा शाहदेव के पिता उनके भाई और रकीबुल उर्फ रणजीत के पड़ोसियों एवं काजी ने शादी के अगले दिन धर्म परिवर्तन करा कर निकाह कराने की बात स्वीकार की है और इससे जुड़े साक्ष्य कोर्ट में प्रस्तुत

किए जा चुके हैं। इस केस में रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाई कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद व कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही हैं।

रिम्स ने करीब 900 एमबीबीएस छात्रों से खाली कराया गया हॉस्टल

अब किसी को भी पेरेंट्स के साथ आने पर ही होगा आवंटित

नवीन मेल संवाददाता। रांची
देर रात पार्टी करने और आपस में मारपीट करने की घटना को लेकर रिम्स प्रबंधन ने करीब 900 एमबीबीएस छात्रों से हॉस्टल खाली करा लिया है। प्रबंधन ने बुधवार की रात नोटिस जारी किया था और गुरुवार की शाम सात बजे तक छात्रों से हॉस्टल खाली करा लिया गया। सप्लीमेंट्री परीक्षा देने वाले कुछ छात्रों को परीक्षा तक हॉस्टल में रहने की अनुमति मिली है। वहीं शुक्रवार को जिन छात्रों के फ्लाइट और ट्रेन हैं उन्हें शुक्रवार दोपहर तक रहने की अनुमति मिली है। शेष छात्रों से हॉस्टल खाली करा लिया गया है। छात्रों से हॉस्टल के रूम की चाभी भी जमा करा ली गई है। प्रबंधन के आदेश के बाद एमबीबीएस के विभिन्न बैच के

छात्र निर्णय को लेकर निदेशक का घेराव करने पहुंचे थे, इसके बाद भी प्रबंधन अपने आदेश पर टीका रहा है। प्रबंधन ने कहा कि छात्रों के सुरक्षा को देखते हुए ही निर्णय लिया गया है। अब छात्रों को माता पिता के साथ आने को कहा गया है उसके बाद ही उन्हें हॉस्टल आवांटित किया जाएगा। रिम्स प्रबंधन की ओर से पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने बताया कि रिम्स के हॉस्टल परिसर में लगातार उपद्रव और छात्रों के बीच मारपीट की घटना हो रही है। बहुत कम अंतराल पर ऐसा हो रहा है। बैचों के बीच ग्रुपिंग में मारपीट हो रहा है। कुछ अनहोनी न हो इसलिए प्रबंधन ने गहन चिंतन के बाद क्लासेस बंद किए हैं और हॉस्टल खाली कराया है। एहतियात के तौर पर ऐसा निर्णय लिया गया है, ताकि किसी छात्र के साथ कोई अनहोनी नहीं हो जाए। उन्होंने बताया कि लगातार अनुशासनहीन रहने वाले छात्रों को चिन्हित किया गया, कुछ अन्य को अभी और चिन्हित किया जाना है। उनपर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। रिम्स जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने भी प्रबंधन के फैसले का समर्थन किया है। जेडीए के प्रेसिडेंट डॉ जयदीप चौधरी ने बताया कि दो बैचों 2021 और 2022 में झड़प हुआ था। झगड़े में दो सीनियर बैच 2019 और 2020 भी आ गए। उसी में और मामला बढ़ा जिसके बाद कुछ छात्र उग्र होकर निदेशक आवास में भी घूस गए थे।

भाजपा सरकार बनने पर एनआरसी होगी लागू : बाबूलाल

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो एनआरसी लागू कराया जाएगा। मरांडी ने लोहरदगा जिला के सदर थाना क्षेत्र स्थित न्यू रोड में एनआईए द्वारा आईएसआईएस के संदिग्ध आतंकी की गिरफ्तारी पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि झारखंड में विगत तीन वर्षों में राष्ट्र विरोधी आतंकी शक्तियों का मनोबल बढ़ा है। राज्य में लोहरदगा,धनबाद, जमशेदपुर सहित संताल परगना क्षेत्र के जिले ऐसे आतंकवादी संगठनों ,घुसपैठियों की शरणस्थली बन गए हैं। लोहरदगा में विगत दिनों प्रायोजित दंगों के द्वारा माहौल को बिगाड़ने और अशांत करने की कोशिश की गई लेकिन राज्य सरकार तुष्टिकरण में लिप्त है।

सुरक्षित पलायन पर राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
कांटा टोली चौक में एक राज्य स्तरीय कार्यशाला सुरक्षित पलायन के मुद्दे पर सरकादी विभागों के कर्मचारी व जतन/स्पार्क के सहयोग से आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मधुकर वरिष्ट पत्रकार एक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालक स्पार्क श्रम संस्था के सचिव एच आई- फातमी के आलावा अन्य संस्था के लोग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद अंजनी ने

जतन/स्पार्क के इतिहास के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जतन एक नेवर्क है जो 13 जिलों के प्रत्यक्ष रूप सुरक्षित पलायन के मुद्दे एक घरेल महिला कामगार के मुद्दे पर काम कर रही है। इसके बाद एक प्रेजेन्टेशन निशीमीता ताई ने कहाँ कि के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पुरे झारखंड में असुरक्षित पलायन एक ज्वलनशील मुद्दा है। अतः हमें सुरक्षित पलायन को बढ़ावा देना होगा। सरावनी ने कहा कि सुरक्षित पलायन के लिए सबसे जरूरी है कि पालन कर्ता अपना रेजिस्ट्रेशन कर ही 'कहीं भी पलायन करें। हमें चाहिए कि लोग ज्यादा से ज्यादा जागरुक हो। ताकि महिलाएं एवं सभी लोग अपने एक अधिकार को पा सके। एके सिंह ने कहा कि पलायन चार राज्य में झारखंड, केरल ,बिहार एवं पंजाब में ज्यादा होता है ।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
शुद्धि पत्र

पत्रांक ..... कोडरमा/दिनांक ...../...../2023

निविदा सूचना सं0 – RDD/SD/KODERMA/03/2023-24 आमंत्रित किया गया है। जिसका पी0 आर0 सं0 –301611 है। जिसमें निम्न प्रकार क्रमांक में संशोधन किया जाता है।

2) बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20.07.2023 के स्थान पर दिनांक 22.07.2023 पढा जाय।

3) ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.07.2023 से दिनांक 24.07.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक के स्थान पर दिनांक दिनांक 22.07.2023 से दिनांक 01.08.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक पढा जाय।

4) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 26.07.23 अपराह्न 05:00 बजे तक के स्थान पर दिनांक 04.08.23 अपराह्न 05:00 बजे तक पढा जाय।

5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
ii) ग्रामीण विकास विशेष अंचल, हजारीबाग।
iii) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धूर्वा, राँची।

8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 28.07.23 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर दिनांक 05.08.23 अपराह्न 2:00 बजे तक पढा।

निविदा की सभी शर्त्ते पूर्वत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
कोडरमा।

PR 302810 Rural Work Department(23-24)D

मणिपुर की घटना से देश हुआ शर्मसार : राजेन्द्र प्रसाद

रांची। मणिपुर की दो महिला के साथ सामूहिक बलात्कार करने के बाद निर्वस्त्र कर घुमाने की घटना को हैवानियत की प्रकाष्ठा बताया और देश को शर्मशार करने वाला बताया है। प्रसाद ने कहा कि मणिपुर की घटना हृदय विदारक है। प्रसाद ने कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में ऐसी शर्मनाक घटनाएं हो रही है। जिसकी कल्पना देश नहीं कर सकता है। प्रसाद ने कहा कि दोषियों को फांसी से कम की सजा नहीं मिलनी चाहिए।

रांची गुमला व लोहरदगा रोड से हटाया गया अतिक्रमण

सड़क पर दुकान लगाने पर होगी कार्रवाई : सीओ

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
बेड़ो प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को प्रखंड प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था बेहतर बनाए रखने एवं सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए सीओ सुमंत तिर्की व थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान रांची गुमला मुख्य मार्ग व लोहरदगा रोड के दोनों ओर की सड़क किनारे फुटपाथ पर अतिक्रमण कर दुकानदारी करने वाले दुकानों को हटाया गया। साथ ही अब से सड़क का अतिक्रमण कर दुकान नहीं लगाने की हिदायत दी गई। वहीं अभियान के क्रम में कई दुकानों के सामान को जब्त किया गया। साथ ही एंगल,बांस-बल्ली आदि को हटवाया गया। इससे जहां अब सड़क की चौड़ाई अधिक दिख रही है। वहीं कई फुटपाथी दुकानदारों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या

उत्पन्न हो गई है। उनका कहना है कि फुटपाथ पर दुकान लगाने से ही उनकी आजीविका चलती है। अब दुकान नहीं लगेगी, तो कमाई का कोई जरिया नहीं रह गया है। इधर सीओ ने कहा कि सड़क को अवरूद्ध कर बेतरतीब तरीके से दुकानें लगा दी जाती है। इससे आवागमन में परेशानी होती है। इसलिए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी मार्गो पर सड़क को कवर कर दुकान लगाने वालों की दुकानें हटाई जाएगी। दुकान के सामने पड़े समान व निशान लगाए गए स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर नाली का निर्माण कार्य कराया जाएगा। मौके पर अंचल निरीक्षक भीखम कुमार अमीन तुलसी दास,फिरोज खान,बोनिपास कच्छप व अनूप कच्छप विश्वनाथ गोप सहित सशस्त्र बल मौजूद थे।

कार्यालय जिला परिषद, कोडरमा

अतिअल्पकालिन निविदा सूचना संख्या :– 08/2023–24

वित्तीय वर्ष 2023–24 में कोडरमा जिला अंतर्गत सी0एस0आर0 मद के तहत निम्नवर्णित स्थानों पर 10 अद्द हाई मास्ट सोलर लाईट अधिष्ठापन हेतु दिनांक 04.08.2023 तक निविदा आमंत्रण की जाती है। जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है:–

1	विज्ञापन दाता का नाम	:–	जिला अभियंता, जिला परिषद, कोडरमा।
2	निविदा प्राप्त करने की तिथि	:–	दिनांक–02.08.23 (अपराहन 3:00 बजे तक)
3	निविदा खुलने की तिथि	:–	दिनांक–02.08.23 (अपराह्न 04:00 बजे)
4	निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान	:–	डी0आर0डी0ए0 सभागार, कोडरमा।
5	कार्य की विस्तृत विवरणी	:–	(राशि रूपये में)

क्र0 सं0	योजना का नाम	स्वीकृत राशि	निविदा शुल्क की राशि	अग्रधन की राशि
1	कोडरमा के मरकच्चो के चंचालिनी धाम में एक सोलर हाईमास्ट लाईट की स्थापना	235000	500	4700
2	कोडरमा के मरकच्चो प्रखण्ड के कर्मा धाम में एक सोलर हाईमास्ट लाईट की स्थापना	235000	500	4700
3	कोडरमा के डोमचॉच प्रखण्ड के नवलशाही चौक पर एक सोलर हाईमास्ट लाईट की स्थापना	235000	500	4700
4	कोडरमा के डोमचॉच प्रखण्ड के पूर्णा चौक पर एक सोलर हाईमास्ट लाईट की स्थापना	235000	500	4700
5	कोडरमा के जयनगर प्रखण्ड के करियांवा गॉव में एक सोलर हाईमास्ट लाईट की स्थापना।	235000	500	4700
6	कोडरमा के जयनगर प्रखण्ड के चुटियारो चौक पर एक सोलर हाईमास्ट लाईट की स्थापना।	235000	500	4700
7	कोडरमा के कोडरमा प्रखण्ड के चाराडीह चौक पर एक सोलर हाईमास्ट लाईट की स्थापना।	235000	500	4700
8	कोडरमा के जयनगर प्रखण्ड के डुमरडीहा गॉव में एक सोलर हाईमास्ट लाईट की स्थापना।	235000	500	4700
9	कोडरमा के जयनगर प्रखण्ड के हिरोडीह स्टेशन परिसर में एक सोलर हाईमास्ट लाईट की स्थापना।	235000	500	4700
10	कोडरमा के चंदवारा प्रखण्ड के बिरसोडीह गॉव में एक सोलर हाईमास्ट लाईट की स्थापना।	235000	500	4700

निविदा की नियम एवं शर्ते WWW.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

ह0/–
जिला अभियंता, जिला परिषद कोडरमा

PR 302844 Panchayati Raj(23-24)#D

इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा का सातवां पदस्थापन समारोह संपन्न

क्लब के सदस्यों को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। रांची
इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची डिस्ट्रिक 325 का सातवां पदस्थापना समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन सरिता प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि पूनम प्रकाश के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं रिंकू बनर्जी की वंदना गायन से हुआ। क्लब की निवर्तमान अध्यक्ष नम्रता कुमार ने सत्र 2023- 24 की अध्यक्ष माला श्रीवास्तव को विधिवत पिन पहनाकर पदभार सौंपा गया। नव पदस्थापित अध्यक्ष माला श्रीवास्तव ने वर्तमान सत्र की परियोजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए क्लब के पदाधिकारी के रूप में उपाध्यक्ष सुप्रिता लाल, आईपीपी नम्रता कुमार, सचिव सोमा भादुड़ी, कोषाध्यक्ष नीता शेखर, आईएसओ अर्चना त्रिवेदी, संवाददाता सुषमा सिन्हा को पिन

लगाकर कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर मनीषा, रजनी दुबे , रीता वर्मा एवं अन्य को शपथ दिलाते हुए क्लब की सदस्यता प्रदान की गई। क्लब द्वारा दो छात्राओं अंजली तिवारी को लैपटॉप और ममता सिंह को धनराशि देकर एजुकेशन के लिए सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालन सुप्रिता लाल एवं रागिनी सिंह ने बखूबी निभाया। इस कार्यक्रम में माननीय अतिथि के रूप में आई डब्ल्यू सी जमशेदपुर ईस्ट, आई डब्ल्यू सी गुमला एवं आई डब्ल्यू सी रांची साउथ की इनरव्हील बहनों ने आकर इस कार्यक्रम तयकी शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में पी पी दीपा चौहान , पीपी देबजानी सन्याल, पी पी सी जी आर नीता नारायण रेखा सिंह, सुषमा पांडे, नूपुर शशांक, देबजानी सन्याल, अंबुजा शरण, नीलम अखौरी, कामिनी भारती, प्रिया रॉय, निशी श्रीवास्तव, पदमा बंका, रिंकू बनर्जी, अंशु सहाय, ज्योति सिंह, आभा सिंह, शिप्रा बनर्जी अनुपमा चौधरी आदि के सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ।

टीएसपीसी के नाम पर रंगदारी मांगने वाला तीन आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रांची
पुलिस ने रातू इलाके में हुई फायरिंग कांड का खुलासा करते हुए मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में मोहम्मद ताज, इम्तियाज अंसारी और वसीम खान शामिल हैं। आरोपितों ने पुलिस को बताया कि रंगदारी नहीं देने के बाद इस घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में रांची पुलिस ने दो कार और तीन मोबाइल बरामद किया। रातू थाना क्षेत्र में कमरूल हक नामक व्यक्ति से टीएसपीसी एरिया कमांडर आलोक और मुरारी ने 50 लाख की रंगदारी मांगी थी। रंगदारी नहीं मिलने के बाद शूटरों ने इस घटना को अंजाम दिया।

बेड़ो में ऑटो व बाइक की टक्कर में सात घायल, दो रिम्स रेफर

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के दिघीया मिशन चौक के समीप बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर गुरुवार की पूर्वाह्न लगभग साढ़े दस बजे बाइक व सवारी ऑटो की टक्कर में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बाइक सवार मां व बेटा ईंटा नरकोपी निवासी 20 वर्षीय सुनील लकड़ा व 60 वर्षीय मां पुशिया उराईन पति स्व शनि उरांव घायल हो गए। वहीं सवारी ऑटो सवार 59 वर्षीय पंचु उरांव,55 वर्षीय भीखराम उरांव,48 वर्षीय ऑटो चालक शनिचर उरांव,32 वर्षीय मुन्नी उराईन पति बबलू उरांव व 22 वर्षीय प्यारी कुमारी पति चामू उरांव पांचों अमलिया भरनो गुमला निवासी हैं। जिन्हें ग्रामीणों व स्वजनों ने बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डा मेघा भगत व डा राजीव कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल पंचु उरांव व भीखराम उरांव को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल ऑटो चालक ने बताया कि वे सभी सवारी ऑटो से अमलिया से शौका डोला बेड़ो जा रहे थे।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

ई० प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

T. Reference No. :- DWSD/KH-24/2022-23 (2nd Call) Date-20.07.2023

Sl. No.	Name of Work	Estimated Cost (Rs.)	Bid Security (Rs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
A)	Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT/GPT/HYGPT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not in cluded in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility Khunti and Arki Block under J.J.M.				
1	Jojodih SVS Group of Scheme Under Block- Arki	812563.00	17000.00	1250.00	3 Months
2	Tekania SVS Group of Scheme Under Block-Arki	1647939.00	33000.00	5000.00	6 Months
3	Balamda SVS Goup of Scheme Under Block-Arki	1562550.00	32000.00	5000.00	6 Months
4	Kulburu SVS Group of Scheme Under Block-Arki	636017.00	13000.00	1250.00	3 Months
5	Selda SVS Group of Scheme Under Block- Arki	3578172.00	72000.00	5000.00	6 Months
6	Bokrashisa SVS Group of Scheme Under Block-Khunti	2398423.00	48000.00	5000.00	6 Months
7	Bandih SVS Group of Scheme Under Block-Khunti	2618080.00	53000.00	5000.00	6 Months
8	Durmi/Dull SVS Group of Scheme Under Block-Khunti	3483028.00	70000.00	5000.00	6 Months
9	Bhut SVS Group of Scheme Under Block- Khunti	2282472.00	46000.00	5000.00	6 Months
10	Senegutu SVS Group of Scheme Under Block-Khunti	7457404.00	150000.00	10000.00	6 Months
11	Chukru SVS Group of Scheme Under Block-Khunti	819255.00	17000.00	1250.00	3 Months
12	Takra SVS Group of Scheme Under Block-Khunti	1552668.00	32000.00	5000.00	6 Months
13	Sukrisereng SVS Group of Scheme Under Block-Khunti	1698717.00	34000.00	5000.00	6 Months
14	Nehaldih SVS Group of Scheme Under Block-Khunti	1600996.00	33000.00	5000.00	6 Months
15	Budadih SVS Group of Scheme Under Block-Khunti	1567253.00	32000.00	5000.00	6 Months
16	Kanki SVS Group of Scheme Under Block-Khunti	2788289.00	56000.00	5000.00	6 Months
B)	Date of Tender Uploading on Website	27.07.2023/05.00 PM.			
C)	Bid Submission Start Date	27.07.2023/05.00 PM.			
D)	Bid Submission End Date	03.08.2023/05.00 PM.			
E)	Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy)	04.08.2023/05.00 PM.			
F)	Place of receipt of Bid (Hard Copy)	1. Office of the Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone. 2. Office Of the Superintending Engineer, D.W.&S. Ranchi Circle, Ranchi 3. Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti			
G)	Date of Opening of Tender	05.08.2023/11.00 AM.			
H)	Name & Address of office Inviting Tender	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti.			
I)	Name & Address of opening Officer	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti.			
J)	Contact No. of Procurement Office	06528-299928			
K)	Helpline No. of e-procurement cell	7717776462			

नोटः–विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।

PR.NO.302839 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

बदलाव सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

'देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है'

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अन्तर्गत खिजरी एवं हटिया जय विधानसभा क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों ने खिजरी विधायक राजेश कच्छप, झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव, राँची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का आयोजन खिजरी विधायक आवास सेक्टर- 2 में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने की। इस अवसर पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा देश में आदिवासियों और दलितों पर आए- दिन अत्याचार हो रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री मौन हैं। देश की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। आज शामिल होने वाले सभी लोगों का हम कांग्रेस परिवार में सहृदय स्वागत करते हैं। प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कहा की देश की जनता आज

महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है। मणिपुर महीनों से जल रहा है, देश में आदिवासियों और दलितों पर अत्याचार चरम पर है लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं है। देश की जनता जान चुकी है की भाजपा धर्म और जाति के नाम पर लोगों को लड़ाकर सत्ता पर काबिज रहना चाहती है। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होने वाले सभी का आभार और स्वागत। राँची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने सभी लोगों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा की देश को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी ही एक मात्र विकल्प है। देश की आजादी से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में कांग्रेस पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आप सभी के सहयोग से हम मोदी सरकार के खिलाफ एक सशक्त संगठन का निर्माण करेंगे और 2024 में इस निरंकुश सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। आज कांग्रेस की सदस्यता लेने वालों में मुख्य रूप से मनोज नायक, राजेश चौधरी, ललिता देवी, सुशीला देवी एवं सैंकड़ों की संख्या में अन्य लोग थे। सभी ने एक स्वर में कहा की हम कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी जी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश सिंह सन्नी, अशोक मिश्रा, काजल भट्टाचार्य, परमेश्वर सिंह, पिकलु चटर्जी, सुनील उरांव, माधो कच्छप अभिषेक सिंह, रविशंकर सिंह, कमल ठाकुर, मोहित शाहदेव, गोपाल उपाध्याय एवं अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

अमन साव के दो शूटर को भेजा गया जेल

रांची। एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और दरोगा सोनू साहू व अरगोड़ा में कोयला कारोबारी रंजीत गुप्ता पर फायरिंग के आरोपी अमन साव के शूटरों को एटीएस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिद्धार्थ कुमार उर्फ बॉबी साव को लोहरदगा के भंडरा के भौरों गांव से व राजन कुमार को पतरातू के टेरपा आजाद टोली से गिरफ्तार किया गया था। एटीएस ने आरोपियों के पास से 7.65 एमएम की पिस्टल, एक गोली व एक मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी में रामगढ़ व लोहरदगा पुलिस की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। एटीएस एसपी सुरेंद्र कुमार झा ने बताया कि दोनों अभियुक्त अमन साव के नाम का इस्तेमाल कर कोल कंपनी के अधिकारी तथा अन्य कारोबारियों को जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी के तौर पर मोटी रकम वसूल रहे थे।

उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन को लेकर की बैठक

बिरहोर बालिकाओं के नामांकन पर विशेष रूप से दिया गया जोर

नवीन मेल संवाददाता। रांची
उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैठक में विधायक कांके विधानसभा सम्मरी लाल एवं सांसद/विधायक के प्रतिनिधिगण, जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रांची, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/अवर विद्यालय निरीक्षक, रांची, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रांची जिला के सभी वार्डन एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

◆प्रखण्ड से चयनित नामंकन सूची अनुमोदन : उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शैक्षणिक सत्र-2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रखण्ड स्तरीय समिति से अनुसंसित बालिकाओं के अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक में 6 वी कक्षा में कुल-891 बालिकाओं तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में कुल-247 एवं अन्य-99 कुल योग-1237 बालिकाओं का चयन समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

◆बिरहोर बालिकाओं के नामांकन पर विशेष जोर दिया गया : शैक्षणिक सत्र- 2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए बिरहोर बालिकाओं के नामांकन के लिए इन प्रखंडो-खलारी, बुंडू, अनगढ़ा एवं कांके पर विशेष जोर दिया गया।

◆नामंकन में प्रतीक्षा सूची : उपायुक्त ने शैक्षणिक सत्र- 2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामंकन में प्रतीक्षा सूची में रखी गई बालिकाओं का चयन किसी बालिका के नामंकन नही लेने की स्थिती में कराने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया।

◆वैसे विद्यालय जहाँ मरम्मति का कार्य पूर्ण नही हुआ हैं, उसे पूरा कराने को कहा : उपायुक्त ने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय खलारी का शिफ्टिंग से पहले चारदीवारी का निर्माण कराने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया एवं संबंधित वैसे विद्यालय जहाँ मरम्मति का कार्य पूर्ण नही हुआ हैं, उसे पूरा कराने को कहा।

◆ सभी चयनित बालिकाओं के नामांकन पर बहुत सारी बधाई एवं बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं
उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शैक्षणिक सत्र -2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में चयनित होने पर उन्हें बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी एवं उन्हें बेहतर शिक्षा लेते हुए भविष्य में अपना एवं राँची जिला झारखंड का नाम रौशन करने की शुभकामनाएं दी।

रांची के अलग-अलग इलाके से मिले दो शव जांच में जुटी पुलिस

रांची। रांची के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गुरुवार दो शव सुबह मिले हैं। पहला शव लालपुर थाना क्षेत्र के जेल चौक से मिला है। वहीं दूसरा शव गोंदा थाना क्षेत्र में बरामद हुआ है। लालपुर थाना क्षेत्र के शव की पहचान छोटू वर्मा के रूप में हुई है। दूसरा शव कांके डैम से बरामद हुआ है। सुबह मछुआरे ने कांके डैम में तैरता हुआ शव देखा, जिसके बाद इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने के बाद गोंदा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत से शव को बाहर निकाला और पहचान की गई। मृतक की पहचान बिरसा मुंडा के रूप में की गई है। फिलहाल गोंदा थाने की पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इधर पुलिस का कहना है कि इसकी अभी जांच की जा रही है। पूरे मामले की जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। अभी इस संबंध में बताना मुश्किल है।

पेड़ की डाली गिरने से युवक-युवती घायल

गंभीर अवस्था में जगरनाथ हॉस्पिटल में कराया गया भर्ती

नवीन मेल संवाददाता। रांची राजधानी रांची में पेड़ की डाल गिरने से बाइक सवार युवक-युवती गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह घटना सूचना भवन के सामने से दूरदर्शन की ओर से जाने वाली सड़क में घटी है। यह एरिया आर्मी के कंट्रोल में आता है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि बाइक पर सवाल युवक और युवती सूचना भवन से दूरदर्शन की ओर से जा रहे थे। जैसे वो एलपीएन शाहदेव चौक पार कर आगे बढ़े की उनपर बड़े पेड़ का डाल गिर पड़ा। दोनों बाइक सवार हेलमेट पहने हुए थे। इसके बाद भी भारी डाल गिरने से घायल हो गए। लोगों ने गंभीर स्थिति में दोनों को जगरनाथ हॉस्पिटल में एडमिट कराया है। जहां दोनों की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक दोनों युवक-युवती के बारे पता चला है कि युवक यूपी में कहीं काम करता था। वह आज ही सुबह रांची आया था। वहीं लड़की गुमला की रहने वाली बतायी जा रही है। वह रांची में कोकर में रहती है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवक-युवती की जानकारी ली और युवती की मां और चाचा को इसकी सूचना दी है। रास्ते में पेड़ की डाल गिर जाने से दोनों ओर की सड़क जाम हो गयी थी। इसके बाद आर्मी के लोग एक्टिव हुए और डाल को काट कर रास्ते को साफ किया है। अभी मिली जानकारी के अनुसार रास्ता आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। जगरनाथ हॉस्पिटल से मिली जानकारी के अनुसार पेड़ की डाल गिरने से घायल हुए दोनों लोगों का इलाज किया जा रहा है। उनका इलाज डॉ सुधीर कुमार कर रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि दोनों खतरे से बाहर हैं। फिलहाल उनका इलाज हो रहा है। अस्पताल में घायल युवक-युवती के परिजन का गए हैं।

बीजेपी ने हेमंत सरकार पर बोला हमला, कहा

किस स्थानीय और नियोजन नीति पर हो रही है नियुक्तियां

नवीन मेल संवाददाता। रांची झारखंड में पहली बार शिक्षकों के 26 हजार पदों के लिए निकाले गए विज्ञापन पर सियासत शुरू हो गई है। प्रमुख विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि यह विज्ञापन किस नियोजन और स्थानीय नीति के आधार पर निकाली गई है, उसे सरकार को स्पष्ट करना चाहिए। बीजेपी विधायक भानु प्रताप शाही ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस विज्ञापन में कई बातें भ्रामक हैं, जिस वजह से राज्य के युवा एक बार फिर दिग्भ्रमित होने वाले हैं। वर्तमान सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में राज्य के पारा शिक्षकों को नियमित करने की बात कही थी। मगर, बदले में सरकार ने उनका नाम बदलकर सहायक अध्यापक करने का काम किया है। बीजेपी विधायक भानु प्रताप शाही ने मुख्यमंत्री को ठगों का सरदार बताते हुए पूछा है कि ये जो 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति करने जा रहे हैं वो किस स्थानीय और नियोजन नीति के आधार पर है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा 1932 आधारित स्थानीय नीति को मुद्दा बताए जाने की आलोचना करते हुए भानु प्रताप शाही ने कहा कि यह झारखंड मुक्ति मोर्चा और मुख्यमंत्री के लिए सिर्फ मुद्दा है ना कि संकल्प। मुख्यमंत्री के इस बयान से राज्य की जनता यह जान चुकी है। ऐसे में मुख्यमंत्री या सरकार के किसी प्रवक्ता को बताना चाहिए कि किस स्थानीय नीति के आधार पर यह नियुक्ति शुरू हुई है।

नेशनल वुशु जजेस ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन कोर्स

रांची। सरला बिरला यूनिवर्सिटी में आयोजित किये जा रहे सेमिनार के तीसरे दिन प्रतिभागियों ने वीडियो एनालिसिस सिस्टम से तकनीकों का अध्ययन किया। आज सानदा कोर्स इंस्ट्रक्टर आरिफ सी पी और ताऊलू कोर्स इंस्ट्रक्टर पी बेहरा और अभिलाष सक्सेना ने तकनीकी परिवर्तन की जानकारी दी ।इसके साथ साथ उन्होंने सरला बिरला यूनिवर्सिटी का भ्रमण किया और रजिस्ट्रार डॉ विजय कुमार सिंह से मुलाकात की। कल सेमिनार का चौथा दिन है और दिनाँक 22 को इनकी परीक्षा की जाएगी जिसके आधार पर इन्हें ग्रेड दिया जाएगा।

बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री पर बोला हमला

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री हमला बोला है। सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि अपनी हरकतों के कारण वे जेल जा सकते हैं। सत्ता से हटने के पहले वे पूरे राज्य को लूटने पर आमादा हैं।उन्हें पता है कि वे अब कभी मुख्यमंत्री नहीं बनने वाले हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार के लिए डूब मरने की स्थिति हो गयी है। अब हाई कोर्ट ने भी साफ कह दिया है कि रांची में बिल्डर और माफिया जमीन कब्जा कर बेच रहे हैं। ये हाल सिर्फ राजधानी रांची का ही नहीं, देवघर, गिरिडीह जैसे कई अन्य शहरों का भी है। जमीन माफिया अफसरों, सत्ताधारियों से मिलकर जमीन के गोरखधंधे में गंध मचाए हुए हैं। पीडितों पर कहर ढाना, अपराधियों की आवभगत करना, सरकारी करप्शन के खिलाफ आवाज उठाने वाले विरोधी दलों के लोगों, पत्रकारों तक पर फर्जी मुकदमा कर परेशान करना हेमंत सरकार का राजकीय धर्म बन गया है।

ऊर्जा विभाग जल्द अडाणी ग्रुप को भेजेगा पत्र 400 मेगावाट बिजली की होगी मांग

रांची। गोड्डा में स्थित अडाणी ग्रुप को ऊर्जा विभाग जल्द एक पत्र भेजेगा। इस पत्र में झारखंड सरकार के पूर्व में हुए एमओयू के अनुसार 400 मेगावाट बिजली की मांग की जाएगी। इस संबंध में ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने बताया कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने अडानी ग्रुप के एमडी राजेश अडानी ने मुलाकात की थी। इसमें मुख्यमंत्री ने एमडी से शर्तों के तहत 400 मेगावाट बिजली सस्ती दर पर उपलब्ध कराने का मुद्दा उठाया था। इसके बाद ही विभाग अडाणी को पत्र भेजेगा। इतना नहीं जल्द ही अडाणी ग्रुप के अधिकारी और झारखंड बिजली वितरण निगम के अधिकारी बैठक कर इस मुद्दे का समाधान निकालेंगे। अदानी पावर प्लांट से बिजली उत्पादन शुरू हो गया है। उत्पादित बिजली बांग्लादेश को दी जा रही है। झारखंड का प्लांट से उत्पादित बिजली फिलहाल नहीं मिल रही है। पिछले कुछ समय से उर्जा विभाग, जेबीवीएनएल और अदानी पावर प्लांट के अधिकारियों के बीच इस मामले को लेकर लगातार बैठक हो रही है। अब उर्जा विभाग की ओर से अदानी समूह को पत्र भेजने की तैयारी की जा रही है, जहां राज्य के लिये 400 मेगावाट बिजली की मांग की जायेगी। पत्राचार के बाद इस मामले में बैठक कर समाधान निकाला जायेगा। पावर परचेस एग्रीमेंट के तहत किसी भी राज्य में पावर प्लांट लगाने पर 25 फीसदी बिजली उस राज्य को देने का प्रावधान है। अदानी पावर प्लांट के साथ पूर्व सरकार ने एग्रीमेंट तो किया लेकिन अदानी पावर प्लांट के गोड्डा स्थित प्लांट से बिजली दी जायेगी या कहीं और से इस पर स्पष्ट एग्रीमेंट नहीं किया। इसके बाद से ही प्लांट से उत्पादित बिजली से अटकलें शुरू हो गयी।

उत्पाद विभाग के 51 पदाधिकारियों का किया तबादला

रांची। झारखंड सरकार का उत्पाद विभाग एक्शन में है। रेवेन्यू में लगातार कमी और एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बेचने की विभाग को मिल रही शिकायत के बाद 51 अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि जिन 51 पदाधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है, उनमें आधे से अधिक ऐसे थे जिनका उनके जिले में तूती बोलती थी। विभागीय सूत्रों के मुताबिक कई अधिकारी लंबे समय से एक ही जगह पदस्थापित थे। आमलोगों के बीच से लगातार शिकायत मिलने के बाद विभाग ने रिव्यू किया। इस रिव्यू में कई बातें सामने आयी। जिसके बाद विभाग ने 34 अवर निरीक्षक उत्पाद व 17 सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद का ट्रांसफर कर दिया है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार रांची जिले के पांच अवर निरीक्षक का स्थानांतरण हुआ है।

पीएम मोदी से मिले सांसद संजय सेठ

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची के सांसद संजय सेठ ने लोकसभा सत्र के पहले दिन नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद श्री सेठ ने उन्हें रांची में संपन्न हुए लोकसभा स्तरीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव की कॉफी टेबल बुक अवलोकन हेतु भेंट की। इसके साथ ही सांसद ने प्रधानमंत्री को सेल्फी प्रतियोगिता से जुड़ी 30 बेहतरीन सेल्फी भी भेंट की। पीएम से मुलाकात के बाद श्री सेठ ने बताया कि प्रधानमंत्री जी ने कला और संस्कृति के संरक्षण संवर्धन के लिए आयोजित हुए सांस्कृतिक महोत्सव की प्रशंसा की है। प्रधानमंत्री जी ने अपने आशीर्वाद में कहा है कि ऐसे आयोजन से हम समाज के हर वर्ग से जुड़ते हैं। श्री सेठ ने बताया कि प्रधानमंत्री जी अक्सर यह कहते भी हैं कि हमें सिर्फ राजनीति नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग से जुड़ने के लिए काम करना चाहिए। यह महोत्सव उसी जुड़ाव के लिए था। प्रधानमंत्री जी के द्वारा इस महोत्सव की प्रशंसा करना मेरे लिए ही नहीं पूरे रांची लोकसभा क्षेत्र और झारखंड के लिए गौरव की बात है। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री जी ने रांची लोकसभा क्षेत्र को अपना प्यार और आशीर्वाद दिया है। रांची के विकास और झारखंड की स्थिति को लेकर माननीय प्रधानमंत्री जी हमेशा ही चिंता करते हैं और हाल चाल लेते हैं। इस बार भी प्रधानमंत्री जी ने झारखंड को अपनी शुभकामनाएं दी।

रांची में घर से भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब जब्त

रांची। उत्पाद विभाग ने रांची में एक घर में छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब जब्त किया है। यह मामला रातु थाना इलाके कि तिगरा बसाईर टोली का है। सहायक आयुक्त उत्पाद डॉ राकेश कुमार के निर्देश पर विभाग ने छापेमारी की। विभाग ने करीब 1.50 लाख के 28 पेटी नकली विदेशी शराब जब्त किया है। हालांकि, कार्रवाई के दौरान आरोपित भागने में सफल रहा। पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।

10 दिवसीय मजलिसे जिक्रे शहादत की शुरूआत : मौलाना तहजीब उल हसन

नवीन मेल संवाददाता। रांची मस्जिद ए जाफरिया में मजलिसे जिक्र में शहीदाने करबला का आगाज हो चुका है मोहर्रम का चांद देखते ही शिया मुसलमानों के घर में हर तरफ से हाय हुसैन की सदा गूंजने लगी है। मस्जिद ए जफरिया स्थित अंसार नगर में 10 दिवसीय मजलिसे जिक्रे शहादत एक मोहर्रम से 10 मोहर्रम तक रात्रि 8 बजे से किया गया है। इस मजलिस को मुख्य रूप से हाजी मौलाना सैयद तहजीब उल हसन रिजवी इमाम मस्जिद ए जफरिया रांची संबोधित कर रहे हैं। मौलाना तहजीब उल हसन ने इस्लाम धर्म से आस्था रखने वालों को बताया कि इस्लाम को लाने वाले का नाम मोहम्मद है और इस्लाम को बचाने वाले का नाम हुसैन इब्ने अली है। आज अगर इमामे हुसैन ने अपने पूरे घर की कुर्बानी इस्लाम के नाम पर दी है। अगर कर्बला में नदी होती तो आज इस्लाम का नाम लेवा कोई ना होता। मोहर्रम इसलिए मनाओ ताकि इस्लाम को पहचाना जाए। इस्लाम सिर्फ नमाज से नहीं बल्कि अच्छे करतब से पहचाना जाता है। नमाज को जिसने बचाया उसका नाम हुसैन है उसके कुर्बानी को भूल जाना इस्लाम के साथ धोखा है। इस्लाम में धोखा देना मना है। यह कार्यक्रम 29 जुलाई तक चलता रहेगा। 27 जुलाई को मजलिस के बाद आलम का मातमी जुलूस मस्जिद ए जाफरिया परिसर से निकाला जाएगा। जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग निकाला जायेगा। इसमें किसी तरह की कोई बात नहीं होनी चाहिए। इस जुलूस में हर कौम के हमारे भाई शिरकत करेंगे और उनका स्वागत भी किया जायेगा।

ओबीसी को आरक्षण नहीं देना अत्याचार : राजेन्द्र

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा राज्य के विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति का विज्ञापन जारी की गई है, जिसमें राज्य के 7 जिलों में सिमडेगा,गुमला लातेहार, पश्चिमी सिंहभूम दुमका तथा जामताड़ा जिले में ओबीसी का आरक्षण शुन्य कर दिया गया है, इस पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कड़ी आपत्ति जताई है। प्रसाद ने कहा कि यह ओबीसी के ऊपर अत्याचार है। प्रसाद ने कहा कि सरकार पहले ओबीसी का आरक्षण आबादी के अनुसार सुनिश्चित करेऔर खतियान आधारित नियोजन नीति तय करे, उसके बाद ही कोई नियुक्ति झारखण्ड सरकार करे। उन्होंने कहा कि सरकार जब तक अपना खतियान आधारित नियोजन नीति और स्थानीय नीति को परिभाषित नहीं करती है। तब तक संयुक्त बिहार में बने नियोजन नीति 3 मार्च 1982 को आधार बनाए, जो खतियान आधारित है। प्रसाद ने कहा कि बिना खतियान आधारित नियोजन नीति बनाए यदि सरकार कोई नियुक्ति (बहाली) करती है तो झारखंडियों में सरकार के प्रति असंतोष बढ़ना तय है। प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री को स्वयंम इस बात को समझना चाहिए। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा ओबीसी का आरक्षण शुन्य किए जाने पर कोर्ट में चुनौती देने पर विचार कर रहा है।

हादसे में ऑटो चालक की मौत, पत्नी-ससुर घायल

रांची। रातू-बुढ़मू सड़क पर हुरहुरी चौरा के पास एक कार और ऑटो के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो चालक सरफराज आलम (50वर्ष) की मौत हो गई। वहीं ऑटो पर उसकी पत्नी और ससुर घायल हो गए। घटना गुरुवार को दिन के 11 बजे की है। घायलों में कांके चंदवे भिट्ठा निवासी जमिला खातून और जाहिद अंसारी हैं। बताया जाता है कि सरफराज अंसारी अपने ऑटो से पत्नी जमिला खातून और ससुर जाहिद अंसारी को लेकर रांची जा रहा था। इसी बीच हुरहुरी चौरा के पास सामने से आ रही कार से सीधी टक्कर हो गई। हादसे के बाद कार चालक फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं गंभीर रूप से घायल सरफराज को हर्षित अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों का इलाज कमलेश मेमोरियल अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना की जानकारी होने पर रातू पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया और दुर्घटनाग्रस्त बाइक जब्त कर थाना लाई।

नई शुरूआत — नये शैक्षणिक सत्र का हुआ उद्घाटन, कहा

हमारा करियर हमारे हाथ में है : निदेशक

नवीन मेल संवाददाता। रांची
जेवियर समाज सेवा संस्थान एक्सआईएसएसए रांची ने गुरुवार को बैच 2023.25 के नये शैक्षणिक सत्र का उद्घाटन संस्थान के फादर माइकल वैन डेन बोगार्ट ऑडिटोरियम में किया। उद्घाटन समारोह में एक्सआईएसएस के चार कार्यक्रमों क्रमशः ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एचआरएम) रूरल मैनेजमैंट (आरएम) फाइनेंशियल मैनेजमेंट (एफएम) और मार्केटिंग मैनेजमेंट (एमएम) के सभी फैकल्टी एवं छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनय रंजन निदेशक, कार्मिक एवं (आईआर) कोल इंडिया लिमिटेड, कोलकाता ने छात्रों को संबोधित किया और कहा यदि आप विद्वान लोगों के रास्ते पर चलेंगे तो आपको ज्ञान मिलेगा। उन्होंने ज्ञान की अंतर्दृष्टि भी साझा की, जहां उन्होंने छात्रों से दृढ़ता अपनाने, हमेशा सीखते रहने एक उद्देश्य के साथ कड़ी मेहनत करने, कभी हताश न होने और एक मेंटर के मार्गदर्शन पर चलने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि हमारा करियर हमारे हाथ में है और हमें अपने रास्ते में आने वाले सभी अवसरों का सही उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में पहले एक्सआईएसएस के सहायक निदेशक डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे ने उद्घाटन प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की और जेसुइट सोसाइटी के संस्थापक लोयोला के सेंट इग्नेशियस की परिवर्तनकारी यात्रा को संक्षेप में साझा किया, जिसके बाद जेसुइट शिक्षा मूल्योंए समाज के गरीब तबकों का साथ देना और अपनी धरती की देखभाल करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में आगे एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने अपने संबोधन में नए बैच का स्वागत किया और कहा, यह छात्रों के जीवन में एक नए अध्याय की एक नई शुरूआत है जहां वे उत्कृष्टता और एक उज्जवल कल की खोज की यात्रा पर निकलते हैं। उन्होंने अल्बर्ट आइंस्टीन को भी उद्धृत किया और कहा, ज्ञान ऊर्जा की तरह एक स्रोत से दूसरे स्रोत की ओर प्रवाहित होता है। इसे न तो बनाया जा सकता है और न ही नष्ट किया जा सकता है। उन्होंने नैतिक निर्णय लेने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि एक्सआईएसएस सतत विकास और समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करता है और नए बैच को अपनी सीमाओं को पार करते हुए अपने करियर को बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। एक्सआईएसएस के डीन एकेडमिक्स डॉ अमर ई तिग्गा ने कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि विनय रंजन का परिचय देते हुए उन्हें एक प्रभावशाली नेता बताया जो अत्यधिक सक्षम कार्यबल का नेतृत्व करते हैं। उन्होंने उनके व्यापक ज्ञान और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र में 28 साल के व्यापक करियर के बारे में बताया। कार्यक्रम में आगे सलिल लाल सीएचआरओ मारुति सुजुकी और एक्सआईएसएस के एक सम्मानित पूर्व छात्र ने मारुती सुजुकी एक्सआईएसएस अवनीश कुमार देव मेमोरियल स्कॉलरशिप बैच 2022.24 के विजेताओं के नाम बताने के दौरान संस्थान में अपनी यात्रा को याद किया और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, मैं अपनी करियर को आकार देने में अपने संस्थान और अपने संगठन के प्रोत्साहन के लिए आभारी हूं। उन्होंने छात्रों को सक्रिय सक्षम और सच्चा बनने के लिए प्रेरित किया। एचआरएम कार्यक्रम के प्रमुख डॉ श्यामल गोम्स ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

लांदुपडीह को आदर्श ग्राम बनाने के लिए विधायक ने की ग्रामीणों के साथ बैठक

सोनाहातू। प्रखंड के लांदुपडीह गांव को आदर्श ग्राम बनाने के लिए गुरुवार को प्रखंड के पदाधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ विधायक सुदेश महतो ने बैठक की। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास जैसे विषयों पर सभी लोगों से सकारात्मक चर्चा की। विधायक ने कहा गांव को आदर्श और मॉडल गांव बनाने के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पेयजल आदि की सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। संसाधनों की सुरक्षा और देखभाल करना ग्रामीणों का दायित्व होगा। गांव में विकास की रूपरेखा तैयार करने के लिए सरकारी अधिकारी और जनप्रतिनिधियों की संचालन समिति बनेगी। गांव में हर जरूरतमंद वृद्ध को पेंशन और राशनकार्ड देने के लिए शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, मुखिया अनिता देवी, बीडीओ सुचित्रा मिंज, सीओ प्यारेलाल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जयराम शर्मा, पशुपालन पदाधिकारी डॉ धनंजय कुमार, प्रखंड कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका, जलसहिया, शिक्षक जनप्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

कुरैश कॉन्फ्रेंस झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष बने बेलाल कुरैशी, यूथ विंग के अध्यक्ष बने बाबर कुरैशी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। कुरैश कॉन्फ्रेंस झारखंड प्रदेश की विशेष बैठक आज 20 जुलाई 2023 दिन गुरुवार को दावत पैलेस मनी टोला डोरंडा में हुई। जिसकी अध्यक्षता कांफ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने की और संचालन नेहाल कुरैशी ने किया। बैठक में कुरैश कॉन्फ्रेंस झारखंड प्रदेश का मकसद और उसके कार्य क्षेत्र को बताया गया। बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि हम सबका यहां बैठने का मकसद बिरादरी में इत्तेहाद पैदा करना है। हम अपने बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा प्रदान कैसे करें इसका चिंता करना है। हम अपने बिरादरी में नशा के विरुद्ध जागरूकता समाज में फैली बुराई से कैसे रोकना है इस पर कार्य करना है। साथ ही इस बैठक में सर्वसम्मति से कुरैश कॉन्फ्रेंस झारखंड प्रदेश कमेटी बनाई गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष हाजी बिलाल कुरेशी को बनाया गया। निजाम पहलवान और जैनुल हक कुरैशी को कार्यकारी अध्यक्ष और अब्दुल्लाह कुरेशी को महासचिव नियुक्ति किया गया। कोषा अध्यक्ष हाजी इकराम कुरैशी को बनाया गया। साथ ही उपाध्यक्ष जमील अहमद बबलू, हाजी तौफीक कुरैशी पप्पू, आजाद कुरेशी, और रुस्तम कुरैशी को बनाया गया। सेक्रेटरी नेहाल कुरैशी, और एजाज कुरैशी को नियुक्त किया गया। इस विशेष बैठक में आए सभी लोगों का स्वागत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी और प्रदेश अध्यक्ष हाजी बिलाल कुरैशी ने फूल माला और शॉल उढ़ाकर किया। हाजी बिलाल कुरैशी ने कहा कि जिस तरह से हमारे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अफसर कुरैशी ने शिक्षा पर काम कर रहे हैं उसी तरह हम सबको हर जिला में काम करना है। वहीं यूथ विंग के अध्यक्ष बाबर कुरैशी ने कहा कि हम सबको बिरादरी के उत्थान के लिए काम करना है। कौन क्या कह रहा है उसके पीछे नहीं जाना है। हमें मोहब्बत बांटते हुए आगे बढ़ जाना है। जो लोग भी बिरादरी को बेचने का काम करते थे आज से उनका दुकान बंद हो गया। इस मौके पर इस्माइल कुरैशी हजारीबाग, रांची से मुख्तार कुरैशी, इरफान महाजन, सईद कुरैशी, आजाद कुरैशी, शादाब कुरैशी, बारीक कुरैशी, इरफान कुरैशी, नासिर कुरैशी, के अलावा डाल्टनगंज, गिरिडीह, लोहरदगा, जमशेदपुर, गढ़वा, गुमला, हजारीबाग, समेत कई जिला से लोग आए थे।

मनोहरपुर : कस्तूरबा स्कूल में बने ओपन जिम व बास्केटबॉल कोर्ट का मंत्री ने किया उद्घाटन

चाईबासा। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मनोहरपुर मेदासाईं में गुरुवार को विशेष केंद्रीय सहायता मद से निर्मित ओपन जिम व बैडमिंटन कॉर्ट और आनंदपुर में एमएसएम लैब सेंटर व बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन हुआ. इसके लिए दोनों स्थानों पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री व स्थानीय विधायक जोबा मांझी व विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला परिषद के उपाध्यक्ष रंजित यादव उपस्थित थे. अतिथियों ने संयुक्त रूप से विशेष केंद्रीय सहायता मद से निर्मित ओपन जीम, बैडमिंटन कॉर्ट एवं लैब व बास्केटबॉल कोर्ट का विधिवत्त उद्घाटन फीता काटकर किया. मौके पर मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि छात्राओं को विद्यालय में पठन-पाठन के साथ-साथ खेलकूद में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने का मौका मिलेगा. खेल के क्षेत्र में भी असीम संभावनाएं है. बच्चियां अपनी प्रतिभा के बल पर अपने भविष्य का निर्माण एवं देश का परचम लहरा सकती है. वहीं जिप उपाध्यक्ष रंजित यादव ने कहा कि आज जब बेटियां खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रही है तो इससे प्रतिभाओं को निखारने में काफी मदद मिलेगी. इस मौके पर मनोहरपुर के बीडीओ हरि उरांव, सीओ रवीश राज सिंह, स्कूल के वार्डेन रिता प्रधान एवं सहायक शिक्षिका समेत स्कूल के छात्राएं उपस्थित थीं.

गिरिडीह : 21 से मतदाता सूची का पुनरीक्षण घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ

नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह। गावां प्रखंड कार्यालय के सभागार में 20 जुलाई को मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए प्रशिक्षण का आयोजन हुआ. शिविर में बीएलओ को मतादाता सूची पुनरीक्षण कार्य का प्रशिक्षण दिया गया. पुनरीक्षण कार्य 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा. इस दौरान सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेंगे. इस दौरान मृत मतदाताओं का नाम सूची से हटाने और नए मतदाताओं का नाम जोड़ने का कार्य होगा. एसडीओ धीरेंद्र कुमार सिंह बीडीओ को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार निर्धारित समय तक मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को पूरा कराने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि बीडीओ से कहा कि मृत्यु प्रमाणपत्र के आधार पर मृत व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची से हटाना सुनिश्चित कराएं. इस कार्य में सेविकाओं से सहयोग लें. इसके साथ ही शर्तें पूरी करने वाले नए मतदाताओं का नाम सूची में दर्ज कराएं. मौके पर बीपीआरओ सजंय कुमार, आदित्य कुमार, अजय कुमार राम, अनिल कुमार, बिनोद राय, रवींद्र बरनवाल, सुधा शर्मा, संजू देवी, गुलशन आरा समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे.

सीएम का पोस्टर फाड़ने के मामले में 5 गिरफ्तार, जेल

नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह। गिरिडीह जिले के डुमरी में 19 जुलाई को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यक्रम था. असामाजिक तत्वों ने सीएम के आगमन से पहले उनका पोस्टर फाड़ दिया था. पोस्टर फाड़ने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर 20 जुलाई को जेल भेज दिया. डुमरी एसडीपीओ मनोज कुमार ने इसकी पुष्टि की है, गिरफ्तार आरोपियों में डुमरी थाना क्षेत्र के करिहरी निवासी गजेंद्र कुमार महतो, पंकज भाई पटेल, दिलीप कुमार महतो और बोकारो जिले सेक्टर 9 निवासी राजेश कुमार, विजय कुमार शामिल हैं. पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार पांचों युवकों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है. इन सभी के खिलाफ सरकारी संपत्ति का नुकसान पहुंचाने व सरकारी कार्य में बाधा डालने से जुड़ी धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है. आरोपियों का किस राजनीतिक दल से संबंध रहा है इसकी जांच की जा रही है. ज्ञात हो कि डुमरी में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए पूरे क्षेत्र को सजाया गया था. सड़क के किनारे जगह-जगह सीएम की तस्वीर के साथ पोस्टर लगाए गए थे. कार्यक्रम से 12 घंटा पहले डुमरी बेरमो पथ पर लगे कई पोस्टर को फाड़ दिया गया था. इसकी सूचना मिलते ही गिरिडीह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर एसडीओ प्रेमलता मुर्मू, एसडीपीओ मनोज कुमार, इंस्पेक्टर परमेश्वर लियांगी, डुमरी थाना प्रभारी साजन कुमार ने मामले की जांच शुरू की. इलाके में लगे सीसीटीवी की फुटेज के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी हुई.

महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

जमशेदपुर। शहर में इन दिनों आत्महत्याओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है. ताजा मामला बागबेड़ा थाना अंतर्गत सीपी टोला का है, जहां 50 वर्षीय नीला देवी ने घर पर चुन्नी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मिली जानकारी के अनुसार प्रदीप और उसकी पत्नी नीला देवी घर पर अकेले रहते थे. गुरुवार को नीला देवी ने खुद को घर में अकेला पाकर चुन्नी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. जानकारी मिलने पर पति प्रदीप कुमार घर पहुंचे और बागबेड़ा पुलिस को सूचित किया. इधर, सूचना पाकर बागबेड़ा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. मृतिका के पति प्रदीप ने बताया कि किसी तरह का कोई वाद-विवाद घर पर नहीं हुआ था फिर भी उनकी पत्नी नीला देवी ने इस घटना को अंजाम दिया.

दो पड़ोसियों के बीच मारपीट, मामला दर्ज

चाईबासा। गुवा थाना क्षेत्र के बिरसानगर दो के रहने वाले बबलू दास व उसके पड़ोसी अशोक पात्रो के बीच गुरुवार को किसी बात को लेकर विवाद हो गया. बात बढ़ते-बढ़ते हाथापाई तक पहुंच गई. इस दौरान अशोक पात्रो ने बबलू दास पर डंडे से प्रहार कर दिया, जिससे बबलू दास घायल हो गया. घटना के बाद दोनों के परिवार के सदस्य भी आपस में भीड़ गए. बाद में मामला थाना पहुंचा जहां दोनों पक्षों ने एक दुसरे पर मारपीट का आरोप लगते हुए लिखित शिकायत की. थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव ने दोनों पक्षों से मिली शिकायत के बाद दोनों पक्षों पर धारा 107 लगाते हुए केस दर्ज किया है. फिलहाल घायल बबलू दास को इलाज के लिए गुवा सेल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बबलू दास ने बताया कि उसे कमर में चोट लगी है.

मोबाइल चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

रांची। लोअर बाजार थाने की पुलिस ने मोबाइल चोरी के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम हर्ष कुमार राम है और वह डोमटोली का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि 19 जुलाई को गुदड़ी चौक से एक मोबाइल की चोरी हो गई थी। इस मामले में लोअर बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के जरीए आरोपी को दबोच लिया। उसके पास से पुलिस ने चोरी का दो स्मार्ट फोन भी बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

रंगदारी मामले में दो गिरफ्तार

रांची। लोअर बाजार थाने की पुलिस ने फुटपाथ दुकानदारों से रंगदारी मांगने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों का नाम फैयाज अली और जावेद अली उर्फ बंटी है। दोनों हिंदपीढ़ी साउथ स्ट्रीट कुर्बान चौक के रहने वाले हैं। मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बताया कि लोअर बाजार थाने की पुलिस को लगातार फुटपाथ दुकानदारों से रंगदारी वसूली की सूचना मिल रही थी। कर्बला चौक से बहु बाजार के बीच सड़क किनारे फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों से रंगदार प्रतिदिन रंगदारी वसूल रहे थे। पुलिस ने जब मामले की तफ्तीश की तो शिकायत सही पाया गया। इसी क्रम में पुलिस की टीम ने बुधवार को छापेमारी कर दोनों को रंगदारी वसूलते हुए दबोच दिया। दोनों आरोपियों के पास से पुलिस ने रंगदारी का छह हजार रुपए के अलावा कोड वर्ड का एक पुर्जा भी बरामद किया है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

डेढ़ लाख रुपए का अवैध शराब जब्त

रांची। उत्पाद विभाग की टीम ने रातू थाना क्षेत्र के तिगरा बसाइर टोली स्थित एक घर में छापेमारी कर डेढ़ लाख कीमत के अवैध शराब जब्त किया है। हालांकि विभागीय टीम के आने से पहले ही शराब माफिया मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार सहायक उत्पाद आयुक्त को अवैध शराब की तस्करी करने की सूचना मिली। उत्पाद निरीक्षक प्रेम प्रकाश और अशोक कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने बुधवार की रात शराब माफिया सुनील उरांव के घर पर छापेमारी की। इस दौरान टीम ने अरूणाचल प्रदेश की 28 पेटी के अलावा अन्य शराब बरामद की है। टीम को पता चला कि शराब माफिया सस्ती शराब को महंगी बोतल में भरते हैं और उसे बिहार समेत ग्रामीण इलाकों में उंची कीमतों में बेच देते हैं। विभागीय टीम आरोपी सुनील की तलाश में जुट गई है।

करंट लगने से युवक की मौत

रांची। राजधानी राँची के लालपुर थाना क्षेत्र के जेल चौक के पास से छोटू वर्मा नाम के एक युवक का शव बरामद किया गया है। लालपुर पुलिस को सूचना दी गई थी कि फुटपाथ पर एक युवक मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस जब छानबीन के लिए पहुंची तब शव को देख कर यह पता चला कि युवक की मौत करेंट लगने से हुई है।उसके शरीर पर कई जगह जलने के निशान है।शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह और क्लियर हो जायेगी।फिलहाल मामले की जांच पड़ताल जारी है।मृतक की पहचान छोटू वर्मा नगरा टोली का रहने वाला है।दरअसल छोटू वर्मा सड़क पर लगे होर्डिंग्स के लोहे को निकाल कर ले जाता था। बुधवार की देर रात भी वह होर्डिंग्स में लगे लोहे को निकाल रहा था लेकिन उसकी किस्मत खराब थी होर्डिंग्स में करंट दौड़ रहा था। जिसकी चपेट में वह आ गया और जमीन पर गिर पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई।मामले की जांच के लिए जेल चौक पर लगे सीसीटीवी फुटेज को भी पुलिस ने चेक करवाया।सिटी डीएसपी दीपक कुमार ने बताया कि छोटू वर्मा की मौत करंट लगने से हुई है।

कांके डैम से मिला लापता बुजुर्ग का शव

रांची। गोंदा थाना क्षेत्र के कांके डैम से एक बुजूर्ग का शव बरामद किया गया है। जिसकी पहचान 65 वर्षीय बिरसा मुंडा के रूप में हुई है। बिरसा डैम साइड का ही रहने वाला था। बताया जा रहा है कि गुरुवार की सुबह मछुआरे डैम के पास थे। इसी दौरान उनकी नजर शव पड़ी। सूचना मिलने के बाद गोंदा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। मछुआरों की मदद से डैम से शव निकाला गया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस के अनुसार बिरसा बुधवार सुबह ही घर से निकले थे। इसके बाद से उनका कुछ पता नहीं चला। हालांकि परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन भी की। मगर उन्हें ढूंढ नहीं सके। गुरुवार की सुबह उनका शव बरामद किया गया है। पुलिस मामले की पारिवारिक विवाद के पहलु पर जांच में जुट गई है।

प्रखंड कर्मियों के लिए बन रहे क्वार्टर का कुदलीबाड़ी के ग्रामीणों ने किया विरोध

नवीन मेल संवाददाता

चाईबासा। चक्रधरपुर प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित जमीन पर प्रखंड कर्मियों के लिए क्वार्टर का निर्माण किया जा रहा है. अब इसका विरोध शुरू हो गया है. गुरुवार को कुदलीबाड़ी क ग्रामीणों ने कार्यस्थल पर पहुंचकर विरोध जताया. लोगों का कहना था कि जिस स्थान को क्वार्टर निर्माण के लिए चिन्हित किया गया है वह उनका देशाउली स्थान है. आस्था से किसी प्रकार का खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा. मौके पर मौजूद कुदलीबाड़ी क्षेत्र के मुंडा बुधु गागराई ने कहा कि पहले जो भवन बनाया गया था, उस पर आपत्ति नहीं की गई, अब वर्षों बाद देशाउली के जमीन पर क्वार्टर इत्यादि का निर्माण कराया जा रहा है, जिसे पूरा नहीं होने दिया जाएगा. मुंडा बुधु गागराई ने कहा कि सभी ग्रामीणों से सहमती लेकर ही इसका विरोध किया जा रहा है. अगर क्वार्टर का निर्माण कराना है तो दूसरी जगह चयन कर निर्माण किया जाए, उससे ग्रामीणों को आपत्ति नहीं होगी, लेकिन देशाउली की जमीन पर किसी भी हाल में क्वार्टर नहीं बनने दिया जाएगा. इस गांव का सारा सामाजिक कार्य देशाउली की जमीन पर पूजा-अर्चना के बाद ही शुरू होता है. मुंडा ने बताया कि खाता संख्या 172 व प्लॉट संख्या 337 देशाउली का क्षेत्र आता है, इसलिए इस पर क्वार्टर का निर्माण नहीं कराया जाएं. उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर वे लोग प्रखंड व अंचल कार्यालय अधिकारियों से मुलाकात करने गये थे, लेकिन मुलाकात नहीं हो पायी. कहा कि जब तक कार्य को रोका नहीं जाता तब तक विरोध जारी रहेगा. इस मौके पर कुदलीबाड़ी के स्थानीय महिला-पुरूष ग्रामीण मौजूद थे.

दुकानदार को गोली मारकर 85 हजार नगद सहित लाखों की लूट

धनबाद। टुंडी थाना क्षेत्र के ओझाडीह कटनियां गांव में बुधवार 19 जुलाई की रात राशन दुकानदार शंकर सिंह के घर में सेंधमारी कर हथियारबंद डकैतों ने धावा बोल दिया. लगभग 15 की संख्या में घुसे डकैतों ने सबसे पहले शंकर सिंह को अपने बंधक बनाया. जिसके बाद बारी-बारी से पत्नी और बेटे का कमरा खुलवाकर जमकर लूटपाट की. लगभग आधे घंटे तक उत्पात मचाने के बाद लुटेरे 85 हजार रुपए नगद सहित लाखों की संपत्ति लेकर चंपत हो गये. इससे पहले साहस दिखाते हुए पीड़ित शंकर सिंह डकैतों से भिड़ गये. जमकर उठापटक भी हुई. जिसके बाद डकैतों उन्हें गोली मार दी. गोली उनके जांघ में लगी. जिसके बाद उन्हें घायल अवस्था में धनबाद के एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है. दूसरी तरफ थाना प्रभारी अनिल कुजूर ने घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी. घटना के बाद घरवाले जहां डरे सहमे हैं, वहीं लोगों में पुलिस को लेकर खासी नाराजगी है.

मवि. परिसर में जल्द लगेगा सोलर पावर प्लांट

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। घाटशिला महाविद्यालय में शीघ्र ही सोलर पावर प्लांट लगाई जाएगी. इसको लेकर प्राचार्य डॉ. आरके चौधरी ने झारखंड नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी रांची के डायरेक्टर को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि इस महाविद्यालय में 60 किलो वाट का बिजली लोड है. इस कारण बिजली खपत को कम करने हेतु 60 किलो वाट पावर प्लांट महाविद्यालय के पीजी ब्लॉक एवं प्रशासनिक भवन के छत पर सोलर पावर प्लांट लगवाया जाए. प्राचार्य डॉ. चौधरी ने बताया कि निदेशालय स्तर पर इसकी स्वीकृति मिल गई है. शीघ्र ही एजेंसी द्वारा स्थल निरीक्षण कर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा. सोलर पावर प्लांट कहां लगवाया जाए, इसको लेकर प्राचार्य के साथ महाविद्यालय के शिक्षकों में डॉ. पीके गुप्ता, डॉ. एसके सिंह, डॉ. संदीप चंद्रा, डॉ. एसपी सिंह, प्रो. इंदल पासवान, प्रो. महेश्वर प्रमाणिक, मानिक मार्डी, प्रधान सहायक महेश्वर मार्डी ने पीजी ब्लॉक एवं प्रशासनिक भवन के छत का निरीक्षण किया. निरीक्षण के बाद निर्णय लिया गया कि दोनों भवनों के छत पर सोलर पावर प्लांट का इंस्टॉलेशन करवाया जाएगा. ताकि पीजी ब्लॉक से पुस्तकालय एवं वाणिज्य संकाय तथा प्रशासनिक भवन से सभी कमरों, विज्ञान भवन एवं कार्यालय को कनेक्ट करवाया जा सकेगा. इस सोलर पावर प्लांट के लग जाने पर पूरा परिसर बिजली बाधित रहने पर भी जगमगाता रहेगा।

513 दिन से धरना पर बैठे झमाडा आश्रितों ने किया उग्र प्रदर्शन

धनबाद। अनुकंपा बहाली की मांग को लेकर 513 दिनों से धरना पर बैठे झमाडा आश्रितों ने 20 जुलाई गुरुवार को प्रबंधन के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की. आंदोलन में शामिल मेहराबुल अंसारी ने बताया कि अनुकंपा बहाली की मांग को लेकर तमाम लोग पिछले 513 दिन से धरना पर बैठे हैं. बावजूद प्रबंधन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है. फलस्वरूप अब तक बेरोजगार हैं. उन्होंने कहा कि झमाडा प्राधिकार को नगर विकास विभाग एंव आवास विभाग से स्पष्ट निर्देश मिला है कि मृत कर्मचारियों के आश्रितों को नियोजन देने के लिए झमाडा सक्षम है. बावजूद प्रबंधन की तरफ से नियोजन की प्रक्रिया नहीं अपनाई जा रही है. उन्होंने कहा कि झमाडा प्रबंधन की इस नीति से खिन्न होकर आश्रितों ने प्रत्येक गुरुवार व सोमवार को उग्र प्रदर्शन करने का फैसला किया है. उसी फैसले के तहत 20 जुलाई गुरुवार को झमाडा के खिलाफ प्रदर्शन किया जा रहा है. उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक आश्रितों की बहाली नहीं हो जाती, प्रदर्शन जारी रहेगा.

बैठक एक दिन पहले सचिव पद से इस्तीफा देनेवाले दीपक कुमार दीपू बने अध्यक्ष

पहले चली कुर्सियां, फिर हुआ सिंदरी चैंबर का चुनाव

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। सिंदरी चैंबर के सचिव और कोषाध्यक्ष के अचानक इस्तीफा देने के अगले दिन गुरुवार 20 जुलाई को सिंदरी चैंबर के 600 व्यापारियों की एक आपात बैठक हुई. बैठक में ज़िला चैंबर के पदाधिकारियों की मौजूदगी में सिंदरी चैंबर के पूर्व सचिव दीपक कुमार दीपू को अध्यक्ष, संजय प्रसाद को सचिव और दिलीप रिटोलिया को फिर से कोषाध्यक्ष बनाया गया है. जिला चैंबर ने व्यापारियों की सहमति से चुनाव प्रक्रिया पूरी करवाई. हालांकि चुनाव से पहले हुई बैठक में दो पक्षों के बीच जमकर कुर्सियां चलीं. एक राउंड फायरिंग भी बात सामने आई. झड़प में कुछ लोग आंशिक रूप से घायल भी हुए हैं. धनबाद जिला चैंबर ऑफ कामर्स अध्यक्ष चेतन गोयनका ने एकजुटता का परिचय देने के लिए व्यापारियों को धन्यवाद दिया. वहीं पूर्व सचिव के पद पर रहते हुए दीपक कुमार दीपू ने रोते हुए स्वर में कहा कि चैंबर पर कुठाराघात होने के कारण दोनों पदाधिकारियों ने इस्तीफा दिया था. सिंदरी चैंबर ऑफ कामर्स की बैठक लगभग ग्यारह बजे शुरू हुई. एक दिन पहले बुधवार को चैंबर के पद से इस्तीफा दे चुके पूर्व सचिव दीपक कुमार दीपू व कोषाध्यक्ष दिलीप रिटोलिया बैठक में शामिल हुए. दोनों पदाधिकारियों ने व्यापारियों की राय पर इस्तीफा वापस लेते हुए सिंदरी चैंबर को भंग किया. इसके बाद धनबाद जिला चैंबर ऑफ कामर्स अध्यक्ष की अनुमति पर जिला के पदाधिकारियों ने व्यापारियों की आम सहमति ली. इसके बाद तीनों पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन किया गया. नये पदाधिकारियों को माला पहनाकर व्यापारियों ने स्वागत किया. सिंदरी चैंबर ऑफ कामर्स की बैठक में फर्टिलाइजर वर्क्स यूनियन महामंत्री संतोष चौधरी की उपस्थिति के बाद जनता श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री लक्की सिंह के लोग पहुंचे. इशारेबाजी के बाद दोनों गुटों में जमकर कुर्सियां चलीं. जिसके बाद व्यापारियों में भगदड़ मच गई. कुछ व्यापारियों ने बताया कि एक गुट की ओर से फायरिंग भी की गई. हालांकि मौके पर पहुंची सिंदरी पुलिस ने गोली चलने की घटना से इनकार किया है. सिंदरी थाना के प्रभारी थाना प्रभारी आदर्श कुमार ने बताया कि बाजारों में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है. घटना में चिह्नित लोगों पर कार्रवाई होगी. बैठक में जिला चेम्बर अध्यक्ष चेतन गोयनका, जिला महासचिव अजय नारायण लाल, जिला उपाध्यक्ष सह बाजार समिति अध्यक्ष विनोद गुप्ता, जिला सचिव सह बाजार समिति महासचिव विकास कान्धवे, जिला संगठन सचिव सह लोयाबाद चेम्बर महासचिव सुनील पाण्डेय, सिंदरी थाना एसआई आदर्श कुमार, एसआई शिवचंदन कुंभकार, एसआई एस के यादव सहित सिंदरी के व्यापारी मौजूद रहे.

डीएमएफटी के तहत हो रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

ससमय योजनाओं को पूर्ण करें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। डीएमएफटी के तहत जिले में हो रहे विकास कार्यों को लेकर गुरुवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभागवार संबंधित कार्यपालक अभियंताओं व अधिकारियों से पूर्व से संचालित योजनाओं के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी ली। जिसके उपरांत उपायुक्त ने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर कार्य प्रगति का जायजा लेने, गुणवत्ता का ध्यान रखने एवं ससमय योजनाओं को पूर्ण करने हेतु आवश्यक कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने डीएमएफटी के तहत अन्य विकास कार्यों को करने, विभिन्न क्षेत्रों से आए विकास कार्यों के प्रस्तावों आदि पर बैठक में उपस्थित अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए योजनाओं के चयन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत भवन के माध्यम से ग्रामीणों व आम जनों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के मद्देनजर उपायुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों में स्थित पंचायत भवनों तक वर्तमान पहुंच पथ की जानकारी ली एवं जिन पंचायत भवनों तक पहुंच पथ की वर्तमान स्थिति ठीक नहीं है उनसे संबंधित प्रतिवेदन तैयार करते हुए जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर डीएमएफटी के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित सरकारी विद्यालयों के चहारदीवारी कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखते हुए जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने एवं संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के तहत चितरपुर एवं दुलमी प्रखंड में बनाए जा रहे झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने सुरक्षा दृष्टिकोण से विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। गोट बैंक परियोजना एवं ऑर्गेनिक फार्मिंग के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जरूरतमंद ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ने, किसी भी तरह के प्रशिक्षण के आयोजन के दौरान स्थानीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों आदि की उपस्थिति सुनिश्चित करने व योजना के सफल संचालन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। वहीं, उपायुक्त ने पूर्ण हो चुके योजनाओं पर शिलापट्ट लगाने के दौरान निर्धारित प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करते हुए ही कार्य करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निमार्णाधीन पुलों, डीएमएफटी के तहत संचालित अन्य योजनाओं, नई योजनाओं आदि पर चर्चा के क्रम में विकास कार्यों को धरातल पर उतारने व संचालित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं डीएमएफटी टीम के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

बरकट्ठा में पौधरोपण कर थाना प्रभारी ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

बरकट्ठा। गोरहर थाना परिसर में फलदार व औषधीय पौधों का पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने विभिन्न प्रकार के पौधारोपण कर किया।उन्होंने पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी है। पेड़ पौधे से ही हमारा जीवन सुरक्षित और संरक्षित रहता है। जल संचय को लेकर कहा है कि हरहाल में हमें इसकी बबार्दी रोकने होगी नहीं तो हम सबों का भविष्य इसके बिना असुरक्षित हो जाएगा। पौधारोपण में आम, अमरूद, लीची ,बेल,सीताफल,जामुन, नीम आदि का रोपण किया गया ।उन्होंने आम जनता व पुलिस के जवानों से विभिन्न प्रजाति के पौधों की सुरक्षा एवं अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। साथ ही उन्होंने पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। परिसर में एक दर्जन से अधिक पौधे रोपण किए गए।कहा कि झारखंड राज्य प्राकृतिक संपदाओं से भरा हुआ हैं और इसे इसी तरह संरक्षित रखने की जरूरत हैं। कार्यक्रम में एएसआई निरंजन प्रकाश, दीपक पॉल, संजय हांसदा, प्रभुल कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

बरकट्ठा में नईटांड़ में उप प्रमुख ने नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र किया उद्घाटन

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत तुईयो के ग्राम नईटांड में उप प्रमुख सुरजी देवी ने नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्धघाटन फीता काटकर की। मौके पर उन्होंने कहा कि नए आंगनबाड़ी केंद्र से बच्चों को पढ़ने और खेलने में सुविधा होगी।मौके पर उप प्रमुख प्रतिनिधि उतीम महतों, विजय प्रसाद, पंचायत सेवक धनेश्वर गोप, बीएफटी संतोष शर्मा, जीआरएस रघुनंदन सिंह, सेविका रंजू देवी, सहायिका बिंदली देवी, वासुदेव नायक, लीलो नायक, सुबोध नायक, मनोज नायक, दिलीप यादव, साबिर अंसारी समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

अग्रसेन स्कूल में इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ में अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस के मौके पर अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. इसमें बिरसा मुंडा हाउस, मदर टेरेसा हाउस, सीवी रमण हाउस और आरएन टैगोर हाउस के प्रतिभागी शामिल हुए. इस तीन दिवसीय आयोजन में प्रतिभागियों को शतरंज के इतिहास और नियमों की जानकारी दी गई. स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि आज के समय में बच्चे वीडियो गेम्स में बीजी रहते हैं, जो उनकी आंख और दिमाग पर बुरा असर डालता है. हमें बच्चों को शतरंज जैसे खेल के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए. ताकि उनका ब्रेन क्रिएटिव बना रहे. इस खेल की कोई समयसीमा नहीं होती, इसलिए यह खेल विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य के साथ फैसले लेना सिखाता है. चेस बच्चों की लर्निंग पावर, मेमोरी और फोकस करने की क्षमता ?में भी सुधार करता है. काउंसेलर, मोटिवेटर और प्रतियोगिता के संयोजक मुख्तार सिंह ने शतरंज खिलाड़ी के रूप में अपने अनुभव को साझा किया. कहा कि जीवन में एकाग्रता और मानसिक अनुशासन का होना जरूरी है. यह खेल हमारे अंदर इन तमाम गुणों को विकसित करता है. इस प्रतियोगिता में क्लास 8 का छात्र अंशु गुप्ता चैंपियन बना. जबकि दूसरे स्थान पर कक्षा 8 का ही श्लोक कुमार रहा. तीसरा स्थान 12 वीं की वाणी पांडेय को मिला.

भूमि मापी नहीं होने से भड़के ग्रामीण

ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय का किया घेराव

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड अंतर्गत शिलाड़ीह ग्राम स्थित काली मंडा स्थान की मापी निर्धारित समय पर नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय का घेराव किया।विदित हो कि ग्रामीणों ने पूर्व में सीओ को आवेदन देकर काली मंडा परिसर की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की थी। जिसमें कहा था कि खाता नंबर 78 प्लॉट नंबर 1719 रकबा 1 एकड़ 14 डिसमिल की मापी करते हुए इसे अतिक्रमण मुक्त किया जाये।ताकि सभी ग्रामीण मिलकर इसमें बाउंड्री करके अपने धार्मिक स्थान को सुरक्षित रख सकें।वहीं उक्त स्थल पर हजारीबाग उपायुक्त के निर्देशानुसार एक बोर्ड भी लगवाया गया था जिसें शरारती तत्वों के द्वारा उखाड़ कर फेंक दिया गया। ज्ञात हो कि सीओ ने 20 जुलाई को 11 बजे दिन मापी के लिए समय निर्धारित किया था। लेकिन निर्धारित समय पर नहीं पहुंचने से ग्रामीण उग्र होकर प्रखंड कार्यालय का घेराव करने पहुंच गये। सीओ अपने कार्यालय में नहीं थे फोन पर संपर्क करने पर बताया कि एसपी का आदेश है अभी मापी नहीं किया जा सकता है। मुहर्रम पर्व के बाद मापी कराया जायेगा। ग्रामीणों ने कहा मुहर्रम के बाद भी मापी नहीं किया गया तो बाध्य होकर प्रखंड कार्यालय के समक्ष भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे। इसके बाद भी बात नहीं बनी तो हम सभी सामूहिक रूप से आत्मदाह करेंगे।वहीं पूर्व मुखिया नरेंद्र कुमार सिंह ने मापी ना होने पर ब्लॉक परिसर के सामने आत्मदाह करने की बात कही। मौके पर अवध किशोर सिंह, श्याम किशोर सिंह, पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, सुनील पांडेय, राम तीर्थ पांडेय, श्यामानंद पांडेय, भीम मंडल, परमेश्वर मंडल, अजीत मंडल, अर्जुन पांडे, बबलू पांडे, प्रदीप पांडेय, संतोष मंडल, सूरज देव प्रजापति, केशव लाल पंडित, बाबूलाल पांडेय, शेखर मंडल, शिवलाल यादव,जागेश्वर यादव, किशोर मंडल, मनोज पांडेय, छोटी मंडल, मुकेश पंडित, शंकर शर्मा, छोटी रविदास, छोटी कुम्हार आदि उपस्थित थे।

32 वार्डों में लगेंगे 5000 एलईडी लाइट

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़ । नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में वर्षों से अंधेरा पसरा हुआ था। इसे दूर करने की मांग स्थानीय लोग करते आ रहे थे। लोगों की मांगों को ध्यान में रखकर व अंधेरे से राहत देने के लिए नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो द्वारा एलईडी लाइट लगाने की योजना बनाई गई। मनोज कुमार महतो द्वारा 20 जुलाई को वार्ड नं 30 मुर्राम कला में एलईडी लाइट का स्विच ऑन कर के शुरूआत किया गया। मौके पर मनोज कुमार महतो ने बताया कि क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में लगभग 100 एलईडी लाइट लगया जाएगा। जरूरत के हिसाब से किसी वार्ड में इससे अधिक भी लगाया जाएगा पूरे नगर परिषद में 5000 एलईडी लाइट लगाया जाएगा जो एक महीना के अंदर वार्डों में लगी सभी लाइटों से नगर परिषद क्षेत्र जगमग करने लगेगा। बाजारों में सड़कों के किनारों पर लाइटें लगाई जाएगी। स्थानीय लोगों, दुकानदारों के साथ राहगीरों ने भी इसे नगर परिषद का बेहतर प्रयास बताया। कहा कि सड़क किनारे लाइटें लगने से काफी अच्छा लगेगा। दुर्घटना व आपराधिक घटनाओं में भारी कमी आएगी। मालूम हो कि कोई कोई मार्ग पर लोगों की आवाजाही 24 घंटे जारी रहती है,लेकिन अंधेरे का फायदा उठा कर चोर-उचक्?के अक्सर राहगीरों को परेशान करते रहते थे। मौके पर पार्षद प्रतिनिधि मनोज महतो, तारकेश्वर महतो, सोहन महतो, अनिल पटेल, लुकेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

बाल विवाह को रोकना सभी की जिम्मेवारी : प्रमुख

नवीन मेल संवाददाता

बोकारो। कसमार प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार 20 जुलाई को सहयोगिनी एवं चाइल्ड लाइन की ओर से प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति सह स्टेक होल्डर्स की बैठक प्रमुख नियोति दे की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. बैठक में प्रखंड बीस सूत्री कमेटी अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि अनिल रजवार, अंचल विभाग के सहायक किशोर कुमार, सहयोगिनी एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के जिला समन्वयक फुलेंद्र रविदास समेत कई पंचायतों के मुखिया उपस्थित थे. बैठक में सहयोगिनी के को-ऑर्डिनेटर फुलेंद्र रविदास ने कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन एवं सहयोगिनी की ओर से कसमार प्रखंड क्षेत्र में बाल विवाह के खिलाफ चल रहे अभियान की विस्तृत जानकारी दी. बताया कि पूरे बोकारो जिले में 150 गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया है. प्रखंड प्रमुख नियोति दे ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप के साथ कानूनन अपराध है. इसे रोकना हम सभी की जिम्मेवारी है. प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम ने कहा कि बच्चों के संरक्षण व अधिकार के लिए बाल संरक्षण समिति के कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचे, इसके लिए सभी को बच्चों की मदद करनी होगी. अधिवक्ता सह काउंसेलर रोहित ठाकुर ने बाल संरक्षण से जुड़े कानूनी पहलुओं की जानकारी देते हुए सभी अधिकारियों, प्रतिनिधियों व स्टेकहोल्डर्स से इस कार्य में सहयोग करने की अपील की. इसके साथ ही चाइल्ड लाइन की सेवा 1098 की भी विस्तृत जानकारी दी गयी. मौके पर महिला पर्यवेक्षिका संयुक्ता कुमारी, प्रखंड बीस सूत्री कमेटी सदस्य कुलदीप करमाली, गर्री मुखिया गीता देवी आदि उपस्थित थे।

सड़क हादसे में आईडीबीआई बैंक के जूनियर मैनेजर की मौत

हजारीबाग। हजारीबाग बड़ा बाजार थाना क्षेत्र में स्थित मिशन अस्पताल के पास बिजली खंभे से एक कार टकरा गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए. दुर्घटना में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई. मृतक की पहचान आईडीबीआई बैंक बड़कागांव के जूनियर मैनेजर आदित्य शंकर के रूप में हुई है. घटना गुरुवार की अहले सुबह तीन बजे की है. वह अपनी कार से कहीं जा रहे थे. वह परिवार के साथ साकेतपुरी में रहते थे. इस संबंध में परिजनों ने बताया कि आदित्य घर का इकलौता चिराग था. बीते एक मई को ही उसकी शादी हुई थी. आदित्य की मौत की खबर मिलने के बाद घर में कोहराम मच गया.

भूमि विवाद | न्याय नहीं मिलने और मामले को लटकाने का लगाय आरोप

बरही ब्लॉक ऑफिस में ताला जड़ने की कोशिश विफल

नवीन मेल संवाददाता

बरही। बरही स्थित तेली टोला निवासी राहुल कुमार ने गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के मुख्य द्वार और सीओ कार्यालय में ताला लगाने का प्रयास किया. इस दौरान प्रखंड कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई. सूचना मिलते ही बीडीओ सीआर इंदीवर ने उसे रोका और युवक को पुलिस को सुपुर्द कर दिया. युवक ने बताया कि उसके मुहल्ले के गैरमजरुआ आम रास्ता, खाता नंबर 751 प्लॉट नंबर 8826 पर मुहल्ले के ही युवराज साव, गणेश साव आदि ने रास्ता बंद कर दिया और वहां घर बनाया जा रहा है. इससे उनलोगों के आने-जाने का रास्ता पूरी तरह बंद हो जा रहा है. संबंधित मामले में अंचलाधिकारी सहित एसडीओ और थाना प्रभारी को चार कई बार लिखित और मौखिक शिकायत की गई. परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई. दो दिन पूर्व उन लोगों ने रास्ता अतिक्रमित कर ढलाई कर दी. विरोध करने पर मारपीट और महिलाओं के साथ बदतमीजी की गई. थाने को भी सूचना दी गई, परंतु सिर्फ औपचारिकता पूरी की गई. अतिक्रमणकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई. इस संबंध में डीसी का भी निर्देश निर्गत है. परंतु कहीं से कोई न्याय नहीं मिल रहा है. आरोप यह भी है कि सीओ दूसरे पक्ष से मिले हुए हैं. इस कारण कार्रवाई में जानबूझकर देर की जा रही है. थक हार कर वह ऐसा कदम उठाने के लिए मजबूर हुए हैं. प्रशासन उसे और उसके परिवार को न्याय दे या सलाखों के पीछे भेज दे, वे लोग खुद को समर्पित कर रहे हैं.

क्या कहते हैं सीओ

घटना के वक्त सीओ कार्यालय में मौजूद नहीं थे. दूरभाष पर उन्होंने बताया कि वह पूरी जानकारी लेकर स्थिति स्पष्ट कर पाएंगे. सीओ ने यह भी बताया कि अगर मारपीट की किसी भी प्रकार की घटना हुई है, तो पीड़ित पक्ष को थाने जाना चाहिए. कार्यालय में ताला लगाकर सरकारी कार्य बाधित करना दंडनीय अपराध है. सीओ कार्यालय के अनुसार पीड़ित पक्ष के आवेदन के आधार अतिक्रमणकारी को दो बार नोटिस किया गया है. थाने को भी उचित कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है. जिला भू-अर्जन कार्यालय के सत्यापन के बाद 19 जुलाई को भी अतिक्रमणकारी को नोटिस करते हुए थाना प्रभारी को उचित कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है. मामले के संबंध में दूसरे पक्ष से संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु मोबाइल नहीं लगा. वहीं थाना प्रभारी से फोन से बात करने का प्रयास किया गया, परंतु कॉल रिसीव नहीं होने के कारण बात नहीं हो सकी.

मृतका की मां ने दुष्कर्म का लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। भदानीनगर ओपी क्षेत्र के बीचा में हुई 16 वर्षीय किशोरी मनीषा की संदेहास्पद मौत के मामले में हैरान करने वाला मामला प्रकाश में आया है। मृतका की माता यशोदा देवी ने भदानीनगर ओपी में आवेदन देकर तीन युवकों पर पुत्री से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा गया है कि बीते 12 जुलाई को मनीषा की मां यशोदा देवी और पिता मदन मोहन सिंह मजदूरी करने रांची गए थे। देर शाम वापस लौटे तो अपनी दोनों बेटियों को घर में नहीं पाकर काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला सका। जब दूसरे दिन दोनों बेटी अनीशा कुमारी और मनीषा कुमारी सुबह 10 बजे अपने घर लौटी तो पूछने पर उन्होंने बताया कि गांव के ही तीन लड़के सुकेश उरांव पिता बीतन उरांव, करण उरांव पिता अजय उरांव और रितेश उरांव पिता सावना उरांव दोनों को जंगल की ओर ले गये। जहां युवकों ने मनीषा के साथ जबरन दुष्कर्म किया। साथ ही युवकों ने मनीषा का मोबाईल छीन लिया था और दुष्कर्म की बात किसी को बताने पर जान से मारने धमकी की भी दी थी। यशोदा देवी ने आवेदन में कहा है कि दुष्कर्म के कारण उनकी पुत्री की मौत हुई है। लोकलाज व बदनामी के कारण शिकायत करने में देरी हुई। यशोदा देवी ने आरोपी युवकों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि पिछले 15 जुलाई को मनीषा घर में मृत पाई गई थी। 16 जुलाई को सूचना मिलने पर भदानीनगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिकायत के बाद भदानीनगर पुलिस पूरी मामले की छानबीन में जुटी है।

ग्रिजली विद्यालय में सड़क सुरक्षा पर सेमिनार का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में सड़क सुरक्षा को लेकर एक सेमिनार का आयोजन विद्यालय सभागार में किया गया जिसमे मुख्य वक्ता के तौर पर जिला परिवहन अधिकारी भगीरथ प्रसाद शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने मुख्य वक्ता भगीरथ प्रसाद को पौधा देकर उनका स्वागत किया। वही विद्यालय की प्राचार्या अपर्णा सिन्हा ने अपने स्वागत सम्बोधन में कहा की सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे इस प्रकार के आयोजन से छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। छात्रों को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते हुए जिला परिवहन अधिकारी भगीरथ प्रसाद ने कहा की जीवन एक अनमोल धरोहर है और इसे वाहन चलाते समय सुरक्षित बचा करके ही वाहन चलाना चाहिए। वाहन चलाते समय यातायात नियमों व संकेतों का ध्यान रखकर यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। जिला परिवहन अधिकारी ने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल से बात नहीं करें। शराब पीकर वाहन न चलाएं। बिना हेलमेट दुपहिया वाहन को सड़क पर नहीं चलाएं चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि लापरवाही के चलते आए दिन घटित हो रही हादसों की रोकने के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट सुरक्षा कवच है । उन्होंने बताया कि दुर्घटनाओं से बचने का एक मात्र उपाय सड़क नियमों का पालन करना है। यातायात नियम ही दुर्घटनाओं को रोकने और उन्हें सुरक्षित सफर कराने का साधन है। यदि सड़क पर यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाया जाएगा, तो वह अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगे। समय से गंतव्य तक पहुंचने के लिए घर से समय से पहले निकले जिससे सड़क पर अधिक तेज गति से वाहन चलाने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा उन्होंने छात्रों को बताया की आजकल लोग जहाँ कहीं भी दुर्घटना होती है तो लोग मदद करने की बजाय वीडियो बनाने में व्यस्त हो जाते और ये एक गैरकानूनी कार्य है इसे नहीं करें बल्कि घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचने का प्रबंध करें या एम्बुलेंस को खबर करें। उन्होंने बताया की अगर कोई व्यक्ति किसी दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल ले कर आता है तो सरकार के तरफ से उसे वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों तथा उपस्तिथ सभी शिक्षकों को यातायात नियमों का पालन करने व कराने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर हिमांशु रंजन, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक, अम्मार सिद्दीकी, सड़क इंजीनियर विश्लेषक, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेंद्र चौधरी, बीडी नस्कर, इंटरनल ऑडिटर चंद्रमणि सिंह, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर अमित दास, शिक्षक कुमार राजीव, थर्ड अफसर अभिजीत आनंद, शफीक आलम, अनुपमा पाठक, सलोनी भदानी, अवनिशा आनंद, रवि दत्ता पांडेय, राजेंद्र पंडित आदि उपस्तिथ थे । कार्यक्रम का सफल संचालन छात्रा अनुष्का भदानी एवं संस्कृति सहाय ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक सुप्रतिम बोस ने किया।

आज से नवोदय स्कूल में तीन दिवसीय क्षेत्रीय जूडो प्रतियोगिता

नवीन मेल संवाददाता

झुमरी तिलैया। जवाहर नवोदय विद्यालय पटना संभाग के 21 जुलाई से 23 जुलाई तक जवाहर नवोदय विद्यालय पुत्तो में क्षेत्रीय जूडो प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड, वेस्ट बंगाल के खिलाड़ियों को शामिल किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता बालक एवं बालिका आयु वर्ग भार में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 के लिए आयोजित है। इस जूडो ट्रायल में स्वर्ण पदक विजेता जवाहर नवोदय विद्यालय पटना सभा के जूडो टीम राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय के प्राचार्य किशोर कुमार ने बताया कि विद्यालय के जूडो खिलाड़ी रोजाना 4 घंटे जूडो का अभ्यास कर रहे हैं। ताकि वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें । प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय के सहायक शिक्षक रणवीर कुमार राय, शारीरिक शिक्षिका सुनीता बिष्ट एवं कोडरमा जुडो संघ के महासचिव प्रिंस मिश्रा की देखरेख में होगी। विद्यालय के जूडो कोच प्रिंस मिश्रा ने बताया कि विद्यालय में 2010 से लगातार जूडो खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया प्रतियोगिता में पदक जीतकर जवाहर नवोदय पूतो को गौरवान्वित किया है।

NEWS इन ब्रीफ

अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरायी, एक की मौत, दूसरा घायल

कोडरमा। कोडरमा जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र स्थित सीएम हाई स्कूल के पास अनियंत्रित होकर बाइक पेड़ से टकरा गया. इस हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी. जबकि दूसरा व्यक्ति घायल हो गया. मृतक की पहचान डोमचांच जयनगर रोड निवासी रोनीत उर्फ गोलू के रूप में हुई है. वहीं घायल युवक की पहचान सूरज कुमार के रूप में की गयी है. मिली जानकारी के अनुसार, दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे. तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पेड़ से टकरा गयी. जिसके बाद दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गये. लोगों ने घटना की जानकारी डोमचांच पुलिस को दी. सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों युवकों को सदर अस्पताल ले गयी. जहां एक युवक की मौत हो गयी. वहीं दूसरे का इलाज चल रहा है.

विधिक सेवा प्राधिकार ने किया जागरूकता शिविर का आयोजन

बानो। झालसा के निदेर्सानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विशेष त्रैमासिक मध्यस्थता अभियान को लेकर उकौली पंचायत भवन सभागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जागरूकता अभियान में ग्रामीणों को सुलहनिय आपराधिक मामले, चेक बॉउन्स के मामले, वन अधिनियम, उत्पाद अधिनियम, भरण पोषण अधिनियम, वाहन दुर्घटना धारा 160 एमवी अक्तके तहत अंतरिम राहत, सड़क दुर्घटन दावा अधिनियम 498 अ, क्ढउ अधिनियम, , विजली अधिनियम, वजन एवं माप तौल अधिनियम एवं अन्य उपयुक्त सुलहनिय मामलों के विषय मे विस्तृत जानकारी देते हुए पीएलवी अशोक तिवारी ने लोगो को विशेष मध्यस्थता अभियान का लाभ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम लेने की जानकारी दिए।

मुहर्रम-रक्षा बंधन को लेकर कोलेबिरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं

नवीन मेल संवाददाता

बोलबा। बोलबा थाना परिसर में अंचल अधिकारी बलिराम माँझी की अध्यक्षता में मोहर्रम एवं अन्य त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजन किया गया।इस मौके पर मुहर्रम का त्योहार पर चर्चा किया गया । इसके बाद रक्षाबंधन का त्योहार पर भी चर्चा किया गया ।थाना प्रभारी अरुनिष रोशन ने कहा कि बीट पुलिस बोलबा में काम कर रही है । जो बैंक, स्कूल एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों में क्यूआर कोड लगाया गया है जिससे पता चल जायेगा कि पुलिस वहाँ पहुंची या नही ।सीसीटीवी कैमरा जगह जगह पर लगाने की सलाह दिया गया है वहीं बताया गया कि शान्ति समिति का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जायेगा जिसमे कंट्रोल रूम का नम्बर भी उसमें जोड़ा जायेगा ।प्रखण्ड के विभिन्न इलाके में महुवा शराब कम होने का नाम नही ले रहा है । टकबहाल गाँव मे विवाद होने के बाद फिर शराब बेचना शुरू कर दिया गया है जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के सहयोग से शराब बिक्री बन्द किया जा सकता है । पुलिस विभाग की ओर से खेल आयोजन करने का निर्णय लिया गया ।इस मौके पर अंचल अधिकारी बलिराम माँझी, थाना प्रभारी अरुनिष रोशन, एसआई सुमन कुमार, मुखिया सुरजन बड़ाईक, बिनोद बड़ाईक, हरेन्द्र कुमार, महेश मिस्त्री, अखिलेश प्रसाद, कृष्ण प्रसाद, मोतीराम सेनापति, बिरंजित प्रधान, जोगेंद्र माँझी, हीरालाल प्रधान, सुरेश मोदी एवं अन्य लोग मौजूद थे । वहीं दूसरी ओर जिला के कोलेबिरा थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी हरीश कुमार प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम एवं थाना के एसआई रामदेव रविदास ,राजेश कुमार एवं अहमद अली खान ने की।जिसमें मुहर्रम आगामी 29 जुलाई को पर्व मनाया जायेगा। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी हरीश कुमार ने कहा कि मुहर्रम एवं रक्षा बंधन का पर्व आने वाला है ,हम सभी क्षेत्र वासियों का है, जिस तरह पुर्व में सभी त्योहारों को एक जुट होकर एक दूसरे का सहयोग कर त्योहार मनाते आए हैं। उसी प्रकार आगे भी सहयोग करते रहें। सभी लोग आपसी एकता और सौहार्द पूर्वक त्योहार को मनाएं। वहीं थाना के एसआई रामदेव रविदास ने कहा कि आगामी पर्व के मद्देनजर किसी को कहीं भी किसी प्रकार की सूचना मिले तो वे इसकी जानकारी प्रशासन को दें। शांति ब्यवस्था रखने में प्रशासन का सभी सहयोग करें अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। साथ ही एसआई राजेश कुमार ने कहा कि आपसी भाइचारे के साथ त्योहार मनाएं अगर कोई भ्रामक सामग्री सोशल मिडिया में भेजकर माहौल बिगाड़ने का या किसी प्रकार का अफवाह फैलाने का प्रयास करता है और माहौल बिगाड़ता है तो उसके साथ सख्ती से कार्यवाई की जाएगी माहौल बिगाड़ने की इजाजत किसी को नही है। वही प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम ने कहा कि मोहर्रम और रक्षाबंधन आगामी दिनों पर है आप सभी को आने वाले पर्व की शुभकामनाएं एवं धन्यवाद देते हैं पर्व को शांति और सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाए। अंचलाधिकारी हरीश कुमार, प्रखंड प्रमुख दूतामी हेमरोम थाना के एसआई रामदेव रविदास, राजेश कुमार एवं अहमद अली खान ने संयुक्त रुप से सभी को मुहर्रम एवं रक्षा बंधन की पूर्व में ही बधाई देते हुए कहा कि अफवाहों को पीछे छोड़ त्योहार का जश्न सभी के जीवन में खुशिया लेकर आवे। बैठक में मुख्य रूप से अंचल अधिकारी हरीश कुमार, कोलेबिरा थाना एसआई रामदेव रविदास, राजेश कुमार एसआई अहमद अली खान,प्रखण्ड प्रमुख दूतामी हेमराम जे एम एम बीस सूत्री सदस्य फिरोज अली, केदार सोनी, श्याम लाल आदि मौजूद थे।

कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। मणिपुर में आदिवासी महिला को निर्वस्त्र करने मामले में सिमडेगा कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की की अगुवाई में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह का झूलन सिंह चौक के समीप कांग्रेसियों ने पुतला दहन किया ।मौके पर जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की ने कहा पूरा मणिपुर राज्य पिछले ढाई महीने से हिसा की आग में जल रहा है ।बावजूद हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रकी सरकार मूकदर्शक बनी हुई है तथा अब तक मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा को रोकने में पूर्णतः नाकाम हुआ ।मणिपुर में भीड़ द्वारा आदिवासी महिलाओं को नंगा कर उनके शरीर के साथ दुर्व्यवहार करने का वीडियो प्रकाश में आया है इस वीडियो के वायरल होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया ।प्रधानमंत्री जी आज देश की आदिवासी महिलाओं के साथ हुई इस अमानवीय घटना से आज पूरा देश शर्मसार है। और आप और गृह मंत्री अमित शाह की चुपी मणीपुर हिंसा को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है चाहे बिलकिस बानो रेप केश हो ,कठुआ रेप केश हो, चिन्मयानंद रेप केस , हाथरस रेप कांड हो, पहलवान बेटियो का मामला हो , आपकी चुपी ही हिंसा रेप में शामिल होनो के लिए बढ़ावा दी जा रही है । मणिपुर की सरकार को बर्खास्त करो ,मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करो और नैतिकता के आधार पर आप और अमित शाह जी को भी इस्तीफा देनी चाहिए। मौके पर कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोंगाडी, प्रदेश महसचिव पुष्पा कुल्लू,प्रदेश सचिव नोमिता बा, बिससूत्री उपाधयक्ष मनोज जायसवाल, पीसीसी डेलीगेट प्रदीप केशरी जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन ,शिशिर, रवेल लकड़ा, अजित लकड़ा , मिंज, बिपिन पंकज मिंज, युवा जिला अध्यक्ष आकाश सिंह, पतरस एक्का, बिजय बड़ाईक, अतीत टोप्पो, रोशन कुल्लू, शीला देवी, बीरेंदर नवीन तिर्की,मो सम्मिउल सहित कॉंग्रेसी नेता शामिल हुए।

सिमडेगा : महिला के साथ दुर्व्यवहार मामले में हटाये गए केरसई थाना प्रभारी

सिमडेगा। महिला के साथ दुर्व्यवहार मामले में सिमडेगा एसपी सौरभ ने कार्रवाई करते हुए केरसई थाना प्रभारी अंशु कुमार को हटाते हुए लाइन हाजिर कर दिया। इस संबंध में एसपी सिमडेगा ने नोटिस जारी करते हुए इसकी जानकारी दी है। गौरतलब हो केरसई थाना प्रभारी द्वारा थाना क्षेत्र के ठेसुटोली गांव में शराब छापेमारी अभियान के दौरान एक महिला के साथ दुर्व्यवहार किया था। जिसके बाद आदिवासी गोंड महासभा के द्वारा एसपी से मुलाकात करते हुए ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की थी। एवं गुरुवार को सिमडेगा में धरना प्रदर्शन करने का चेतावनी दिया था। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए सिमडेगा एसपी द्वारा थाना प्रभारी को हटाया गया। इधर थाना प्रभारी को हटाए जाने के बाद आदिवासी गोंड महासभा के द्वारा एसपी का धन्यवाद दिया।

हादसे में कोलेबिरा थाना का चौकीदार घायल

कोलेबिरा। थाना क्षेत्र अन्तर्गत टीवीएस शोरूम के समीप टीवीएस हेवी ड्यूटी एवं स्कूटी के बीच हुई भिड़ंत जिसमे दो व्यक्ति हुए घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार टीवीएस हेवी ड्यूटी स्वार व्यक्ति कोलेबिरा थाना में चौकीदार जेम्स सोरेंग पिता पितरूस सोरेंग उम्र 59 एवं को स्कूटी स्वार व्यक्ति कलिंद्र सिंह पिता देव कुमार उम्र 24 वर्ष है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी ओवर स्पीड के कारण अनियंत्रित होकर टीवीएस हेवी ड्यूटी से जाकर भिड़ गई। जिससे दोनों वाहनों के चालक घायल हो गए। वहीं स्कूटी स्वार व्यक्ति कलिंद्र सिंह ने बताया की कोलेबिरा डुमकी टोली से अपना ससुराल घासीलारी जाने के क्रम में घटना हो गई। वहीं ग्रामीणों के सहयोग से घायगों को सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र कोलेबिरा पहुंचाया गया। वही कोलेबिरा पुलिस वजह से घटना की जानकारी मिली हुए दल बल के साथ घटना स्थल पहुँचे साथ ही वे हॉस्पिटल में चौकीदार का हाल चाल जाना और दोनों व्यक्तियों का प्राथमिक उपचार कराया। और गाड़ी की अपने कब्जे में ले लिया।

भाजपा का बाइक रैली निकालने का निर्णय

सिमडेगा। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मोदी सरकार के 9 वर्ष में हुए विकास के मंत्र एवं क्रियान्वयन को लेकर जनता के बीच महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को वृहत रूप से सिमडेगा जिला में करने के लिए एक अति महत्वपूर्ण बैठक जयप्रकाश उद्यान में रखी गई थी जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक द्वारा की गई। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि महाजनसंपर्क अभियान के लिए आज 10 बजे, स्थान अल्बर्ट एक्का मैदान से बाइक रैली निकाली जाएगी। इस बाइक रैली में भाजपा के सभी मोर्चों के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी गण, गणमान्य गण, एवं देवतुल्य कार्यकर्ता गण की उपस्थिति अपरिहार्य है। सिमडेगा जिला के आम जनता भी इस बाइक रैली में भाग ले सकते हैं। इस बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री दीपक पूरी, कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर, भाजयुमो अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, प्रदेश भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य नीरज बड़ाईक, भाजपा नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, भाजयुमो नगर अध्यक्ष करण सिंह, भाजयुमो मंत्री सुबास महतो आदि उपस्थित रहे।

बोलवा में सरना पहान पुजारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक का आयोजन

बोलबा। सरना पहान पुजारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को बोलबा में सरना पहान पुजारी समिति के प्रखण्ड अध्यक्ष मोतीराम सेनापति की अध्यक्षता में बैठक हुई ।सचिव चंदन सिंह के द्वारा बैठक का संचालन किया गया ।मोतीराम सेनापति के द्वारा सरना समुदाय, एवं पहान की मजबुती पर चर्चा की ,पहान देवेन्द्र भगत के द्वारा सरना समुदाय की जनगणना की बात कही ।पहान भगवान मांझी द्वारा सरना स्थल की पवित्रा की बात कही ।अघनू हजाम सभी पहान को एकजुट होकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति की बात कहीं ।पहान समिति के संरक्षक के रूप में समसेरा मुखिया द्वारा सरना समिति के पहान पुजारी को एकजुट होकर काम करते अपने अधिकार को पाने के लिए हमेशा संघर्ष करने की बात कहें ।आए दिन अपनी लाभ को लेकर दूसरे धर्म समुदाय के लोग सरना घेराबंदी कार्य में हावी हो रहें हैं उनकी मंशा को आगे पनपने नहीं दिया जायेगा। सरकार के संकल्प आदेशानुसार सरना घेराकरण में सरना धर्म को मानने वाले विशेष समुदाय को ही इनका लाभ दिलवाने की भी बात कही।

फंदे पर लटकती मिली नवविवाहिता, मामला दर्ज

ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। सदर थाना क्षेत्र के भंडरवा में घर में ही फांसी के फंदे से लटकती एक नवविवाहिता की लाश मिली. महिला के मायकेवालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए सदर थाने में मामला दर्ज कराया है. सूचना मिलन के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर एवं थाना प्रभारी द्वारिका राम सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए हैं. नवविवाहिता तमन्ना परवीन के पिता तसौवर हुसैन ने थाने में दिए आवेदन में बताया है कि बेटी तमन्ना (20 वर्ष) का निकाह, मुसर्रफ अंसारी, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता समीम अंसारी गांव भंडरवा बेकोबर निवासी के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के साथ 03 मई 2023 को कराया था. हैसियत के हिसाब से नगद 2 लाख 51000 हजार रुपये और करीब ढाई लाख का सामान भी दिया था. निकाह के बाद तमन्ना जब ससुराल गई तो दो-चार दिन सबकुछ ठीक-ठाक रहा. उसके बाद उसे शारीरिक व मानसिक रूप से पति व ससुराल के अन्य लोग प्रताड़ित करने लगे. उसके खाना-कपड़ा तक बंद कर दिया. एक अपाची बाइक और 5 लाख नगद लाने का दबाव बनाने लगे. नहीं लाने पर चैन से नहीं जीने देने की बात कहकर उसे हमेशा प्रताड़ित करने लगे. बेटी की पीड़ा सुन मेरा दिल भर आया. निकाह करवाने वाले भंडरवा निवासी मो. इबरार को जब सबकुछ बताया तो उसने भी कहा कि अतिरिक्त दहेज देना होगा, तभी लड़की चैन से रहेगी, जिसके बाद मेरी बेटी के पति, ससुर तथा सास का मनोबल बढ़ गया एवं मेरी बेटी को मारपीट कर निकाल दिया.

गर्व से कहो | मारवाड़ी युवा मंच ने गांधी स्कूल में नारी शक्ति पर कई कार्यक्रम आयोजित

बेटी पढ़ाओ, दुनिया घूम आओ : निशा भारद्वाज

नवीन मेल संवाददाता

झुमरी तिलैया। प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के राज्य के 22 वा स्थापना दिवस को लेकर राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत गुरुवार को पूर्व अध्यक्ष राकेश मोदी, पूर्व अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष नंदन लाल अग्रवाल के सम्मान में नारी चेतना के संबंधित कार्यक्रम ,युवा विकास एवं खेलकूद से संबंधित कार्यक्रम तथा स्वास्थ्य जांच शिविर गांधी उच्च विद्यालय में लगाया गया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष राज पच्चीसिया ने अपने सदस्यों के साथ रुमाल चोर कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें छात्राओं ने अलग-अलग ग्रुप बनाकर इस कार्यक्रम में चार चांद लगाने का काम किया। करीब 150 छात्राएं रुमाल लेकर दौड़ती हुई दूसरी छात्र के साथ खेल का आनंद लेते नजर आए। वहीं छात्रों के बीच 100 एवं 200 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता कराई वही दोनों प्रतियोगिता के प्रथम प्रियंका कुमारी और बादल कुमार कक्षा 9 विजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसी कार्यक्रम के तहत छात्राओं के बीच ताइक्वांडो क्लास आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। जिसमें ताइक्वांडो की शिक्षक रिद्धि जैन, रचिता कुमारी के अलावा कोडरमा जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष के अशोक बरनवाल ने कहां की बेटियां अपने आप को कमजोर ना समझे और जरूरत पड़ने पर वह ताइक्वांडो की जरिए स्वयं मुकाबला कर पर विपरीत परिस्थितियों से बाहर आ सकती हैं। मंच के द्वारा विद्यालय को फर्स्ट एड का समान भी उपलब्ध कराया गया वही छात्र और छात्राओं के खेलने के लिए बैडमिंटन, लूडो, स्किपिंग रोप आदि उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर गांधी स्कूल की प्राचार्य निशा भारद्वाज ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जहां बच्चों की प्रतिभा निखर कर सामने आती है। मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा जो प्रयास समाज सेवा के लिए किए जा रहे हैं वह अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, अमृतधारा, गो आहार सहित कई कार्यक्रम का आयोजन समय-समय पर किया जाता है जोकि प्रेरणा का स्रोत भी है। उन्होंने कहा कि बेटियां अपने बौद्धिक विकास के तहत खेल जगत से लेकर सिनेमा, राजनीतिक की चौखट पर अपनी आवाज बुलंद कर रही है। देश में अनगिनत डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, शिक्षक से लेकर ऑर्गेनिक कृषि का दायरा कहीं भी सबसे पहले पायदान पर सफलता का परचम लहराते दिख रही है। देश तो जाग उठा है। अब यह कहने की जरूरत नहीं की बेटी बचाओ देश बचाओ अब तो हम गर्व से कहेंगे बेटी पढ़ाओ दुनिया घुमाओ। बेटी समृद्ध तोहर मां बाप भी सुरक्षित। वहीं मंच के अध्यक्ष राज पच्चीसिया ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच शिक्षा के साथ-साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर सामाजिक ताना-बाना जैसे कार्यक्रमों को संपन्न करा रहा है। सरकारी विद्यालयों में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है जरूरत है उन्हें बेहतर मंच या प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की छात्र-छात्राएं को बेहतर सुविधा मिलेगी तो यह बच्चे जिला ही नहीं राज्य और राष्ट्र स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकती है। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए सचिव आशीष जोशी ने आठ दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा एवं मारवाड़ी युवा मंच स्थानीय शाखा के कार्यक्रमों की विस्तृत रूप से जानकारी दी।

ध्यान करते समय प्रभु के अंगों में ही सभी लोकों का ध्यान करना चाहिए : जीयर स्वामी

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि सुकदेव जी महाराज ने बताया कि मंगलाचरण का मतलब होता है मंगल करना। जैसे कि किसी का विवाह हो रहा हो उसकी भूत, भविष्य, वर्तमान की कामना करना ही मंगलाचरण है। इसके लिए पितरों को गीत गाकर, ऋषियों को, भगवान को, देवताओं को गोहराना ही मंगलाचरण होता है। इसी प्रकार शुकदेवजी ने भी बाद में मंगलाचरण किया कि जो मैं कह रहा हूं उससे समाज में परिवार में जो सुनने वाला हो उसका मंगल हो इसीलिए मंगलाचरण किया जाता है। चाहे भजन के रूप में हो या स्तुति के रूप में हो। शुकदेव जी ने परिक्षित को बताया कि जो अच्छे सदाचारी ब्राम्हण हो उसे भगवान

का मुख बताया गया है। भगवान के मुख का पूजा करने का मतलब अग्नि का पूजन, रोम का पूजा का मतलब वृक्ष तथा नाड़ी का पूजा से नदियों का, स्वास जो है भगवान का वायु है भगवान की गति जो है। संसार को महायज्ञ का फल मिल गया। भगवान के नेत्र के ध्यान का मतलब अंतरिक्ष का ध्यान कर लिया। भगवान के पैर के तलवे को ध्यान करते हुए यह मानना चाहिए कि यह पताल लोक है। पैर के अग्र भाग रसातल लोक, दोनों एड़ी का ध्यान का मतलब महातल का दर्शन, जांघों के ध्यान का मतलब महीतल लोक का दर्शन है। दोनों पेंडुली का दर्शन परासर लोक की पूजा, घुटनों का दर्शन सुतल लोक का दर्शन, नाभी का दर्शन करने का मतलब हमने आकाश का दर्शन, भगवान के वक्षस्थल का पूजा करने का मतलब स्वर्गलोक का दर्शन कर लिया मुख का दर्शन करने का मतलब जन लोक, ललाट का दर्शन करने का मतलब तपोलोक का दर्शन, सिरोभाग का दर्शन सत लोक है, भगवान की भुजा की पूजा करने का मतलब इंद्र की, कान का ध्यान करने का मतलब दिशा का पूजन, इस प्रकार भगवान के अंगों का ध्यान करने से अलग अलग लोकों के परिक्रमा करने का फल प्राप्त होता है। यदि सारी दुनिया के तीर्थ व्रत देवी देवता की पूजा करने की क्षमता नहीं है तो केवल एक मात्र भगवान नारायण की पूजा कर ली तो सभी देवताओं को के सातों लोकों की अराधना कर ली।

अनुमंडल पदाधिकारी ने किया स्वामी का दर्शन

श्री बंशीधर नगर। अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार गुरुवार को पाल्हे-जतपुरा गांव में पूज्य संत जीयर स्वामी महाराज के संकल्पित चातुर्मास्य व्रत स्थल पर पहुंचे। यहां अनुमंडल पदाधिकारी ने सर्वप्रथम महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अनुमंडल पदाधिकारी ने यज्ञ समिति से यहां की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को ऐतिहासिक बनाने में हमारा पूर्ण सहयोग समिति को हमेशा मिलता रहेगा। महाराज का दर्शन करने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि यहां आकर काफी अच्छा लगा तथा आत्मशांति प्राप्त हुई।

पूर्वमंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी को किया गया सम्मानित

श्री बंशीधर नगर। प्रखंड के पाल्हे-जतपुरा गांव में पूज्य संत जीयर स्वामी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद लेने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इसी क्रम में गुरुवार को मझिआंव विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी अपने समर्थकों के साथ यज्ञ स्थल पर पहुंचे। वे महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व मंत्री को यज्ञ समिति के सचिव अनीश शुक्ल, सह सचिव राकेश चौबे, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला आदि ने प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही अक्टूबर माह में होने वाले श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में भाग लेकर पुण्य का भागी बनने के लिए आमंत्रण पत्र दिया। मौके पर सुनील चौबे, उमेश शुक्ला, धीरेंद्र चौबे, ओमप्रकाश तिवारी आदि उपस्थित थे।

सहिया की मनमानी से आक्रोशित, बीडीओ से की कार्रवाई मांग

आंगनबाड़ी केंद्र में अपने बच्चे नहीं भेजेंगे ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता। भंडरिया

प्रखंड क्षेत्र के रामर गांव टोला सखुआपानी आंगनबाड़ी केंद्र के पोषक क्षेत्र के आक्रोशित ग्रामीणों ने सहिया की मनमानी से आक्रोशित होकर आंगनबाड़ी केंद्र में अपने बच्चों को नहीं भेजने का लिया निर्णय। आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को प्रखंड प्रमुख व पंचायत के मुखिया के उपस्थिति में बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र नहीं भेजने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी विपिन कुमार भारती के नाम आवेदन देते हुए तत्काल आंगनबाड़ी सेविका पर कार्रवाई करते हुए दूसरी आंगनबाड़ी सेविका को पदस्थापित करने तक अपने अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र नहीं भेजने का निर्णय लिया है। लोगों ने आवेदन में जिक्र करते हुए सेविका पर आरोप लगाया है कि सरकार के द्वारा मिलने वाले किशोरी, युवती, धात्री व मात्री महिलाओं को समय पर पोषाहार नहीं दिया जाता है। न ही सरकार के द्वारा बच्चों के लिए मिलने वाले पोषाक आदि का लाभ मिलता है। बच्चों को प्रतिदिन मीनू के अनुसार भोजन भी नहीं दिया जाता है। रोज

बच्चों को सिर्फ खिचड़ी दी जाती है। 25 जून को पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा सेविका की मनमानी को लेकर आंगनबाड़ी केंद्र में ताला लगाते हुए अधिकारियों को सूचना दी गयी थी, जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीडीपीओ विपिन कुमार भारती के द्वारा केंद्र की जांच के उपरांत आंगनबाड़ी सेविका का एक दिन का मानदेय काटते हुए आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित नहीं रहने का स्पष्टीकरण मांगा गया था व कार्य में सुधार लाने की हिदायत दी गई थी।

बता दें कि आंगनबाड़ी केंद्र में कुल 55 बच्चे नामांकित हैं। 500 घरों में एक आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित है। सेविका का हस्तांतरण होता तो गरीब, असहाय को लाभ मिलता। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख शांति देवी ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका की कार्यप्रणाली पर शक है। इस बारे में उच्च अधिकारी को लिखा जाएगा। पंचायत के मुखिया अनीता बाखला ने कहा कि हम पंचायत प्रतिनिधियों का सेविका द्वारा अनादर किया जा रहा है तो असहाय ग्रामीणों के साथ क्या किया जा रहा होगा? जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी विपिन भारती ने कहा कि आवेदन के आलोक में जांच कर पोषक क्षेत्र के लाभुकों को सरकार से मिलने वाले लाभ मिले इसकी व्यवस्था की जाएगी।

एक दर्जन कांवड़ियों को किया गया रवाना

भवनाथपुर। प्रखंड के बनसानी पंचायत के रोहिणीया गांव के एक दर्जन कांवड़ियों को गुरुवार को जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने गमछा देकर सम्मानित करते हुए बाबा धाम के लिए रवाना किया। बाबा धाम जाने के पूर्व सभी कांवड़ियों ने भवनाथपुर स्थित पहाड़ी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर माथा टेका। सभी शिव भक्त बोल बम और हर हर महादेव का नारा लगाते हुए रवाना हुए। मौके पर जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा ने सभी कांवड़ियों को सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी। बाबा धाम जाने वालों में बनसानी पंचायत के मुखिया राजेश्वर पासवान, ईश्वरी बैठा, विजय कुमार यादव, बालेश्वर अगरिया, भगवानी देवी, लालती देवी, कलावती कुंवर, कमला देवी, मंजू देवी, कुंती देवी, चमेली कुंवर आदि शामिल हैं। बाबा धाम रवाना होने के पूर्व सभी कांवड़ियों ने बताया कि वे लोग प्रत्येक वर्ष आदिदेव महादेव के दरबार में हाजिरी लगाते हैं और बाबा भोलेनाथ से अपने व परिवार की सुख, समृद्धि व खुशहाली की कामना करते हुए क्षेत्र, राज्य व देश के विकास, अमन, शांति व खुशहाली की भी कामना करते हैं।

बीडीओ ने की पीडीएस दुकान की जांच

ग्रामीणों ने डीलर के खिलाफ की थी कम राशन देने की शिकायत

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर

पंडरिया पंचायत के सरैया गांव के दर्जनों लाभुकों ने जनवितरण प्रणाली दुकानदार पर राशन गबन करने व कम राशन देने की शिकायत विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह एवं भानु गुप्ता को देकर स्वर्णलता महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष धनवंती देवी पर कार्रवाई करने की मांग के साथ दुसरे दुकानदार से राशन दिलवाने की मांग की थी। विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह एवं भानु गुप्ता ने बीडीओ सह एमओ को आवेदन देकर पीडीएस दुकान की जांच की मांग की थी। इस पर बीडीओ सह एमओ जयपाल महतो ने बुधवार को पीडीएस दुकान की जांच की।

सरैया के लाभुक प्रेमनी देवी, सोनी देवी, विमला देवी, बिंदा देवी, गीता देवी, चंपा देवी, ममता देवी, मंजू देवी, शांति देवी, लक्ष्मी देवी, ललिता देवी,संगीता देवी, शारदा देवी, चंद्रावती देवी, ममता देवी, बिगन साह, पदमा देवी, नागेंद्र शाह, प्रेमीदेवी, तारकेश्वर साह सहित दर्जनों लाभुकों ने बीडीओ सह एमओ से कहा कि स्वर्ण लता महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष धनवंती देवी पति सुरेंद्र शाह पर आरोप लगाते हुए कहा कि जुलाई महीने का राशन जब लेने गए तो दुकानदार द्वारा प्रति कार्ड धारी को 4 किलो राशन दिया जा रहा था जिसे लेने से इनकार कर दिया। पूछने पर राशन कम क्यों दे रहे हैं तो सुरेंद्र साह के द्वारा कहा गया कि लेना है तो लिजिए, नहीं तो जाईए। लाभुकों ने आरोप लगाया कि दिसंबर 22 व जनवरी 23 का भी राशन नहीं दिया गया है। लाभुकों को देने के बजाय डीलर के द्वारा राशन की कालाबाजारी कर दी गई है। इतना ही नहीं राशन लेने के बाद पर्चा भी नहीं दिया जाता है। धन्वंतरी देवी के पति सुरेंद्र शाह ने बीडीओ को बताया कि दिसंबर 22 व जनवरी 23 का राशन मिला ही नहीं है जो अंडर प्रोसेस में है। साथ ही जून महीने का राशन कट गया है। 16.72 क्विंटल की जगह 4.32 क्विंटल चावल तथा 4.26 क्विंटल गेहूं की जगह 8 किलो मिला है। बीडीओ जयपाल महतो ने सभी लाभुकों से कहा कि डीलर द्वारा जितना राशन दिया जा रहा है उसे कार्ड में जरूर चढ़वाकर हस्ताक्षर करा लें एवं अंगूठा लगाकर पर्ची जरूर लें। बीडीओ सह एम ओ ने पूछे जाने पर कहा कि डीलर को सस्पेंड कर दिया गया है, नजदीक के डीलर से लाभुकों को टैग किया जाएगा। वहीं डीलर से लाभुकों से अंगूठा लगाकर पर्ची क्यों नहीं निकाला गया स्पष्टीकरण पूछा जाएगा। इस मौके पर मुखिया पति अनिल चौबे, विधायक प्रतिनिधि भानु गुप्ता, आलोक गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

दो गुटों के बीच मारपीट में दोनों पक्ष के पांच गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत परसौनी में फुटबॉल मैदान को लेकर दो गुटों के बीच हुए झड़प में शामिल दोनों पक्ष से कुल पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना कांड संख्या 87/23 के तहत परसौनी गांव के सुरेश साव द्वारा दिए गए आवेदन पर मारपीट में शामिल 30 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद ज्ञास और मोहम्मद याकूब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इधर परसौनी गांव के हीं दूसरे गुट के मोहम्मद मोजाहिर द्वारा दिए गए आवेदन पर थाना कांड संख्या

28/23 के तहत 14 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बानाचक गांव के गौतम कुमार एवं परसौनी गांव के आकाश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं परसौनी गांव में शांति व्यवस्था बहाली के लिए जिला एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा जगह-जगह पर पुलिस सशस्त्र बल के जवानों को ड्यूटी पर लगाया गया है।

बीआरसी को शिक्षक बढ़ाने को दिया आवेदन

बारियातु। प्रखंड क्षेत्र के बालूभांग पंचायत के राजकीय उमवि हेरनहोपा में शिक्षक बढ़ाने के लिए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को ग्रामीणों ने आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से बिनोद कुमार यादव, सुकुल गंझु, प्रदीप, आशीष, सुनीता, मनीषा, रितेश यादव, बासदेव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि हेरनहोपा चतरा जिला के सीमांत पर है जहां अनुसूचित जाति, जनजाति व ओबीसी के लोग निवास करते हैं। विद्यालय में 150 छात्र छात्राएं पढ़ाई करते हैं और इस सत्र में नामांकन बढ़ रहा है। प्रत्येक दिन 60 से 70 प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति रहती है। विद्यालय में तीन शिक्षक हैं। एक शिक्षक शंभू पासवान 30 जून को सेवानृवित्त हो गए, विद्यालय मे मात्र एक शिक्षक बचे हुए हैं।

जल नल योजना के तहत चयनित जगह पर बोरिंग नहीं होने से ग्रामीणों में भारी रोष

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह

प्रखंड के छिपादोहर पंचायत के बारबहीया टोला के ग्रामीणों ने जल नल योजना के तहत चयनित स्थल पर बोरिंग नहीं करने की शिकायत करते हुए उक्त स्थल पर पुनः जल नल योजना के तहत बोरिंग करवाने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीण जाकिर अंसारी, सद्दाम अंसारी, अंजुम बानो, सलाम अंसारी, अलीमुद्दीन अंसारी समेत अन्य लोगों ने लातेहार उपायुक्त को दिए अपने आवेदन पत्र में कहा है कि जल नल योजना के तहत संबंधित संवेदक एवं कनीय अभियंता द्वारा बीते रात्रि इस टोला में डीप बोरिंग

का काम किया जा रहा था, लेकिन एकाएक 40 फीट बोरिंग होने के बाद बोरिंग मशीन को उक्त चयनित स्थल से हटाकर दूसरे स्थान पर भेज दिया गया। ग्रामीणों की शिकायत है कि योजना में भेदभाव करते हुए हम सभी लोगों को इस योजना से वंचित रखा जा रहा है। ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए लातेहार डीसी से उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं सूचीबद्ध चयनित स्थल पर जल नल योजना के तहत बोरिंग नहीं होने पर घटनास्थल पर पहुंचे भाजपा युवा मोर्चा के छोटू राजा एवं युवा मोर्चा के अजय सोनी ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि सूचीबद्ध चयनित स्थल पर हो रहे बोरिंग को एकाएक राजनीतिक साजिश के तहत रोकवाना ग्रामीणों के साथ भेदभाव है। इसका भाजपा विरोध करते हुए जोरदार तरीकों से आंदोलन करेगी।

बच्चों को दी गयी विधिक सेवाओं की जानकारी

महुआडांड़। प्रखंड के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय महुआडांड़ में स्वाति विजय उपाध्याय सचिव लालसा लातेहार के निर्देशानुसार कानूनी सहायता केंद्र के पीएलभी इंद्रजीत प्रसाद ने उपस्थित छात्रों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार द्वारा प्रदत्त निशुल्क सेवा कानूनी सेवाओ के बारे में विस्तृत रूप से छात्र-छात्रओं को जानकारी दी। प्रसाद ने कहा विधिक सेवाओं के साथ भष्टाचार और अंधविश्वास के खिलाफ भी छात्रों को जागरूक रहने को कहा गया। साथ ही जीवन में स्वास्थ कैसे रहें, इसके लिये कुछ महत्वपूर्ण टिप्स दिये गये। मौके पर प्राचार्य गिरजाराम, शिक्षक दिलेशवर टोप्पो सहित स्कूल सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

चेतावनी | मुहर्रम को लेकर केतार थाने में शांति समिति की बैठक, बीडीओ बोले

भड़काऊ मैसेज फारवर्ड करने पर होगी कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता। केतार

केतार थाना परिसर में मुहर्रम पर्व के मध्येंनजर गुरुवार को बीडीओ मुकेश मछुआ की अध्यक्षता में बैठक हुई। बीडीओ मुकेश मछुआ ने दोनों समुदायों के प्रबुद्ध लोगों से मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि डीजे निर्धारित सीमा में ही बजाएं और निर्धारित रूट से ही निकालें।

बीडीओ ने कहा कि जूलूस में भड़काऊ नारा लगाने तथा गैर पारंपरिक हथियारों का प्रदर्शन करने वाले लोगों को चिन्हित कर तत्काल कार्रवाई की जायेगी। बीडीओ ने कहा

कि जूलूस के रूट पर अगर किसी दूसरे धर्मावलंबियों का पूजा स्थल है तो वहां पर रुककर कोई कार्यक्रम या शक्ति का प्रदर्शन नहीं करें। वहीं थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने कहा कि ऐसा कोई भी कार्य नहीं करें जिससे अन्य धर्म के लोगों की भावना आहत हो। उन्होंने 29 जुलाई को ताजिये का पहलाम निर्धारित समय पर ही करने का निर्देश दिया गया। अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। वहीं धार्मिक भावना आहत करने वाला मैसेज फारवर्ड करने वाले लोगों पर कार्रवाई होगी। वहीं बेलाबार - नावाडीह गांव के ग्रामीणों ने सड़क से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, मुखिया मुंगा साह, मुन्नी देवी, श्याम सुंदर बैठा, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, राम बिचार साहू, हेमंत पाठक, त्रिपुरारी सिंह, बीस सूत्री उपाध्यक्ष शुशिल पाठक, हकमुदिन अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, साबित अली, अली हुसैन, समीम अंसारी, जसमुदिन अंसारी, अलताब आलम, छोटन सिंह, सुधीर ठाकुर प्रदुम्न प्रसाद आदि मौजूद थे।

डीडीसी की अगुवाई में जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की हुई समीक्षा बैठक

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में लोहरदगा जिला में इस वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में एएनसी रजिस्ट्रेशन, एनीमिक महिलाओं की पहचान व उनका इलाज, हिमोग्लोबीन की कमी वाले महिलाओं की पहचान व उनका इलाज, लिंगानुपात, संस्थागत प्रसव, कुशल अटेंडेंट के द्वारा घर में हुए डिलिवरी, नवजात को एक घंटे के अंदर स्तनपान कराये जाने, अल्पवजनी बच्चों की संख्या आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गई। सिविल सर्जन को जिला के

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए क्रय किये गये अल्ट्रासाउंड मशीनों के संचालन के लिए यूपीएस का क्रय कर अल्ट्रासाउंड मशीनों का इस्तेमाल प्रारंभ कराने का निर्देश दिया गया। बैठक जून माह में टीबी रोगियों, मलेरिया रोगियों और कुष्ठ रोगियों की पहचान व ईलाज की समीक्षा की गई व आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में नीति आयोग की ओर से विभिन्न इंडीकेटर्स पर दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन किये जाने का निदेश दिया गया और प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, सदर अस्पताल उपाधीक्षक, डीपीएम एनएचएम, अस्पताल प्रबंधक, सभी एमओआईसी व अन्य समन्वयक उपस्थित थे।

ज्ञान की बात

'प्रत्येक धर्म में कुछ न कुछ ऐसी ज्ञान की बातें जरूर बताई गई हैं जिनसे हर धर्म का इंसान कुछ ना कुछ जरूर सीख सकता है।' - अज्ञात

अपराध बेलगाम, अंकुश जरुरी

झारखंड में बेलगाम अपराध पर नकेल कसना समय की मांग है। जेल से चलता वसूली रैकेट और धमकी का खेल ,जेल में रहते हुए कानून व्यवस्था को मजाक बना देने वाले गैंगस्टर को अब निशाने पर लिया जाना चाहिए। इनके लिए नया प्लान बनाने की जरूरत है। जिसके बाद उम्मीद की जानी चाहिए कि गैंगस्टरों का संगठित गिरोह चकनाचूर होगा। इसके बाद ही अपराध में कमी आयेगी। हाल के दिनों में सूबे में बेलगाम और झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बनते जा रहे आपराधिक गिरोह के गुर्गे अब कारोबारियों के बाद पुलिस अधिकारियों पर भी जानलेवा हमले कर रहे हैं। रामगढ़ के पतरातू में एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और रामगढ़ के दारोगा सोनू साव पर जिस तरीके से अमन साहू गैंग के गुर्गे बॉबी खान ने खुलेआम फायरिंग कर उन्हें जख्मी कर दिया उससे अब पुलिस मुख्यालय तक में इन गुर्गों के कारनामों की गूंज पहुंचती नजर आ रही है। गुर्गे बेखौफ और बेलगाम अंदाज में राजधानी रांची से लेकर अन्य जिलों में खुलेआम गोलीबारी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। यह कहीं से जायज नहीं है। पुलिस खुपिया तंत्र को मजबूत कर सभी विशेष बलों और पुलिस इकाई के साथ मिलकर इनके सफाये के लिए अभियान चलाये। बहरहाल ताजा मामला रामगढ़ के पतरातू का है। जहां रांची से एटीएस और लोकल थाने की पुलिस टीम पर जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन साहु गिरोह के गुर्गे के आने से की सूचना पर पहुंची थी, लेकिन गुर्गों ने पुलिस टीम को देखते ही फायरिंग कर दी, जिसमें एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और एक दारोगा सोनू साव को गोली लगने से जख्मी हो गये। कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू फिलहाल दुमका के जेल में बंद है। नौ महीने पहले कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू ने मेदिनीनगर सेंट्रल के अधीक्षक जितेंद्र कुमार को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके अलावे उनके ड्राइवर को भी धमकी भरा फोन किया। अब उसके गुर्गे पुलिस अधिकारी को गोली मारने से भी नहीं चूक रहे हैं। गुर्गे गोली मारकर फरार हो जा रहे हैं और पुलिस को भनक तक नहीं लगी है। झारखंड में चार बड़े आपराधिक गिरोह सक्रिय है और इन सभी गिरोह के सदस्यों में कानून का भय खत्म हो गया है। हाल के दिनों में जिस प्रकार से घटना को अंजाम दिया है उससे लोगों में भय का माहौल पैदा हो गया है। चार बड़े गिरोहों के नाम अमन साहू गिरोह, सुजीत सिन्हा गिरोह, अमन श्रीवास्तव गिरोह और पांडेय गिरोह शामिल है। ये गिरोह मुख्य रुप से झारखंड के राजधानी रांची, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, चतरा, रामगढ़ और हजारीबाग में सक्रिय है. ये गिरोह इन सभी जिलों में बड़े स्तर पर उत्पात मचाया है. इन गिरोह के सभी मुखिया जेल में बंद हैं। उसके बाद भी जेलों से अपना अपना गिरोह का संचालन कर रहा है। जिस प्रकार से जेल में बंद रहने के बाद ये सभी गिरोह के लोग घटना को अंजाम दे रहें हैं ऐसा लग रहा है कि इनके अंदर कानून का भय खत्म हो गया है। हालांकि एटीएस डीएसपी को गोली मारने वाला अमन गिरोह का शूटर बाबी पकड़ा जा चुका है लेकिन इस कार्रवाई से कुछ नहीं होने वाला है। इससे भी बड़े कदम की जरूरत है। साथ ही अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई के बाद ही अपराध में कमी आयेगी। रांची के अरगोड़ा इलाके में पिछले दिनों कोयला कारोबारी रंजीत गुप्ता पर फायरिंग हुई थी। इस घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई थी। इस गोलीबारी की घटना के बाद भी रांची पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर पाई है। इस गोलीबारी की घटना को अंजाम कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के गुर्रे ने दिया था। इसके पहले कमल भूषण के लेखा जोखा रखने वाले आदमी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

हाल के दिनों में सूबे में बेलगाम और झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बनते जा रहे आपराधिक गिरोह के गुर्गे अब कारोबारियों के बाद पुलिस अधिकारियों पर भी जानलेवा हमले कर रहे हैं।

मानसून सत्र व्यर्थ नहीं, अर्थपूर्ण ढंग से चले

ललित गर्ग

मानसून सत्र दोनों सदनों में सुचारुरूप से चले इसके लिये सर्वदलीय बैठक में सहमति भले ही बनी हो, लेकिन अब तक के अनुभव के अनुसार यह सत्र भी हंगामेदार ही होना तय है। भारतीय जनता पार्टी को कड़ी टक्कर देने के लिए विपक्ष ने 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया)' नाम के नए गठबंधन की घोषणा कर दी है। नये गठबंधन के नेता संसद के मानसून सत्र में सरकार को घेरने की तैयारी में लगे हैं। मानो विपक्षी दलों ने प्रण कर लिया है कि वह इस सत्र को भी सुगम तरीके से नहीं चलने देगा। मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है और यह 11 अगस्त को खत्म होगा। इस दौरान संसद के दोनों सदनों की कुल 17 बैठकें रखी गई हैं। एक ओर जहां सत्ता पक्ष अहम विधेयकों को पारित करने की कोशिश में है, वहीं दूसरी ओर विपक्ष मणिपुर हिंसा, रेल सुरक्षा, महंगाई, यूनिफॉर्म सिविल कोड और अडाणी मामले पर जेपीसी गठित करने की मांग करने में लगा हुआ है। कई और मुद्दों को लेकर भी वह सरकार को घेरने की फिराक में हैं। ऐसे में, विपक्ष की भूमिका देश व सरकार के प्रति अपने कर्तव्य और दायित्व के सही एवं सकारात्मक निर्वहन की होनी अपेक्षित है। हम पिछले कुछ वर्षों से देख रहे हैं कि किस प्रकार संसद के सत्र छोटे पर छोटे होते जा रहे हैं और साल में संसद बामुश्किल 55 या 56 दिन के लिए ही बैठती है और उसमें भी सार्थक चर्चा होने के स्थान पर सत्ता व विपक्षी खेमों के बीच एक-दूसरे के ऊपर आरोप-प्रत्यारोपों की बौछार होती रहती है और भारी शोर-शराबा मचता रहता है या बैठकें बार-बार स्थगित होती रहती हैं। विपक्ष का आक्रामक रूख और हंगामा उचित नहीं है। उसे अपनी छवि सुधारनी चाहिए। हर बार की तरह इस बार भी संसदीय अवरोध का कायम रहता है तो इससे लोकतंत्र कमजोर ही होगा। लोकतंत्र में संसदीय अवरोध जैसे उपाय किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर सकते। इस मौलिक सत्य व सिद्धांत की जानकारी से आज का पक्ष एवं विपक्षी नेतृत्व अगर अनभिज्ञ रहता है, तो यह अब तक की हमारी लोकतांत्रिक यात्रा की कमी को ही दशार्ता है। यह स्थिति देश के लिये नुकसानदायी है, इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति की काली छाया से मानसून सत्र को बचाना प्राथमिकता होनी चाहिए। भारत पूरी दुनिया में संसदीय प्रणाली का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और इसके बावजूद इसकी संसद की हालत ऐसी हो गई है कि 17वीं लोकसभा का कार्यकाल पूरा होने में अब केवल मुश्किल से नौ महीने ही बचे हैं। इस अवधि में विपक्ष प्रभावी भूमिका में सामने आये, यह जरूरी है। वैसे भी संसद पर पहला अधिकार विपक्ष का होता है क्योंकि वह अल्पमत में होता है मगर उसी जनता का प्रतिनिधित्व करता है जिसका प्रतिनिधित्व बहुमत का सत्ताधारी दल करता है। अतः विपक्ष द्वारा उठाये गये मुद्दों और विषयों पर विशद चर्चा कराना सत्ताधारी दल का नैतिक कर्त्तव्य बन जाता है। मगर हम तो देखते आ रहे हैं कि पिछले सत्र में जिस प्रकार एक के बाद एक विधेयक बिना चर्चा के ही संसद के दोनों सदनों के भीतर भारी शोर-शराबे के बीच पारित होते रहे यहां तक कि चालू वित्त वर्ष के बजट को भी बिना किसी चर्चा के ही ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। ये लोकतांत्रिक प्रक्रिया को धुंधलाने के उपक्रम है। मानसून सत्र के दौरान सरकारी कार्यों की संभावित सूची में 31 नये विधेयकों को पेश या पारित करने के लिए शामिल किया गया है। इसमें दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक 2023 को भी जोड़ा गया है। यह विधेयक संबंधित अध्यादेश का स्थान लेने के लिए रखा जायेगा। इन कानूनों को पारित करने में सत्ता पक्ष से ज्यादा विपक्ष की भूमिका है, मगर हमने पिछले सत्र में देखा कि विपक्षी सांसदों ने संसद का बहिष्कार करके या उसका अवरोध करके उसको नहीं चलने दिया और पूरा सत्र व्यर्थ ही चला गया। मानसूत्र सत्र व्यर्थ न जाये, यह पक्ष एवं विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। इस सत्र में अहम विधेयक पेश किये जानें हैं, ऐसे में सभी का सहयोग बहुत जरूरी है। सभी दलों को सत्र चलाने में मदद करनी होगी। संसदीय कार्यमन्त्री का मुख्य कार्य विपक्ष के साथ संवाद कायम करके संसदीय कामकाज को सामान्य तरीके से चलाने का होता है। मगर इसके साथ ही दोनों सदनों के सभापतियों की भी यह जिम्मेदारी होती है कि वे संसद की कार्यवाही को चलाने के लिए संसदीय कार्यमन्त्रणा समितियों से लेकर विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं की सहयोग एवं सहृदयता प्राप्त करने का प्रयास करें। लेकिन जैसे-जैसे लोकतंत्र के विस्तार के साथ देश की भौतिक अवस्था में भी सकारात्मक बदलाव आया है, उससे तो कल्पना में यही बात रही होगी कि बौद्धिकता का भी स्तर और अभिव्यक्ति की शैली में प्रगतिशीलता और श्रेष्ठता आयेगी। लेकिन यथार्थ इससे एकदम भिन्न है। बहस की शैली और तत्त्व दोनों में ही गिरावट आई है। संसदीय बहसें अपने सुनने-देखने वालों की भी रचनात्मकता को कम करने में अधिक कारगर हो रही हैं। यही कारण है कि हल्की, ऊटपटांग, उलाहनापूर्ण, व्यंग्य और अपशब्दों वाली बहसें एवं हंगामें, जिन्हें संक्षेप में अमर्यादित और असंसदीय कह सकते हैं,, जो लोकतंत्र की गरिमा को धूमिल करती है, इन स्थितियों का उभरना एक चिन्तनीय स्थिति है। संसद में हम अगर सार्थक बहस या रचनात्मक चर्चा को ही टालने का प्रयास करेंगे तो आम जनता में जनप्रतिनिधियों के बारे में जो सन्देश जायेगा वह संसद की गरिमा के हक में नहीं होगा क्योंकि हर पांच साल बाद तो हर पार्टी का प्रत्याशी जनता से बड़े-बड़े वादे करके ही वोट यह कह कर पाता है कि वह लोकसभा में पहुंच कर आम जनता का दुख-दर्द व उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा करेगा और राष्ट्र की नीतियों के निर्माण में अपना योगदान देगा। लेकिन हर सांसद को यह योगदान देने के लिये तत्पर होना चाहिए एवं उनके दलों को भी यह भूमिका निभानी चाहिए। संसदीय अवरोध कोई लोकतांत्रिक तरीका नहीं है, उससे हम प्रतिपल देश की अमूल्य धन-सम्पदा एवं समय-सम्पदा को खोते हैं। जिनकी भरपाई मुश्किल है। इसके साथ ही राजनीतिक मूल्य, भाईचारा, सद्भाव, लोकतंत्र के प्रति निष्ठा, विश्वास, करुणा यानि कि जीवन मूल्य भी खो रहे हैं।

भारत में संसदीय प्रणाली का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है व इसके बावजूद इसकी संसद की हालत ऐसी हो गई है कि 17वीं लोकसभा का कार्यकाल पूरा होने में अब केवल मुश्किल से नौ महीने ही बचे हैं।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आईये सुने अश्वत्थामा की कथा

सिकंदर के आक्रमण के समय चाणक्य ने पोरस का साथ दिया। सिकंदर की हार और तक्षशिला पर सिकंदर के प्रवेश के बाद विष्णुगुप्त अपने गृह प्रदेश मगध चले गए और यहां से प्रारंभ हुआ उनका एक नया जीवन। उन्होंने विष्णुगुप्त नाम से शकटार से मुलाकात की। पिता का मित्र शकटार, जो अब बेहद ही वृद्ध हो चला था। चाणक्य ने देखा कि मेरे राज्य की क्या हालत कर दी है घनानंद ने। उधर, विदेशियों का आक्रमण बढ़ता जा रहा है और इधर ये दुष्ट राजा नृत्य, मदिरा और हिंसा में डूबा हुआ है। एक बार विष्णु गुप्त भरीसभा में पहुंच गये। चाणक्य ने उस दरबार में क्रोधवश ही अपना परिचय तक्षशिला के आचार्य के रूप में दिया और राज्य के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने यूनानी आक्रमण की बात भी बताई और शंका जाहिर की कि यूनानी हमारे राज्य पर भी आक्रमण करने वाला है। इस दौरान उन्होंने राजा धनानंद को खूब खरी-खोटी सुनाई और कहा कि मेरे राज्य को बचा लो महाराज। लेकिन भरी सभा में आचार्य चाणक्य का अपमान हुआ, उपहास उड़ाया गया। बाद में चाणक्य फिर से शकटार से मिलते हैं और तब शकटार बताते हैं कि राज्य में कई असंतोषी पुरुष और समाज है उनमें से एक है चंद्रगुप्त। चंद्रगुप्त मुरा का पुत्र है। किसी संदेह के कारण धनानंद ने मुरा को जंगल में रहने के लिए विवश कर दिया था। अगले दिन शकटार और चाणक्य ज्योतिष का वेश धरकर उस जंगल में पहुंच गये, जहां मुरा रहती थी और जिस जंगल में अत्यंत ही भोले-भाले लेकिन लड़ाकू प्रवृत्ति के आदिवासी और वनवासी जाति के लोग रहते थे। वहां चाणक्य ने चंद्रगुप्त को राजा का एक खेल खेलते हुए देखा।

(क्रमशः)

परीक्षा घोटाला होने पर उस केन्द्र पर ही पुर्न परीक्षा

मध्य प्रदेश पटवारी भर्ती परीक्षा को लेकर तमाम तरह के सवाल खड़े किये जा रहे हैं। पटवारी भर्ती के लिए लगभग बारह लाख परीक्षार्थियों ने आवेदन भरे थे। इनमें से लगभग नौ लाख परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा परिणामों में आठ हजार छः सौ अभ्यर्थी चयनित सूची में आए। किन्तु 13 जिलों के 78 केंद्रों में से एक सेंटर पर हुए कथित घोटाले या कहें कि सामूहिक नकल के आरोपों के कारण पूरी भर्ती प्रक्रिया पर ही उँगली उठाई जा रही है। कांग्रेस पार्टी इसे चुनावी मुद्दा बनाने के लिए पूरे प्रदेश भर में व्यापक आंदोलन कर रही है। विपक्षी दल होने के कारण सरकार की किसी भी चूक पर विरोध करना उसका कर्तव्य है किंतु क्या इस विरोध से पीड़ित छात्रों को न्याय मिल पायेगा ? यहाँ प्रश्न यह भी है कि पीड़ित कौन है? वे एक सौ चौदह संभावित विद्यार्थी, जिनका अधिकार इन कथित नकलचियों ने पैसे देकर छीन लिया या फिर पूरी भर्ती प्रक्रिया के लटक जाने से नौकरी से वंचित हो जाने वाले साढ़े आठ हजार योग्य, परिश्रमी और पूरी ईमानदारी से परीक्षा पास करने वाले युवा? मूल समस्या क्या है ? ऐसे मामले सामने आने पर उनका स्थायी समाधान होना चाहिए। पर इसकी बजाय चुनावी मौसम में जिसे देखो वही अपनी सुविधा और लाभ के लिए विरोध या समर्थन का झंडा उठाये घूम रहा है। आज पूरे देश में ऐसा वातावरण बनाया जा रहा है कि मध्य प्रदेश में परीक्षा घोटाला होना आम बात है जबकि वतार्मान समय में यह सही नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में अपवादों को छोड़कर पूरे प्रदेश में निर्विघ्न परीक्षाएं संपन्न होती आ रही हैं। राजनीति अपनी जगह है सच्चाई अपनी जगह। कुछ नकलचियों के पाप की सजा ईमानदारी से परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों को क्यों मिले? हमारा संविधान भी यही कहता है कि किसी निर्दोष को सजा नहीं मिलनी चाहिए। अभी पिछले दिनों छत्तीसगढ़ में राज्य सेवा परीक्षा में हुए कथित घोटाले को लेकर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के विरुद्ध वहां के विपक्षी दलों ने जोरदार प्रदर्शन किया। परिणाम क्या हुआ, जांच बैठा दी गई और रिपोर्ट मिलने की अंतहीन प्रतीक्षा शुरू है। ठीक इसी प्रकार राजस्थान में रीट परीक्षा में पेपर लीक होने पर विपक्षी दलों ने वहां की सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के विरुद्ध प्रदर्शन किया, परिणाम क्या हुआ ? जांच बैठा दी गई और रिपोर्ट का अता-पता नहीं है ।मध्य प्रदेश में पटवारी भर्ती परीक्षा में एक केंद्र पर कथित घोटाले का आरोप लगा तो यहाँ क्या हुआ ? यहां भी जांच के आदेश दे दिये गये हैं। चूंकि मध्य प्रदेश में नवम्बर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं इसलिए कांग्रेस इसे चुनावी मुद्दा बनाकर अपने कार्यकर्ताओं को सड़कों पर उतार रही है। कांग्रेस के बड़े नेताओं ने स्वयं ट्वीट करके मोर्चा खोल दिया है। राजनीति ऐसे ही चला करती है इसलिए यह कोई विशेष बात नहीं। विशेष बात यह है कि इस शोर-शराबे में परीक्षा व्यवस्था में सुधार पर कोई बहस होती नहीं दिखती। निःसंदेह यह बहुत बड़ा अपराध है इसकी जांच भी होनी चाहिए और दोषियों को सजा भी मिलनी ही चाहिए। किन्तु क्या इस प्रकार की घटनाएं, नकल या पेपर लीक पूरी तरह रोके जा सकते हैं ? इसका एक ही उत्तर हो सकता है, हां। किन्तु अपवादस्वरूप ऐसी घटनाएं होती रह सकती हैं। यदि पचास या सौ केन्द्रों में से किसी एक केंद्र पर कोई गड़बड़ी होने पर यदि पूरी परीक्षा निरस्त होने की परम्परा चल निकली तो देश में परीक्षाएं कराना असंभव हो जायेगा ।परीक्षा में पारदर्शिता लाने के लिए ऑनलाइन प्रणाली अपनाई गई।

डॉ.रामकिशोर उपाध्याय

विपक्षी दल होने के कारण सरकार की किसी भी चूक पर विरोध करना उसका कर्तव्य है किंतु क्या इस विरोध से पीड़ित छात्रों को न्याय मिल पायेगा ? यहाँ प्रश्न यह भी है कि पीड़ित कौन है?

शिक्षा

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

क्यों तड़प उठी दिल्ली में यमुना नदी

जब भी किसी भी नदी की धारा सूख जाती है, तो लोग उसमें अपना घर बना लेते हैं या तरह-तरह के अतिक्रमण कर लेते हैं और जब बारिश के दिनों में नदी अपने वास्तविक स्वरूप में लौटती है तो कहा जाने लगता है कि देखो, बाढ़ आ गई। आज जब यमुना अपना अस्तित्व बचाने के लिए पूरे सामर्थ्य के साथ दिल्ली के लोगों और दिल्ली की गंदगी दोनों से एक साथ लड़ रही है तो दिल्ली भर में हाहाकार मचा हुआ है। सच में, दिल्ली द्वारा दिये गये कष्ट से ही तड़प उठी है यमुना। दिल्ली को अपनी यमुना को तो हर सूरत में बचाना ही होगा। हालत यह बन गई है कि जो यमुना दिल्ली की जीवन रेखा मानी जाती थी, अब उसमें तमाम शहर की गंदगी, गंदे कपड़े, कबाड़, पॉलिथीन, मरे जानवर, फैक्ट्रियों-कारखानों से निकलने वाले जहरीले रासायनिक तत्व मिलाये जा रहे हैं। जो यमुना नदी दिल्ली की जीवन रेखा थी आज वह खुद ही अपने जीवन की भीख मांग रही है। इस बार तो दिल्ली सरकार के केंद्र, दिल्ली सचिवालय से लेकर राजघाट, शांतिवन, शक्ति स्थल, सुप्रीम कोर्ट और निगम बोध घाट तक में चला गया यमुना में आई बाढ़ का पानी। बाढ़ ने इन सबके दरवाजे बंद करवा दिये। दिल्ली के पुराने मोहल्ले, कटरों, कूचों, गलियों, बाडो के बाशिंदे इसे कभी 'यमुना नदी' कहकर नहीं पुकारते, आज भी उनकी जुबान पर 'जमुना जी' चढ़ा है। यमुना कभी भी इनके लिए एक नदी नहीं रही। वे जमुना जी में स्नान करके खुद को धन्य, मोक्ष की प्राप्ति समझते थे। जब दिल्ली, कश्मीरी गेट, लाहौरी गेट, अजमेरी गेट, दिल्ली गेट तक ही सीमित थी, तो यहां के रहने वालों के लिए रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने का जरिया भी थी जमुनाजी। पीने का पानी, किनारे पर पैदा होने वाली साग-सब्जी, गाय-भैंस को पानी पिलाने, नहलाने, तैराकी के मेले, मरघट वाले हनुमान बाबा का मंदिर। दिल्ली की बुजुर्ग महिलाओं का भोर में ही जमुनाजी जाकर स्नान ध्यान करना आम बात थी। यमुना में आई बाढ़ से सिर्फ गरीब-असहाय ही कष्ट में नहीं हैं। धनी और असरदार लोगों को भी जमुना जी ने उनकी सही ताकत का अहसास करा दिया। यमुना के करीब सिविल लाइंस में बनी विशाल कोठियां भी पानी-पानी हो गईं। साधना टीवी के सीईओ और प्रधान संपादक राकेश गुप्ता के सिविल लाइंस वाले घर की बेसमेंट और पहली मंजिल में बाढ़ का पानी चला गया। उन्हें और उनके परिवार को नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एनडीआरएफ) के जवान नावों में सुरक्षित स्थानों पर लेकर गये। राकेश गुप्ता कह रहे थे कि वे जब नाव पर बैठे थे तो वे यह सोच रहे थे कि इंसान को हमेशा बुरे वक्त को याद रखना चाहिए। बुरा वक्त बहुत कुछ सिखा जाता है। बहरहाल, इसी सिविल लाइंस के एक घर में बाबा साहेब अंबेडकर ने अपने जीवन के अंतिम वर्ष गुजारे। इसी सिविल लाइंस मेट्रो स्टेशन के करीब 1925 में बने दिल्ली ब्रदरहुड हाउस में बाढ़ का पानी नहीं घुस पाया। पर पानी गुरु जम्भेश्वर धर्मशाला तक पहुंच गया था। यानी दिल्ली ब्रदरहुड हाउस को लगभग स्पर्श कर गया। यहां से ही फिलहाल दिल्ली डाइआसिसन बोर्ड के समाज सेवा से जुड़े काम होते हैं। इनके कार्यकर्ता आजकल राजधानी के बाढ़ प्रभावित इलाकों में भोजन, फल और दवाइयां बांट रहे हैं। इनका अधिकतर काम यमुना पुश्ते पर चल रहा है। बाढ़ ने पुश्ते के आसपास रहने वाले लाखों लोगों को अपनी चपेट में लिया। दिल्ली डाइआसिसन बोर्ड राजधानी के गिरिजाघरों, ईसाई समाज की तरफ से संचालित स्कूलों, ओल्ड एज होम वगैरह का प्रबंधन करता है।

आर.के.सिन्हा

दिल्ली के पुराने मोहल्ले, कटरों, कूचों, गलियों, बाडो के बाशिंदे इसे कभी 'यमुना नदीर कहकर नहीं पुकारते, आज भी उनकी जुबान पर 'जमुना जी' चढ़ा है।

धरोहर

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

वाराणसी: सड़क दुर्घटना में दो किशोरों की मौत, एक घायल

वाराणसी। जनपद के रोहनिया थाना क्षेत्र के गंगापुर-मोहनसराय मार्ग पर कनेरी गांव के समीप सड़क हादसे में दो किशोरों की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य किशोर गंभीर रूप से घायल गया। घायल किशोर को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे में मृत किशोर चचेरे भाई बताए गए। बुधवार की देर रात हुए हादसे से मृत किशोरों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। गुरूवार को पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चितईपुर निवासी विनय (14) पुत्र विजय, बसंत (16) पुत्र राजेश राम अपने दोस्त आलोक उर्फ धीरू (17) के साथ बुधवार शाम मोटरसाइकिल से बड़ागांव हरहुआ के कोईराजपुर स्थित अपने ननिहाल गए थे। देर रात घर लौटते समय कनेरी गांव के पास उनकी तेज रफ्तार मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक मकान के दीवार से सीधे टकरा गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी चीख पुकार सुन कर आसपास के लोग जुटे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तीनों को एंबुलेंस बुलवा कर इलाज के लिए बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेजा। जहां चिकित्सकों ने बसंत और विनय को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही किशोरों के परिजन अस्पताल पहुंच गए।

हरदोई में चार बच्चों की पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत

हरदोई। जनपद के पचदेवरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मैकपुर गांव में गुरूवार को सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में डूबकर चार बच्चों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना गहरा शोक व्यक्त किया है। मैकेपुर निवासी शब्बीर अली का पुत्र अजमत (11) और सद्दाम (14), गांव के ही शौकीन अली की पुत्री खुशनुमा (12) और बेटा मुस्तकीम (10) सड़क किनारे खेल रहे थे। इस दौरान चारों बच्चे सड़क किनारे गड्ढे में भरे पानी में गिर गए। पानी भरा गड्ढा गहरा होने के चलते चारों बच्चे उसमें डूब गए और उनकी मौत हो गई। चार बच्चों के पानी में डूबकर मौत की सूचना मिलते ही थाना पुलिस के साथ अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह मौके पर पहुंचे। बच्चों के शवों को पानी से निकालते हुए पुलिस ने परिजनों को ढांढस बंधाया। इस बीच लोगों ने हंगामा के प्रयास किया लेकिन पुलिस और मौके पर आए अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए सभी शांत कराया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद हरदोई में पानी में डूबने से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतक बच्चों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने दिवंगतों के परिजनों को अनुमन्य राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के भी निर्देश दिए हैं।

कैनिंग में महिला की गोली मारकर हत्या

दक्षिण 24 परगना: दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग थाना अंतर्गत हाटपुकुरिया ग्राम पंचायत के दक्षिण डेविसाबाद गांव में बुधवार की देर रात एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृत महिला का नाम छालिमा लश्कर सरदार (31) बताया गया है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, छालीमा की शादी सात साल पहले दक्षिण डेविसाबाद गांव निवासी बाबूराली सरदार के साथ हुई थी। दंपत्ति का एक पांच साल का बेटा भी है। आरोप है कि महिला बुधवार रात खा-पीकर अपने कमरे में सो रही थी। रात तकरीबन दो बजे अचानक कई बदमाशों ने छालीमा के घर पर धावा बोल दिया। आरोप है कि शोर सुनकर पहुंची छालीमा ने जब टार्च जलाया तो बदमाशों ने उसे गोली मार दी। छामिला तत्काल जमीन पर गिर पड़ी।

मुख्यमंत्री ने किया प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित, कहा

छात्रों को दिया जाएगा लैपटॉप

एजेंसी। भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को राजधानी भोपाल में आयोजित प्रतिभाशाली विद्यार्थी सम्मान समारोह में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान कर उनके बैंक खाते मेंलैपटॉप क्रय करने के लिए सिंगल क्लिक से प्रति विद्यार्थी 25-25 हजार रुपये की राशि अंतिरत की। इस दौरान मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की परीक्षा में 75 फीसदी या उससे अधिक अंक लाने वाले 78641 विद्यार्थियों के खातों में 196 करोड़ 60 लाख रुपये ट्रांसफर किए। मुख्यमंत्री चौहान ने कार्यक्रम में घोषणा करते हुए कहा कि अगले साल से सीबीएसई बोर्ड के लिए भी लैपटॉप देने की योजना लागू की जाएगी। भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर दोपहर 12 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चौहान ने प्रतीक स्वरूप संभाग के टॉपर विद्यार्थियों को चेक प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान भी किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री

शिवराज मंच से उतरे और पुष्पवर्षा कर कार्यक्रम में पधारे मेधावी छात्र-छात्राओं का स्वागत-अभिनंदन किया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों से सीधा संवाद भी किया। इस मौके पर स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) इन्दर सिंह परमार, जनजातीय कार्य मंत्री मीना सिंह के अलावा स्कूल शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री चौहान ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों को आई लव यू कहकर अपने संबोधित की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि मेरे बेटे-बेटियो, जैसे तुम्हारे मम्मी-पापा तुम्हारे उज्ज्वल भविष्य के लिए सोचते हैं, वैसे ही मैं भी दिन-रात तुम्हारे भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए सोचता रहता हूं।उन्होंने कहा कि टॉपर बच्चों ने मुझसे कहा कि मामा जी स्कूटी आपने एमपी बोर्ड को दी है, हमें नहीं दी। अब जितने टॉपर बच्चे हैं, उन्हें भी स्कूटी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आप विद्यार्थियों से सुझाव लेने के लिए पोर्टल बनवाएंगे। सुझाव दो, हम फिर किसी बहाने से मिलकर साथ बैठेंगे। मैं जब अपने भांजे-भांजियों के बीच होता हूं तो सबसे ज्यादा प्रसन्न होता हूं।

इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार 2018 में आ गई थी, तो तीन साल तक लैपटॉप बंद कर दिए थे। बच्चों की फीस भरवाना भी बंद कर दी थी। अभी मैं तीन लाख बच्चों की फीस भरवा रहा हूँ, जबकि कांग्रेस ने फीस और लैपटॉप देना बंद कर तुम्हारा भविष्य अंधकारमय बनाने का पाप किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2003 तक मध्यप्रदेश में जब स्कूल जाते थे, तो हम पहले एक हाथ में बस्ता और एक हाथ में फट्टी दबाकर ले जाते थे। बैठने की व्यवस्था नहीं होती थी। स्कूल भवन टूटे-फूटे रहते थे। अब मामा के राज में बिजली में पढ़ रहे हो। एक जमाना था कांग्रेस का, तब शिक्षकों को 500 रुपये तनख्वाह मिलती थी।

15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में एक और बिल्डर गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने गुरुवार को 15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में कथित संलिप्तता के लिए एक रियल एस्टेट फर्म के एडिशनल डायरेक्टर को गिरफ्तार किया।

आरोपी रियल एस्टेट कंपनी मिश्रा क्रिएशन्स प्राइवेट लिमिटेड के एडिशनल डायरेक्टर संतोष कुमार रथ हैं, जिसने निवेशकों को भुवनेश्वर के बाहरी इलाके चंदका में अपने प्रोजेक्ट 'यूटोपिया' में फ्लैट उपलब्ध कराने के लिए धोखा दिया। इससे पहले, उसी रियल एस्टेट कंपनी के प्रबंध निदेशक ज्योति रंजन मिश्रा को स्वदेश रे चौधरी की शिकायत के आधार पर दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया था। मिश्रा अभी भी न्यायिक हिरासत में हैं। ईओडब्ल्यू के अधिकारियों ने कहा कि दोनों ने 'यूटोपिया' परियोजना में फ्लैट देने के नाम पर स्वदेश के साथ-साथ अन्य निवेशकों को धोखा दिया। संतोष रथ शुरूआत में यूटोपिया प्रोजेक्ट की मार्केटिंग का काम देख रहे थे।

बंगाल हिंसा : महिला सांसदों ने सौंपी रिपोर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर हुए अत्याचार के मामलों को लेकर भाजपा महिला सांसदों की जांच समिति ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। आपको बता दें कि, भाजपा ने पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के दौरान हुई हिंसा में महिलाओं पर हुए अत्याचार एवं व्यापक पैमाने पर हुई हिंसा की जांच करने के लिए अपने पांच महिला सांसदों की जांच समिति बनाकर उसे बंगाल जाकर महिलाओं पर हुए अत्याचार की जांच करने का निर्देश दिया था। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा गठित पांच महिला सांसदों की जांच समिति का संयोजक भाजपा सांसद सरोज पाण्डेय को बनाया गया था और वहीं पार्टी के अन्य चार महिला सांसदों - रमा देवी, अपराजिता सारंगी, कविता पाटीदार और संध्या राय को इस समिति में शामिल किया था। भाजपा महिला सांसदों की इस समिति ने आज पार्टी अध्यक्ष नड्डा को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। भाजपा पश्चिम बंगाल, राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में महिलाओं पर हुए अत्याचार को संसद के अंदर भी जोर-शोर से उठाने की तैयारी कर रही है।

छत्तीसगढ़ विस : सदन में कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर विपक्ष का हंगामा

एजेंसी। रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में गुरुवार को विपक्ष ने कर्मचारी संगठनों की हड़ताल का मुद्दा उठाया। शून्यकाल में भाजपा विधायकों ने दैनिक भोगी, संविदा व अनियमित कर्मचारियों की मांगों और हड़ताल का मुद्दा उठाया। भाजपा विधायकों ने कहा कि कर्मचारी सरकार की वादाखिलाफी से काफी नाराज हैं। लगातार राजधानी में आंदोलन चल रहा है। उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। कर्मचारियों की मांगों को लेकर हंगामा इतना बढ़ा कि सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित हो गई। शून्यकाल में भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कर्मचारियों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि दैनिक भोगी, संविदा व अनियमित कर्मचारियों के 145 संगठन हड़ताल पर हैं। हड़ताल पर बैठे

कर्मचारियों से सरकार का कोई भी प्रतिनिधि आज तक उनसे मिलने नहीं पहुंचा। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री की विश्वनीयता पर विश्वास जताया, लेकिन मुख्यमंत्री भी उनसे मिलने नहीं गए। पूर्व नेताप्रतिपक्ष धर्मलाल कौशिक ने कहा कि घोषणापत्र पर लोगों ने विश्वास कर कांग्रेस को वोट दिया और आप की सरकार बनीं। चार लाख कर्मचारी धरने पर बैठे हैं, उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। शिव रतन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की घोषणा पत्र के 36 बिंदु में से एक भी बिंदु पूरा नहीं हुआ। लोग ठगी महसूस कर रहे हैं। भाजपा विधायकों ने इस मामले में काम रोको प्रस्ताव लाकर चर्चा की मांग की। भाजपा विधायकों ने कहा कि कर्मचारियों से जुड़ा मुद्दा है, इसलिए इस मुद्दे पर सदन में काम रोककर इस मुद्दे पर चर्चा करानी चाहिये। भाजपा सदस्यों की मांग को उपाध्यक्ष संतराम ने अग्रह्यय कर दिया।

पर्यावरण के प्रति सबसे अधिक जिम्मेदारी हमारी बनती है : डॉ. मोहनराव भागवत

एजेंसी। गाजीपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन राव भागवत ने सिद्धपीठ से गुरुवार को प्रस्थान करने से पूर्व कहा कि सिद्धपीठ एवं संत महात्माओं की धरती पर आने से मैं रिचार्ज हो जाता हूं। सामाजिक कार्यों के लिए मुझमें नई ऊर्जा स्फूर्त हो जाती है। आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवन ने कहा कि पर्यावरण की उन्नति ही हमारी व हमारे समाज की उन्नति है। हरा भरा व पर्यावरण के अनुकूल क्षेत्र देखकर हमें वहां के लोगों व वातावरण का आभास हो जाता है। पर्यावरण के प्रति सबसे अधिक जिम्मेदारी हमारी बनती है। इसलिए पर्यावरण के उन्नयन का सदैव ख्याल रखना चाहिए। उक्त बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन राव भागवत

ने नवग्रह वाटिका पूजन के बाद कही। इस मौके पर क्षेत्र प्रचारक अनिल, काशी प्रांत प्रचारक रमेश, सह प्रान्त प्रचारक मुनीष, मुरली पाल, संतोष यादव समेत कई संघ के पदाधिकारियों ने पौधरोपण किया। सिद्धपीठ हथियाराम मठ पर अपने प्रवास के दूसरे दिन डॉ. भागवत सिद्धपीठ के विशाल वन क्षेत्र स्थित संत निवास पहुंचे, जहां उन्होंने नवग्रह पूजन और नवग्रह वाटिका की स्थापना किया। इस अवसर पर वैदिक विद्वानों ने नवग्रह के सभी वृक्षों का पूजन कराते हुए पौधरोपण कराया। सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनंदन यति द्वारा संत निवास के विशालकाय परिसर में नवग्रह वाटिका का पूजन व स्थापना के समय बताया गया कि आने वाले समय में नवग्रह वाटिका के साथ ही अन्य आयुर्वेदिक गुण युक्त पौधों का संरक्षण किया जाएगा।ल सरसंघचालक डॉ मोहन राव भागवत आगमन के दौरान लगातार शहनाई वादकों व बैंड बाजा कलाकारों द्वारा राष्ट्रभक्ति व भक्ति गीतों के माध्यम से स्वागत किया जाता रहा। गुरुवार की सुबह जब वह कैलाश भवन से निकलकर संत निवास की ओर नवग्रह वाटिका पूजन के लिए जा रहे थे। उस समय भी वादकों ने अपनी प्रस्तुति की। सभी वाद्य यंत्र वादकों को खड़ाकरभागवत ने उनके साथ फोटो खिंचाई। उस समय थोड़ा सा विनोद करते हुए उन्होंने वादको से कहा कि अभी बाजा बजाना छोड़ कर मेरे साथ खड़े हो जाओ, फोटो निकलने वाली है। वहीं उन्होंने सभी वाद्य यंत्रकों का परिचय देते हुए लेते हुए कहाकि संघ में भी बैंड बजाता हूं। उन्होंने कलाकारों को सम्मानित किया।

अधिकारी जनता के हित में करें काम, केवल मीटिंग तक न रहें सीमित : सीएम योगी

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यहां लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 39 डिप्टी कलेक्टर और 93 पुलिस उपाधीक्षकों समेत 700 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुझे खुशी है कि 21वां नियुक्ति वितरण समारोह हो रहा है। मात्र 10 माह के भीतर परीक्षा परिणाम देकर नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। नवनियुक्त अधिकारियों से कहा कि आपके सामने अपनी योग्यता, क्षमता को दिखाने को लंबा समय है। अब आपको डिप्टी कलेक्टर

के रूप में व्यावहारिक जीवन का सामना करना पड़ेगा। अहंकार से मुक्त होकर कार्य करना होगा।

अपने को बड़ा अधिकारी समझ कर सबसे अलग रहने से कोई बड़ा नहीं हो जाता। याद रखना, यह भारत है। यहां जनता ही जनार्दन होती है। मुख्यमंत्री ने सिकंदर की कहानी सुनाते हुए कहा कि हमें खुद को सर्वशक्तिमान घोषित नहीं करना है। कई अधिकारी इसी भ्रम के साथ रहते हैं। सरकार को अंत में उन्हें नौकरी से बाहर करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस भर्ती प्रक्रिया में कोई विशेष क्षेत्र, जाति, धर्म नहीं दिखता है। आपको कहीं भी सिफारिश नहीं करानी पड़ी। आपके अभिभावकों को भी कहीं भटकना नहीं पड़ा। आप लोग नौकरी में आए हैं। केवल मीटिंग न कीजिए। परिणाम तक पहुंचिए। निर्णय लीजिए। जो अधिकारी बढ़िया काम करते हैं, उन्हें जनता याद रखती है। आम जन के काम के लिए आपसे किसी की सिफारिश की जरूरत न पड़े। उसका तत्काल काम होना चाहिए। 25 करोड़ प्रदेश की जनता के लिए काम कीजिए। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि 2017 के पहले उप्र की जो व्यवस्था लगातार नीचे जा रही थी, योगी आदित्यनाथ के आने के बाद वह निरंतर ऊपर उठ रही है। पहले भर्तियां लटकी रहती थीं। आज प्रतियोगी परीक्षाओं के लगातार परिणाम आ रहे हैं। युवाओं को नियुक्त पत्र बांटे जा रहे हैं। चयनित अभ्यर्थियों से पूरी लगन के साथ कार्य करने की अपील की। खन्ना ने कहा कि हर व्यक्ति अपना चरित्र प्रमाण पत्र खुद लिखता था। आप बेहतर करेंगे लोग याद करेंगे। पीठ पीछे भी तारीफ करेंगे।

ममता और अभिषेक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग

एजेंसी। कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट में गुरुवार को एक जनहित याचिका लगाई गई है जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे तथा सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई है। अधिवक्ता अनिंद्य सुंदर दास ने यह याचिका लगाई है जिसमें उन्होंने दावा किया है कि इन दोनों नेताओं के भड़काऊ बयान की वजह से पूरे राज्य में हिंसक गतिविधियां हुई हैं। न्यायमूर्ति इंद्रप्रसन्न मुखर्जी की खंडपीठ में याचिका स्वीकार कर ली गई है। अनिंद्य सुंदर दास ने कहा है कि ममता और अभिषेक बनर्जी

ने अपने भाषणों में ऐसा भड़काऊ बयान दिया है कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती चली गई है। उन्होंने कहा है कि तत्काल दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि इसी तरह का आरोप लगाते हुए नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ एक जनहित याचिका बुधवार को ही अधिवक्ता सुमन सिंह ने लगाई है। वह मामला भी न्यायमूर्ति इंद्रप्रसन्न मुखर्जी की एकल पीठ में स्वीकृत हुई है।

राजनीति मध्य प्रदेश में विधान सभा चुनाव से पहले नेताओं के दौरे तेज

भाजपा-कांग्रेस के प्रचारकों ने संभाला मोर्चा

एजेंसी। भोपाल

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के दौरे तेज हो गए हैं। दोनों ही पार्टियों के स्टार प्रचारकों ने मोर्चा संभाल लिया है और वे चुनाव में जीत के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाने में जुट गए हैं।

राज्य में इसी साल के अंत में विधानसभा का चुनाव होना है। यह चुनाव भाजपा और कांग्रेस के लिए आसान नजर नहीं आ रहा। यही कारण है कि राज्य इकाइयों के साथ-साथ केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य में अपना दखल बढ़ा दिया है। चुनाव में किन मुद्दों पर जोर दिया जाए, किन नेताओं को जिम्मेदारी व जवाबदेही सौंपी जाए, साथ ही किस रणनीति पर आगे बढ़ा जाए,

यह तय करने का सारा दारोमदार केंद्रीय नेतृत्व पर है। वैसे तो राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीते समय में कई दौरे हो चुके हैं, वहीं कांग्रेस की ओर से प्रियंका गांधी महाकौशल का दौरा कर चुकी हैं, आने वाले दिनों में दोनों ही दलों के तमाम बड़े नेताओं के मध्य प्रदेश दौरे प्रस्तावित हैं। कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के दौरों पर गौर करें तो प्रियंका गांधी ग्वालियर चंबल के दौरे पर 21 जुलाई को आ रही हैं, उनकी ग्वालियर में जनसभा होने वाली है। इसी तरह आठ अगस्त को राहुल गांधी शहडोल के ब्यौहारी आएंगे।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का सागर प्रवास है। एक तरफ जहां कांग्रेस अपनी तैयारियों में जुटी है और नेताओं के दौरे हो रहे हैं तो वही सत्ताधारी दल भाजपा ने अपनी तैयारियां तेज कर रखी हैं। पार्टी ने चुनाव के लिए प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र यादव को बनाया है और सह प्रभारी अश्वनी वैष्णव को, इतना ही नहीं प्रबंधन समिति का संयोजक केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को बनाया गया है। इसी बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 22 जुलाई को और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 23 जुलाई को प्रदेश के प्रवास पर आने वाले हैं। कुल मिलाकर दोनों राजनीतिक दलों के केंद्रीय नेतृत्व के बढ़ते दखल ने यह संकेत और संदेश तो दे ही दिया है कि विधानसभा चुनाव की कमान पूरी तरह केंद्रीय नेतृत्व के हाथ में रहने वाली है। राज्य के नेता पूरी तरह केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर ही काम करेंगे और चुनावी रणनीति का निर्धारण भी केंद्रीय नेतृत्व के जरिए किया जाएगा।

इसके भी संकेत मिल रहे हैं कि कांग्रेस और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व किसी भी स्थिति में प्रदेश के नेताओं पर पूरी तरह से छूट नहीं देगा जिससे चुनाव से कुछ समय पहले नेता इधर-उधर का रुख करें। दोनों ही पार्टियों में खेमेबाजी के मद्देनजर कोशिश की जा रही है कि चुनाव में इसका कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े।

भागलपुर में गैरकानूमी मिनी गन फैक्टरी का भंडाफोड, दो गिरफ्तार

भागलपुर। जिले के लोदीपुर थाना क्षेत्र के उस्तु गांव में पुलिस ने मिनी गन फैक्टरी का उद्भेदन किया है। इस मामले में पुलिस ने मो. अंजारूल और मो. सलमान उर्फ सलमी को गिरफ्तार किया है।साथ ही अवैध आग्नेयास्त्र एवं उपकरण बरामद हुआ है। यह जानकारी गुरुवार को एसएसपी आनंद कुमार ने दी। एसएसपी ने बताया कि बीते 19 जुलाई को सूचना प्राप्त हुई कि लोदीपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत उस्तु गांव में अवैध रूप से मिनी गन फैक्टरी का संचालन किया जा रहा है। इस पर पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था डॉ. गौरव कुमार के नेतृत्व में छापेमारी कर देशी पिस्तौल 05, अर्द्धनिर्मित दो नाली देशी राईफल 02, देशी कट्टा का अर्द्धनिर्मित बट बॉडी 07 पीस, अर्द्धनिर्मित देशी कट्टा का बैरल 02 पीस, बैरल 08 पीस, दो नाली बन्दूक का बैरल 01 पीस,आदि बरामद किया है।

NEWS इन ब्रीफ

इटली ने तैराकी विश्व में मिश्रित ओपन वाटर रिले स्वर्ण पदक जीता

फुकुओका (जापान)। इटली ने गुरुवार को यहां विश्व तैराकी चैंपियनशिप में मिश्रित 4 गुना 1500 मीटर ओपन वॉटर रिले खिताब जीता। पुरुषों के 5 किमी रजत पदक विजेता ग्रेगोरियो पाल्ट्रिनिएरी की अगुवाई में इटली ने एक घंटे, 10 मिनट और 31.20 सेकंड में रिले जीती। हंगरी 1:10:35.30 के साथ दूसरे स्थान पर रहा और ऑस्ट्रेलिया ने 1:11:26.70 के साथ कांस्य पदक जीता। महिलाओं की दोहरे स्वर्ण विजेता लियोनी बेक के नेतृत्व में जर्मनी 1:11:26.90 के साथ चौथे स्थान पर रहा। फ्लोरियन वेलब्रॉक, जिन्होंने पुरुषों की 5 किमी और 10 किमी दोनों स्पधाएं जीतीं, रिले रेस में शामिल नहीं हुए, जो फुकुओका वल्ड्र्स में अंतिम ओपन वॉटर इवेंट था।

हरारे में ज़िम एफ़्रो टी10 का उद्घाटन

हरारे। क्रिकेट के खेल का सबसे विस्फोटक प्रारूप जिम्बाब्वे में शुरू होने के लिए पूरी तरह तैयार है, क्योंकि टी10 पहली बार अफ्रीका में आएगा। टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स और जिम्बाब्वे क्रिकेट द्वारा आयोजित जिम एफ्रो टी10 का उद्घाटन संस्करण 20 जुलाई से हरारे स्पोर्ट्स क्लब में शुरू होगा। टी10 का फाइनल 29 जुलाई को यहीं खेला जाएगा। पांच टीमें हैं, हरारे हरिकेंस, बुलावायो ब्रेव्स, डरबन कलंदर्स, केप टाउन सैम्प आर्मी और जोहान्सबर्ग बफेलोज, जो अगले दस दिनों में हरारे में शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

विश्व कप में खेलना बहुत खास एहसास होता है : शिखर धवन

मुंबई। भारत के अनुभवी बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि एक खिलाड़ी के लिए वनडे विश्व कप में भाग लेना एक बहुत ही 'विशेष' एहसास है, जिसे कई लोग क्रिकेट के सबसे बड़े चरणों में से एक मानते हैं। वनडे विश्व कप का आगामी संस्करण 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक भारत में आयोजित किया जाएगा। धवन ने 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी20 में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और 50 से अधिक वैश्विक आईसीसी टूर्नामेंटों में उनका उत्कृष्ट रिकॉर्ड है। उन्होंने 2013 और 2017 चैंपियंस ट्रॉफी और पुरुष क्रिकेट विश्व कप के 2015 और 2019 संस्करणों में छह शतक सहित 65.15 की औसत से 1238 रन बनाए हैं।

एक बार में एक मैच पर ही ध्यान देंगे : राहुल द्रविड़

एजेंसी। नई दिल्ली

बहुप्रतीक्षित एशिया कप का शेड्यूल जारी होने के बाद टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ तीन बार खेलने की संभावना को लेकर चल रही चर्चा को स्वीकार किया और कहा कि उनकी टीम एक समय में एक ही मैच पर ध्यान केंद्रित करते हुए टूर्नामेंट में कदम दर कदम आगे बढ़ेगी। पाकिस्तान और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 2023 एशिया कप के कार्यक्रम की घोषणा बुधवार को कैंडी में 2 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले प्रतिष्ठित मुकाबले के साथ की गई। महाद्वीपीय प्रतियोगिता के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच तीन संभावित मुकाबलों की संभावना है यदि वे सुपर 4 में आगे बढ़ते हैं और अंततः फाइनल में पहुंचते हैं। बीसीसीआई द्वारा ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में द्रविड़ ने कहा, शेड्यूल आ

गया है और आपको पाकिस्तान से तीन बार खेलने के लिए सुपर4 के लिए क्वालीफाई करना होगा, इसलिए एक समय में एक कदम उठाना होगा। मैं भविष्य के बारे में सोचने पर विश्वास नहीं करता। मैं एक समय में एक ही मैच खेलना चाहता हूं। द्रविड़ ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि फाइनल में पाकिस्तान के साथ मुकाबला एक रोमांचक मुकाबला होगा, लेकिन उन्होंने टीम इंडिया के लिए एक समय में एक कदम उठाने पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व को दोहराया। द्रविड़ ने कहा, हम जानते हैं कि हमें पहले दो मैचों में पाकिस्तान और नेपाल से खेलना है, हमें उस पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, हमें अच्छी क्रिकेट खेलने की जरूरत है, हमें उन मैचों को जीतने की जरूरत है और फिर देखें कि टूर्नामेंट कहां जाता है। अगर हमें उनसे तीन बार खेलने का मौका मिलता है, तो मुझे लगता है कि यह शानदार है, इसका मतलब है कि हम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच जाएंगे और उम्मीद है कि पाकिस्तान भी फाइनल में पहुंच जाएगा। यह एक शानदार प्रतियोगिता होगी और हमारे लिए बहुत अच्छा होगा और हम निश्चित रूप से ऐसा करने का लक्ष्य रखते हैं, हम निश्चित रूप से फाइनल तक खेलना चाहते हैं और फाइनल जीतना चाहते हैं लेकिन हमें पहले दो कदम उठाने होंगे।"

पाकिस्तान, भारत और नेपाल ग्रुप ए में हैं जबकि बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका ग्रुप बी में हैं। छह देशों का टूर्नामेंट खेलों की मेजबानी के हाइब्रिड मॉडल के तहत पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 30 अगस्त को शुरू होगा, जब पाकिस्तान मुल्तान में नेपाल से भिड़ेगा। फाइनल 17 सितंबर को कोलंबो में होगा। 13 मैचों की प्रतियोगिता के लिए चार स्थानों का उपयोग किया जाएगा। पाकिस्तान में, मुल्तान 30 अगस्त को पाकिस्तान और नेपाल के बीच टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच की मेजबानी करेगा, इससे पहले कि बाकी तीन मैचों की कार्रवाई लाहौर में स्थानांतरित हो जाएगी। श्रीलंका पहले दौर के तीन मैचों के लिए कैंडी का और पांच सुपर-4 चरण के मुकाबलों और फाइनल के लिए कोलंबो का उपयोग करेगा।

महिला विश्व कप से पहले ऑकलैंड में गोलीबारी में 2 की मौत, हमलावर भी ढेर

एजेंसी। ऑकलैंड (न्यूजीलैंड)

न्यूजीलैंड में फीफा महिला विश्वकप प्रतियोगिता के पहले मैच से पहले गुरुवार को सुबह एक व्यक्ति ने यहां एक ऊंची निमार्णाधीन इमारत में गोलीबारी कर दी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। हमलावर पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। इस मुठभेड़ में एक पुलिस अधिकारी तथा चार आम नागरिक घायल हुए हैं। यह गोलीबारी उन होटल के पास हुई, जहां नॉर्वे और अन्य देशों की फुटबॉल टीम ठहरी हुई हैं। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस हिप्किन्स ने बताया कि प्रतियोगिता निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में राष्ट्रीय सुरक्षा को किसी प्रकार का खतरा नहीं है और यह हमला एक व्यक्ति का कृत्य प्रतीत होता है। उन्होंने कहा फीफा महिला विश्वकप प्रतियोगिता शाम को शुरू होने जा रही है, जाहिर है कि सबकी निगाहें ऑकलैंड पर हैं। सरकार ने सुबह प्रतियोगिता के आयोजकों से बात की और प्रतियोगिता अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी। पुलिस आयुक्त एंड्रयू कोस्टर ने बताया कि बंदूकधारी 24 वर्षीय व्यक्ति था जो इमारत स्थल में पहले काम करता था और उसने संभवतः वहां उसके काम से जुड़ी किसी घटना के चलते हमला किया।

विलकिन्सन के गोल से न्यूजीलैंड ने नार्वे को 1-0 से हराया

हन्ना विलकिन्सन के दूसरे हाफ में किये गये गोल की बदौलत न्यूजीलैंड फुटबॉल टीम ने यहां गुरुवार को महिला विश्व कप के पहले मैच में नार्वे को 1-0 से शिकस्त दी। महिला विश्व कप में यह न्यूजीलैंड की पहली जीत है। ईडन पार्क स्टेडियम में रिकॉर्ड 42,137 दर्शक मौजूद थे जो न्यूजीलैंड में फुटबॉल मैच के लिए रिकॉर्ड संख्या है। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस भी मैच देखने के लिये स्टेडियम में उपस्थित थे। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने इससे पहले आयोजित हुए पांच विश्व कप में हिस्सा लिया था। लेकिन कोई मैच नहीं जीता था।

पाक ने श्रीलंका को 4 विकेट से हराया

डब्ल्यूटीसी तालिका में भारत के साथ शीर्ष पर पहुंचा

एजेंसी। गाले

पाकिस्तान ने गुरुवार को पहले टेस्ट में श्रीलंका को चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) स्टैंडिंग में भारत के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गया है। मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए धनंजय डिसिल्वा (122) के शानदार शतक और एंजेलो मैथ्यूज (64) के अर्धशतक की बदौलत अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 312 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 461 रन बनाए और पहली पारी के आधार

पर 149 रनों की बढ़त हासिल की। पाकिस्तान के लिए पहली पारी में सऊद शकील ने 208 रनों की नाबाद दोहरी शतकीय पारी खेली। शकील के अलावा आगा सलमान ने 83 रन बनाए। दूसरी पारी में श्रीलंका ने धनंजय डिसिल्वा (82) और निशन मदुसका (52) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 279 रन बनाए और पाकिस्तान को 131 रनों का लक्ष्य दिया। 131 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के टीम ने इमाम उल हक (नाबाद 50) के नाबाद अर्धशतक की बदौलत 6 विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने अपने नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अभियान की शानदार शुरूआत की। इस जीत के बाद पाकिस्तान नए चक्र में एक-एक मैच के बाद 100 प्रतिशत जीत-प्रतिशत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है। सोमवार को कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टेस्ट शुरू होने पर पाकिस्तान अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखना चाहेगा।

मैं दूसरे टेस्ट में सतह पर अधिक घास की उम्मीद कर रहा हूं : आकाश चोपड़ा

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत गुरुवार शाम को पोर्ट ऑफ स्पेन, त्रिनिदाद और टोबैगो के क्वींस पार्क ओवल में शुरू होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा। दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ अपना 100वां टेस्ट मैच खेलेंगी और यह मैच विराट कोहली का 500वां अंतरराष्ट्रीय मैच भी होगा। दूसरे टेस्ट की अगुवाई में, जियोसिनेमा विशेषज्ञ आकाश चोपड़ा ने कहा, अगर यह ऐसी पिच है जो डोमिनिका की पिच के समान है, तो मैं देखता हूं कि तेज गेंदबाजों में से एक को आराम दिया जाएगा और अक्षर पटेल अंतिम ग्यारह में खेलेंगे। लेकिन मैं यह भी उम्मीद कर रहा हूं कि सतह पर थोड़ी अधिक घास होगी, सतह पर थोड़ी अधिक नमी होगी। अगर ऐसा मामला है, तो यह वही ग्यारह हो सकता है जो डोमिनिका में खेला था, दूसरे टेस्ट मैच में भी खेल सकता है। अभिनव मुकुंद को लगा

कि भारतीय टीम ज्यादा बदलाव नहीं करेगी। डोमिनिका में उस प्रभावशाली जीत के बाद, मुझे नहीं लगता कि बहुत अधिक बदलाव होंगे। लेकिन अगर कोई है, तो मैं एक तेज गेंदबाज को आते देखना चाहूंगा, नवदीप सैनी या मुकेश कुमार जैसा कोई, उनके जैसा कोई जो तीसरे सीमर की भूमिका निभा सकता है। लेकिन यह भी असंभव लगता है, कमोबेश, मुझे लगता है कि भारत उसी ग्यारह के साथ जाएगा। हालांकि, सैयद सबा करीम का मानना है कि यह सब सतह पर निर्भर करता है और कहा, ह्लअगर डोमिनिका में हमने जो देखा, वैसा ही ट्रैक पोर्ट ऑफ स्पेन के लिए तैयार किया जाता है, तो मुझे उम्मीद है कि तीसरे स्पिनर अक्षर पटेल टीम में शार्दुल ठाकुर की जगह आएंगे। यदि वेस्टइंडीज का थिंक टैंक तेज गति के अनुकूल ट्रैक पर चलता है, तो इस बात की प्रबल संभावना है कि भारत शार्दुल ठाकुर के स्थान पर नवदीप सैनी या मुकेश कुमार को ला सकता है।

स्टीव वॉ ने चौथे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई चयन की आलोचना की

मैनचेस्टर। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे एशेज टेस्ट के लिए टॉड मर्फी को अंतिम एकादश से बाहर करने के लिए ऑस्ट्रेलिया की आलोचना की। मेहमान टीम ने चौथे टेस्ट के लिए ऑफ स्पिनर मर्फी को लाइनअप से बाहर कर दिया। इसके बजाय, उन्होंने साथी ऑलराउंडर मिच मार्श के साथ जुड़ने के लिए कैमरून ग्रीन को वापस लाने का विकल्प चुना। 2012 के बाद यह पहली बार है कि ऑस्ट्रेलिया किसी टेस्ट मैच में फ्रंटलाइन स्पिनर की कमी वाली एकादश के साथ मैदान में उतरा है। वॉ ने ऑस्ट्रेलियाई चयन को लेकर एसईएनक्यू ब्रेकफास्ट को बताया, मैं इससे असहमत हूं।

एमर्जिंग एशिया कप : सेमीफाइनल में भारत ए की निगाहें शानदार प्रदर्शन पर

एजेंसी। कोलंबो

लीग चरण में दमदार प्रदर्शन करने के बाद भारत ए शुक्रवार को यहां बांग्लादेश ए के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल में जीत से एमर्जिंग एशिया कप के फाइनल में पहुंचने का प्रबल दावेदार होगा। भारत को अभी तक टूर्नामेंट में हार का सामना नही करना पड़ा है और सभी जीत में सबसे अहम पहलू यही रहा है कि प्रत्येक मुकाबले में जरूरत पड़ने पर कई मैच विजेता देखने को मिले। अब प्रतिस्पर्धी टीम बांग्लादेश के खिलाफ भारत की निगाहें सभी विभागों में शानदार प्रदर्शन जारी रखने पर लगी होगी। तेज गेंदबाज हर्षित राणा (41 रन देकर चार विकेट) और कप्तान यश धुल (108 रन) टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे जिससे टीम ने आठ विकेट से जीत हासिल की। लेकिन नेपाल के खिलाफ मैच में बायें हाथ के स्पिनर निशांत सिंधू (14 रन देकर

चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन (58 रन) और अभिषेक शर्मा (87 रन) ने नौ विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई।

टूर्नामेंट में आठ विकेट से सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले आलराउंडर राजवर्धन हांगरगेकर ने भी इस मैच में योगदान दिया और तीन विकेट झटके। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच में आठ विकेट से जीत हासिल की। इस मैच में मानव सुथार और निकिन जोश के अलावा साई सुदर्शन और हांगरकेकर का प्रदर्शन शानदार रहा। हांगरगेकर (42 रन देकर पांच विकेट) ने पांच विकेट झटके जबकि साई सुदर्शन (104 रन) ने शतक जड़कर सुर्खियां बटोरीं। लेकिन निकिन (53 रन) और बायें हाथ के स्पिनर सुथार (36 रन देकर तीन विकेट) ने भी अच्छा योगदान दिया। लेकिन बांग्लादेश की टीम को अब कहीं से भी हल्के में नहीं लिया जा सकता। टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में श्रीलंका के खिलाफ मिली हार के बाद बांग्लादेश ने अच्छी वापसी करते हुए ओमान और अफगानिस्तान को हराकर अंतिम चार चरण में जगह बनाई।

यूएस ओपन — अल्काराज, स्वीयाटेक प्रवेश सूची में अग्रणी

जोकोविच 2021 के बाद पहली बार लौटेंगे

एजेंसी। न्यूयॉर्क

वर्तमान विश्व के नंबर 1 पुरुष और महिला टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और इगा स्वीयाटेक 2023 यूएस ओपन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए संबंधित प्रवेश सूची में शीर्ष पर हैं, जो यूनाइटेड स्टेट्स टेनिस संघ द्वारा जारी की गई है। इस साल का यूएस ओपन 28 अगस्त से 10 सितंबर तक न्यूयॉर्क में यूएसटीए बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर में होने वाला है। अल्काराज और स्वीयाटेक दोनों गत चैंपियन के रूप में फ्लशिंग मीडोज में वापस आएंगे। इस साल के यूएस ओपन में पुरुष एकल के लिए मुख्य ड्रॉ कटऑफ 96 है जबकि महिला एकल के लिए यह 100 है।

तीन बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच भी दो साल में पहली बार यूएसए लौटने के लिए तैयार हैं। वह वैक्सीन प्रोटोकॉल के कारण पिछले साल के संस्करण से चूक गए थे, जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को कोविड-

19 के खिलाफ टीकाकरण की आवश्यकता होती है।

उनके साथ पूर्व चैंपियन डेनियल मेदवेदेव भी शामिल होंगे। साथ ही कैस्पर रूड, होल्गर रूण, स्टेफानोस सितसिपास और अमेरिकी जोड़ी टेलर फ्रिट्ज और फ्रांसिस टियाफो भी होंगे ।

संरक्षित रैंकिंग के साथ प्रवेश करने वाले अन्य उल्लेखनीय पुरुष एकल खिलाड़ियों में 2014 यूएस ओपन चैंपियन मारिन सिलिच शामिल हैं, जिन्हें जनवरी से दरकिनार कर दिया गया था; जिस व्यक्ति को हराकर उसने यह खिताब जीता, केई निशिकोरी; और अन्य पूर्व शीर्ष 10 खिलाड़ी, गाएल मोंफिल्स और मिलोस राओनिक भी मौजूद रहेंगे।

पूर्व विश्व नंबर 4 निशिकोरी, जो 2021 से बाहर थे, ने जून में प्यूर्टो रिको में एटीपी चैलेंजर इवेंट जीतकर आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में वापसी की।

महिला एकल में, स्वीयाटेक के साथ, तथाकथित बिग थ्री के अन्य सदस्य, एलेना रिबाकिना और आर्यना सबालेंका शामिल हैं। उनके साथ शीर्ष अमेरिकी, जेसिका पेगुला और कोको गॉफ और वर्तमान विंबलडन चैंपियन, मार्केटा वोंद्रोसोवा शामिल होंगी।

2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट जेनिफर ब्रैडी, जो इस सप्ताह कनाडा के ग्रांबी में लगभग पूरे दो वर्षों में अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही हैं, के 2021 में रौलां गैरो के बाद अपना पहला बड़ा टूर्नामेंट खेलने की उम्मीद है।

नौ पुरुषों और पांच महिलाओं ने चोट से सुरक्षित रैंकिंग में प्रवेश किया है जिसमें मारिन, निशिकोरी, ब्रैडी और रीली ओपेल्का के नाम शामिल हैं।

सूची में चार बार के विजेता राफेल नडाल का नाम नहीं है, क्योंकि ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान लगी कूल्हे की चोट के कारण वह बाहर हैं। इसी तरह, 2021 यूएस ओपन चैंपियन एम्मा रादुकानु को सूचीबद्ध नहीं किया गया है क्योंकि उनके दोनों हाथों और टखनों की सर्जरी हुई थी।

शेयर बाजार की तेजी पर ब्रेक, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

एजेंसी। नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार में पिछले 5 दिनों से जारी रिकॉर्ड तोड़ तेजी के सिलसिले पर आज ब्रेक लगता नजर आ रहा है। मुनाफावसूली के दबाव में घरेलू शेयर बाजार ने आज गिरावट के साथ कारोबार की शुरूआत की। हालांकि खरीदारों ने लिवाली करके बाजार को सहारा देने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली का दबाव अधिक होने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक ज्यादातर समय लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.26 प्रतिशत और निफ्टी 0.23 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से डॉ. रेड्डीज लेबोरेट्रीज, सन फार्मास्यूटिकल्स, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंडसइंड बैंक और हिंडाल्को

इंडस्ट्रीज के शेयर 1.99 प्रतिशत से लेकर 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजी, अल्ट्राटेक सीमेंट और हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 8.17 प्रतिशत से लेकर 1.36 प्रतिशत तक की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 1,933 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,134 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 799 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 7 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 23 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 9 शेयर हरे निशान में और 41 शेयर लाल निशान में कारोबार करते दिख रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 23.10 अंक की कमजोरी के साथ 67,074.34 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक में लगातार गिरावट आती चली गई। हालांकि खरीदारों ने बीच-बीच में लिवाली करके बाजार को सहारा देने की कोशिश की, जिससे ये सूचकांक कुछ देर के लिए हरे निशान में भी आया। लेकिन बिकवाली के दबाव की वजह से वापस नीचे लुढ़क गया। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 173.71 अंक की कमजोरी के साथ 66,923.73 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सोना 58 हजार रुपये से बढ़कर 60 पर पहुंचा

नई दिल्ली। बाजार में सोने-चांदी के भाव में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। अभी तक गिरावट पर चल रहे सोने के भाव बढ़ गए हैं। वायदा बाजार में गुरुवार को मिला-जुला रुख देखने को मिल रहा है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर आज सोने के भाव में तेजी देखी जा रही है। सोना बढ़त के साथ खुला है। अभी तक 58 हजार रुपये के करीब चल रहा सोना अब 60 हजार के करीब पहुंचने जा रहा है। चांदी की कीमतों में भी उछाल देखा जा रहा है। अगर आप सोना खरीदने की सोच रहे हैं तो इसके लेटेस्ट रेट जरूर चेक कर लें। एमसीएक्स एक्सचेंज पर गुरुवार की सुबह 4 अगस्त 2023 को डिलीवरी वाला सोना 59945 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर खुला है। वहीं बुधवार की शाम को 59790 रुपये के भाव पर बंद हुआ था। 5 अक्टूबर 2023 को डिलीवरी वाला सोना 60285 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला है।

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशियाई बाजारों पर दबाव

एजेंसी। नई दिल्ली

ग्लोबल मार्केट से गुरुवार को मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। वॉल स्ट्रीट पिछले कारोबारी सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा था। दूसरी ओर यूरोपीय बाजार के सूचकांक मिला-जुला कारोबार करके बंद हुए थे। एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर दबाव की स्थिति नजर आ रही है। कंपनियों के शानदार तिमाही नतीजों के कारण अमेरिकी बाजार में लगातार उत्साह बना हुआ है। डाउ जॉन्स लगातार आठवें कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। ये सूचकांक 109.28 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की मजबूती के साथ 35,061.21 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500

इंडेक्स ने 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,565.72 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 14,358.02 अंक के स्तर पर बंद हुआ। यूरोपीयन मार्केट में पिछले कारोबारी सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता नजर आया। एफटीएसई इंडेक्स 134.51 अंक यानी 1.77 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,588.20 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,326.94 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर डीएएक्स इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,108.93 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एलिस्टा ने आंध्र प्रदेश सरकार के साथ एमओयू साइन किया

हैदराबाद। एलिस्टा ने दूसरी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट शुरू करने के लिए हाल ही में आंध्र प्रदेश सरकार के साथ एमओयू साइन किया है। इस प्लांट में स्मार्टवॉच और स्पीकर जैसे इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट बनाए जाएंगे, जो भारत में सस्ते में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। यह प्लांट अगले साल यानी 2024 तक चालू होगा, जिससे रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। मोदी सरकार की तरफ से लगातार मेक इन इंडिया मुहिम को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिससे भारत में स्मार्ट टीवी, स्मार्टवॉच और स्पीकर जैसे इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट को बड़े स्तर पर पूरी तरह से तैयार किया जा सके। भारत में इन प्रोडक्ट के बनने के दोहरा फायदा होगा, जहां एक तरफ इन प्रोडक्ट की लागत में कमी आएगी।

चीन को ठुकराकर भारत आ रही यूएस की बड़ी सोलर कंपनी

अरबों डॉलर का करेगी निवेश

एजेंसी। नई दिल्ली

दुनियाभर की कंपनियों ने अब धीरे-धीरे मान लिया है कि चीन का अगर कोई विकल्प है, तो वह भारत ही है। यूएस की एक बड़ी सोलर कंपनी ने इस पर मुहर लगा दी है। सोलर पैनल मैन्यूफैक्चरिंग में चीन का दबदबा माना जाता हैं। लेकिन यूएस की फर्स्ट सोलर ने मैन्यूफैक्चरिंग के लिए चीन के बजाय भारत को चुना है। अमेरिका की यह कंपनी भारत में सोलर पैनल प्रोडक्शन पर अरबों डॉलर निवेश करेगी। इसके लिए कंपनी चीन से मटेरियल भी नहीं मंगवाएगी। यूएस की ऊर्जा मंत्री जेनिफर ग्रैनहोल्म ने हमारे सहयोगी इकनॉमिक टाइम्स को यह जानकारी दी है। साथ ही

उन्होंने ये भी संकेत दिए कि टेस्ला भारत में निवेश के लिए चर्चा कर रही है। ग्रेनहोम ने एक इंटरव्यू में कहा, 'भारत के पास एक बड़ा मार्केट है। यहां बड़े पैमाने पर डिमांड है और यूएस का कंट्रीब्यूशन लेबोरेटरीज में है। हम उत्पादन को प्रोत्साहित करने के प्रयास कर रहे हैं। यह कॉम्बिनेशन दोनों को अपने गोल्स प्राप्त करने में मदद करता है।' उन्होंने इंटरव्यू में रिन्यूएबल सेक्टर में यूएस डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन से फंडिंग की बात भी कही। वे मंगलवार को भारत-अमेरिका स्ट्रेटेजिक क्लीन एनर्जी पार्टनरशिप बैठक के लिए दिल्ली में थीं। ग्रेनहोम से भारत में टेस्ला के इन्वेस्टमेंट प्लान के बारे में भी पूछा गया। इस पर यूएस ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह इलेक्ट्रिक कार कंपनी भारत सरकार के साथ बात कर रही है। हाल ही में पीएम नरेंद्र मोदी के साथ टेस्ला के मालिक एलन मस्क की मीटिंग भी हुई थी। मस्क ने पिछले महीने कहा था कि टेस्ला जल्द ही भारत में होगी। ग्रैनहोल्म ने ऑयल एंड गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात के बाद कहा, 'अमेरिका भारत को क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन में सबसे जरूरी पार्टनर के रूप में देखता है।

जेट एयरवेज के पूर्व प्रमोटर नरेश गोयल की बढ़ीं मुश्किलें

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल और अन्य के खिलाफ नए सिरे से धन शोधन जांच के तहत छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही जांच के तहत मुंबई और कुछ अन्य स्थानों पर छह-सात परिसरों में छापेमारी की। धन शोधन का मामला केनरा बैंक में 538 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के संबंध में जेट एयरवेज, गोयल, उनकी पत्नी अनीता और कंपनी के कुछ पूर्व अधिकारियों के खिलाफ केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा हाल में दर्ज की गई प्राथमिकी से सामने आया है।

पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचा

एजेंसी। नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। वहीं, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल

92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.07 डॉलर यानी 0.09 फीसदी की बढ़त के साथ 79.53 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.06 डॉलर यानी 0.08 फीसदी उछलकर 75.41 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

विदेश

इराक की स्वीडिश एंबेसी में घुसे सैकड़ों प्रदर्शनकारी

आग लगाई, कुरान जलाने का विरोध

एजेंसी। बगदाद

इराक में गुरुवार को सैकड़ों प्रदर्शनकारी बगदाद में स्वीडन की एंबेसी में घुस गए और वहां आग लगी दी। वे स्वीडन में कुरान के खिलाफ होने वाले प्रदर्शन का विरोध कर रहे थे। रॉयटर्स के मुताबिक, घटना में स्वीडिश एंबेसी के किसी भी स्टाफ को नुकसान नहीं पहुंचा है। इराक के विदेश मंत्रालय ने घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा- सरकार ने सिक्योरिटी फोर्सेज को एंबेसी की रक्षा करने और प्रदर्शन को लेकर जांच के निर्देश दिए हैं। शिया धर्मगुरु मुक्तदा सद्र के समर्थकों ने गुरुवार को प्रदर्शन की घोषणा की थी। वो कुछ हफ्तों के अंदर ही स्वीडन में दूसरी बार कुरान जलाने की प्लानिंग का विरोध कर रहे थे। एंबेसी में आग लगाने के बाद भी प्रदर्शनकारी वहां कुरान जलाने का विरोध करते रहे। एंबेसी में आग लगाने के बाद भी प्रदर्शनकारी वहां कुरान जलाने का विरोध करते रहे। स्वीडन की न्यूज एजेंसी टीटी के मुताबिक, बुधवार को पुलिस ने स्टॉकहोम में इराकी दूतावास के बाहर प्रदर्शन की इजाजत दी थी। एप्लिकेशन में बताया गया था कि 2 प्रदर्शनकारी एंबेसी के बाहर कुरान और इराक का झंडा जलाएंगे। इनमें से एक शख्स वही था जिसने जून में एक मस्जिद के बाहर कुरान जलाई थी। सोशल मीडिया पर एंबेसी में प्रदर्शन और फिर आग लगाने से जुड़ा कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। टेलीग्राम चैनल वन बगदाद के मुताबिक, बुधवार देर रात करीब 1 बजे प्रदर्शनकारी दूतावास के सामने जमा होने लगते हैं।

भारत में धार्मिक भेदभाव भयावह स्तर पर

सुधरा नहीं तो... अमेरिका ने दी धमकी, अफगानिस्तान से की तुलना

एजेंसी। वॉशिंगटन

पीएम मोदी की यात्रा के बाद अब भारत में कथित धार्मिक भेदभाव को लेकर एक बार फिर से अमेरिका भारत को धमकाने में जुट गया है। अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के प्रमुख ने भारत को लेकर जहरीला बयान दिया है। अमेरिकी आयोग के प्रमुख रब्बी अब्राहम कूपर ने दावा किया कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में धार्मिक भेदभाव 'भयावह' स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि धार्मिक भेदभाव राष्ट्रीय गौरव का विषय नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर भारत में हालात नहीं सुधरे तो उसे अमेरिकी सरकार के प्रतिबंधों के लिए तैयार रहना चाहिए। यही नहीं अमेरिका ने भारत में अफगानिस्तान और सीरिया जैसे हालात बता दिए। रब्बी अब्राहम कूपर ने अमेरिकी सांसदों से कहा कि भारत ने पहले अच्छा किया है और उसे अपना रास्ता

बदलना होगा क्योंकि चीजें खराब हो रही हैं। यह बहुत ही भयावह है। उन्होंने कहा, 'धार्मिक भेदभाव राष्ट्रीय गौरव का विषय नहीं होना चाहिए।' अमेरिकी आयोग ने सिफारिश की है कि भारत, अफगानिस्तान, सीरिया, नाइजीरिया और वियतनाम को अमेरिका सरकार की विशेष चिंता वाले देशों की सूची में डाल देना चाहिए। उसने कहा कि इन देशों में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति बहुत खराब हो रही है। वाइस ऑफ अमेरिका की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी आयोग ने भारत सरकार की एजेंसियों और अधिकारियों के खिलाफ निशाना बनाकर आर्थिक और यात्रा प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है। उसने दावा किया कि ये अधिकारी और एजेंसियां धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन में शामिल हैं। अमेरिकी आयोग ने यह धमकी ऐसे समय पर दी है जब अभी कुछ दिन पहले ही पीएम मोदी ने वॉशिंगटन में वाइट हाउस का दौरा किया था और अमेरिकी संसद को भी संबोधित किया था।

इससे पहले साल 2005 में अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने पीएम मोदी के टूरिस्ट और बिजनस वीजा को गुजरात दंगों को लेकर रद कर दिया था। कूपर ने कहा, 'इसलिए हम अब आशा कर रहे हैं कि भारतीय प्रधानमंत्री की यात्रा हो गई है और अब एक गंभीर समीक्षा होगी।' इससे पहले अमेरिका दौरे पर पीएम मोदी से जब मुस्लिमों के साथ भेदभाव को लेकर सवाल किया गया था। इस पर पीएम मोदी ने करारा जवाब देकर सबकी बोलती बंद कर दी थी। उन्होंने साफ किया था कि भारत में संविधान का शासन है और किसी भी प्रकार के भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं है। अमेरिका सरकार ने पिछले साल भारत को विशेष चिंता वाले देशों की सूची में शामिल नहीं किया था। वह भी तब जब यूएससीआईआरएफ ने ऐसा करने के लिए सिफारिश की थी।

पुतिन से बगावत के बाद पहली बार दिखे वैगनर चीफ

बेलारूस में लड़ाकों से बोले- यूक्रेन जंग में हिस्सा नहीं लेंगे

एजेंसी। मिंस्क

रूस की प्राइवेट आर्मी वैगनर के चीफ येवगेनी प्रिगोजिन पुतिन के खिलाफ विद्रोह करने के बाद पहली बार नजर आए हैं। बुधवार को प्रिगोजिन ने एक वीडियो जारी कर अपने लड़ाकों का बेलारूस में स्वागत किया। उन्होंने कहा- वैगनर अब यूक्रेन जंग में हिस्सा नहीं लेगा। उन्होंने अपने लड़ाकों को अफ्रीका के लिए नए सफर की शुरूआत करने का आदेश दिया। रॉयटर्स के मुताबिक, वीडियो में प्रगोजिन ने कहा- हमने यूक्रेन में सम्मान के साथ लड़ाई लड़ी। आप सबने रूस के लिए बहुत कुछ किया। यूक्रेन में अभी जो कुछ हो रहा है वो शर्मनाक है और हमें उसमें शामिल होने की जरूरत नहीं है। हो सकता है हम इस जंग में वापस लौटें, लेकिन अभी हम कुछ समय तक बेलारूस में ही रहेंगे और तब यहां की आर्मी को दुनिया की दूसरी सबसे ताकतवर सेना बनाएंगे। वैगनर का गठन करने में शामिल रहे दिमित्री उत्किन ने कहा- ये अंत नहीं है। यह दुनिया के सबसे बड़े काम

की शुरूआत है जो जल्द ही पूरा किया जाएगा। वीडियो में प्रिगोजिन को एक काले रंग का वैगनर का झंडा दिया जाता है, जिस पर उनका मोटो ब्लड, ऑनर, मदरलैंड और करेज लिखा हुआ है। प्रिगोजिन का ये वीडियो उनकी प्रेस सर्विस ने भी टेलीग्राम पर शेयर किया है। कुछ दिन पहले ही यूक्रेन और पोलैंड ने दावा किया था कि वैगनर के लड़ाके बेलारूस पहुंच चुके हैं। वो राजधानी मिंस्क के दक्षिण-पूर्वी इलाके में वहां की सेना को मिलिट्री ट्रेनिंग दे रहे हैं। बेलारूस पहुंचने के कुछ दिन बाद वहां के राष्ट्रपति लुकाशेंको ने कहा था कि प्रिगोजिन उनके देश से जा चुके हैं। तस्वीर बेलारूस की मीडिया ने जारी की है। इसमें वैगनर के लड़ाके बेलारूस की सेना को ट्रेनिंग देते दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर बेलारूस की मीडिया ने जारी की है। इसमें वैगनर के लड़ाके बेलारूस की सेना को ट्रेनिंग देते दिखाई दे रहे हैं। वैगनर चीफ के मॉस्को या सेंट पीटर्सबर्ग में होने की आशंका जताई गई थी।

तनाव | शेख मोहम्मद पर सऊदी प्रिंस ने बोला था हमला

मुस्लिम देशों में छिड़ी वर्चस्व की जंग

एजेंसी। दुबई/रियाद

खाड़ी के दो सबसे प्रभावशाली मुस्लिम देशों सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के बीच वर्चस्व की जंग छिड़ गई है। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जनरल की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि सऊदी अरब के बेहद महत्वाकांक्षी प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान के बीच भिड़ंत हो गई थी। सऊदी प्रिंस ने तो गत दिसंबर महीने में पत्रकारों के साथ दुर्लभ बातचीत में यहां तक आरोप लगा दिया था कि दशकों से हमारे सहयोगी दोस्त देश यूएई ने हमारी पीठ में छुरा घोपा है। इसके बाद सऊदी प्रिंस ने लंबे समय तक अपने 'गुरु' रहे शेख मोहम्मद से खुद को अलग कर लिया और

अब दोनों के बीच खाड़ी देशों में वर्चस्व की जंग चल रही है। इन दो मुस्लिम मित्र देशों के बीच यह वर्चस्व की जंग ऐसे समय पर छिड़ी है जब खाड़ी में अमेरिका का प्रभाव कमजोर हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी प्रिंस के इस बयान के बाद सब सन्न रह गए थे। सऊदी प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने रियाद में स्थानीय पत्रकारों को दिसंबर में एक ऑफ द रेकॉर्ड ब्रीफिंग के लिए बुलाया था। सऊदी अरब और यूएई के बीच भड़का तनाव यह दिखाता है कि पश्चिम एशिया और वैश्विक तेल बाजार में भूराजनीतिक और आर्थिक शक्ति हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्द्धा बढ़ती जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों शाही परिवारों में अब पश्चिम एशिया में अपना दबदबा कायम करने के लिए रंजिश शुरू हो गई है जहां अब अमेरिका की भूमिका कम हो रही है। मोहम्मद बिन सलमान एमबीएस हों या शेख मोहम्मद एमबीजेड दोनों ही बहुत महत्वाकांक्षी रहे हैं और हमेशा से ही खाड़ी देशों के प्रमुख खिलाड़ी बनने की तमन्ना रखते रहे हैं। बाइडन प्रशासन के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा, 'कुछ स्तर पर अभी भी वे आपस में सहयोग कर रहे हैं। हालांकि दोनों के बीच अब उस तरह के रिश्ते नहीं रहे, जिस तरह के पहले थे।

चांद पर इंसान के कदम रखने के 54 साल:नासा ने खर्च किए 2 लाख करोड़

वाशिंगटन। 20 जुलाई 1969, ये वो तारीख है जब अमेरिक की स्पेस एजेंसी नासा ने इतिहास रचा था। अपोलो मून मिशन के तहत पहली बार किसी इंसान ने चांद पर कदम रखा था। इस स्पेस मिशन में तब 25 अरब डॉलर, यानी आज के मुताबिक करीब 2 लाख करोड़ रुपए खर्च हुए थे। अमेरिका में 29 जुलाई 1958 को नासा का गठन हुआ था और इसके 11 साल बाद ही स्पेस एजेंसी ने कीर्तिमान रच दिया। इसी के साथ स्पेस वॉर में अमेरिका ने दूसरे सभी देशों को पीछे छोड़ दिया। अपोलो-11 मिशन को मिलाकर अब तक कुल 12 बार लोग चांद पर पहुंच चुके हैं। हालांकि, कई थ्योरीज ऐसी भी हैं, जिनके मुताबिक, नासा का मशहूर अपोलो मिशन एक बहुत बड़ा झूठ था।

पेज एक के शेष

झारखंड में ...

बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, इसके लिए चिकित्सकों और अन्य पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्ति में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि आवश्यकतानुसार अनुबंध पर भी चिकित्सकों को नियुक्त करें ताकि किसी भी परिस्थिति में स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित नहीं हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में 206 एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया गया था। लेकिन, कुछ कारणों से कई एंबुलेंस के नहीं चलने की बात सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि सभी 206 एंबुलेंस का नियमित और सुचारू परिचालन अविलंब सुनिश्चित करें।

आईएसआईएस का...

टीम लोहरदगा में ही इसके दूसरे साथियों की तलाश कर रही है। लोहरदगा में कई युवाओं को भड़का कर आईएसआईएस के साथ काम करने के लिए इसने कई युवाओं को राजी भी कर लिया था। फैयाज दो साल पहले लोहरदगा से अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी पढ़ाई करने गया था। यहीं वह आईएसआईएस के संपर्क में आया। इसके बाद लोहरदगा लौटने के बाद आतंकी गतिविधियों में लग गया था।

डुमरी विधानसभा उपचुनाव में...

झामुमो की अगुवाई वाले सत्ताधारी गठबंधन ने चार बार जीत दर्ज की। सिर्फ एक सीट रामगढ़ का परिणाम, सत्ताधारी गठबंधन के खिलाफ गया। यहां कांग्रेस के प्रत्याशी को एनडीए (आजसू) प्रत्याशी के सामने शिकस्त खानी पड़ी।चूंकि 2024 के लोकसभा और राज्य विधानसभा के चुनाव को लेकर सियासी माहौल बनना शुरू हो गया है, तो झारखंड के सत्ताधारी गठबंधन यानी इंडिया के सेनापति हेमंत सोरेन उसके पहले होनेवाले इस उपचुनाव की चुनौतियों को बेहद गंभीरता से ले रहे हैं। उन्होंने दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को मंत्री बनाने के साथ उनकी उम्मीदवारी तय कर दी है। इसके बाद वह एक हफ्ते के भीतर दो बार डुमरी क्षेत्र में कार्यक्रम कर चुके हैं।

सीएम के तौर पर क्षेत्र को चुनावी सौगात देने में भी वह पीछे नहीं हैं। जनसभा में जगरनाथ महतो के नाम पर डिग्री कॉलेज स्थापित करने का वादा कर चुके हैं। बुधवार को डुमरी में आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच करोड़ों की परिसंपत्तियां बांटीं।

दूसरी तरफ एनडीए ने भी इस चुनाव के लिए तैयारी शुरू कर दी है। आजसू पार्टी के नेता-कार्यकर्ता इलाके में जनसंपर्क साध रहे हैं। चुनावी रणनीति को लेकर जल्द ही भाजपा और आजसू के नेता एक साथ बैठने वाले हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

यौन उत्पीड़न मामले में बृजभूषण को जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में गुरुवार को भाजपा के सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह को जमानत दे दी। राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने दिन में इसे सुरक्षित रखने के बाद आदेश पारित किया। कोर्ट ने सह-आरोपी विनोद तोमर की जमानत याचिका भी मंजूर कर ली है।

राम रहीम को मिली 30 दिन की पैरोल

चंडीगढ़। 40 दिन की पैरोल मिलने के पांच महीने से भी कम समय बाद, जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को गुरुवार को भाजपा के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार ने 30 दिनों की फिर से पैरोल दे दी।

मंत्री सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी पर आज सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को तमिलनाडु के गिरफ्तार मंत्री वी. सेंथिल बालाजी और उनकी पत्नी द्वारा डीएमके नेता को हिरासत में लेने के ईडी के अधिकार को बरकरार रखने के मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं को शुक्रवार को सूचीबद्ध करने पर सहमत हो गया। मामला नौकरियों के बदले कथित तौर पर रिश्वत लेने से संबंधित है। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल द्वारा मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का उल्लेख करने के बाद शुक्रवार को याचिकाओं को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

महिलाओं को निर्वस्त्र कर सड़क पर घुमाने के मामले में दो गिरफ्तार

मुख्यमंत्री ने इस मामले में पुलिस प्रशासन को सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

केंद्रीय मंत्री ईरानी ने मुख्यमंत्री से बात कर आरोपियों को न बख्शने को कहा

एजेंसी। इंफाल

मणिपुर में युवतियों के साथ कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म कर उन्हें नग्न कर सड़कों पर घुमाने का वीडियो वायरल होने के बाद राजनीति गरमा गई है। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के कड़े रुख के बाद इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार की रात मुख्यमंत्री से बात की और घटना में शामिल किसी को भी न बख्शने को कहा है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को धोउबल जिला से गिरफ्तार किया है। संदिग्ध की पहचान 32 साल के हेराडास के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए दूसरे व्यक्ति का नाम पुलिस ने अभी तक खुलासा नहीं किया गया है। आरोप है कि हेराडास ने ही घटना का चौंकाने वाला वीडियो वायरल किया था। इस घटना के सामने आने के बाद पूरे देशभर में गुस्से और निंदा की लहर है। इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने इस दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण घटना में शामिल उपद्रवियों को गिरफ्तार करने और उचित सजा देने का आदेश दिया था। इस संबंध में गुरुवार को राज्य के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने बताया कि मणिपुर पुलिस ने घटना को बहुत गंभीरता से लिया है और अपहरण, सामूहिक बलात्कार और हत्या का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने इस घटना को 'निम्नतम स्तर पर अमानवीय' बताते हुए गहरी चिंता व्यक्त की और आश्वासन दिया कि दोषियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। दरअसल, मणिपुर में 3 मई को कुकी समाज के कई संगठनों ने मैतेई को एसटी का दर्जा देने के मुद्दे पर प्रदर्शन किया था। इसके बाद से ही हिंसा की शुरूआत की थी। बताया गया है कि गत 4 मई को मणिपुर के कांगपोकपी जिले में दो महिलाओं के साथ कथित रूप से सामूहिक बलात्कार के बाद भीड़ ने दोनों महिलाओं को नग्न कर सड़कों पर निकाला था। इस दौरान किसी ने उस दौरान का वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। आरोप है कि इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कई संपत्तियों में तोड़फोड़ और लूटपाट की और कई घरों में आग लगा दी है। ग्रामीणों पर भी हमला किया। मिली जानकारी के अनुसार 4 मई वाले दिन हिंसक उपद्रव के बीच उन्मादी लोगों तीन युवतियों का अपहरण कर धान के खेत में ले जाया गया। बताया गया कि एक युवती वहां से भाग गई। बाद में दो युवतियों को पूरी तरह नग्न करके सामूहिक बलात्कार किया। भाई ने अपनी बहन को बदमाशों से बचाने का साहसिक प्रयास किया, लेकिन भीड़ ने उसे बेरहमी से मार डाला।

मानसून सत्र का बेहतरीन उपयोग करें राजनीतिक दल : प्रधानमंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि संसद का मानसून सत्र जनहित से जुड़े विधायकों के कारण महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों और सांसदों से संसद के मानसून सत्र का बेहतरीन उपयोग करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को संसद के मानसून सत्र की शुरूआत से पहले पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सावन के पवित्र मास में लोकतंत्र के मंदिर में अनेक पवित्र कार्य करने का यह सर्वोत्तम अवसर है।

इस बात पर विश्वास व्यक्त करते हुए कि सांसद इस सत्र का जनहित में सर्वाधिक प्रयोग करेंगे प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। कानूनों को बनाना और उन पर विस्तार से चर्चा करना बहुत ही आवश्यक है। चर्चा के महत्व पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि

जितनी ज्यादा और जितनी पेनी चर्चा होगी उतना ही जनहित में दूरगामी परिणाम देने वाले अच्छे निर्णय होंगे। उन्होंने कहा कि सांसद जमीन से जुड़े होते हैं और जनता का दुख दर्द समझने समझते हैं। चर्चा होने पर उनकी तरफ से आने वाले विचार जड़ों से जुड़े विचार होते हैं। इससे चर्चा समृद्ध होती है और निर्णय सशक्त और परिणामकारी होते हैं।

वर्तमान सत्र में पेश होने वाले विधेयकों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सीधे सीधे जनता से जुड़े हैं। हमारी युवा पीढ़ी डिजिटल दुनिया के साथ नेतृत्व कर रही है। इस समय डाटा प्रोटेक्शन विधेयक देश के हर नागरिक को नया विश्वास देने वाला और विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार नेशनल रिसर्च फाउंडेशन विधेयक नई शिक्षा नीति के संदर्भ में एक बहुत अहम कदम है। इसका उपयोग अनुसंधान नवाचार और शोध को बढ़ावा देगा। उन्होंने विवाद को संवाद से समझाने की भारतीय परंपरा का उल्लेख किया और कहा कि अब कानूनी आधार देते हुए मध्यस्थता विधेयक लाने की दिशा में यह सत्र बहुत उपयोगी है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने मणिपुर में दो महिलाओं के साथ हुई अभद्रता की घटना को शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि यह भले कुछ लोगों का कृत्य हो पर इसने देश के 140 करोड़ भारतीयों को शर्मसार किया है। वह देश को लोगों को भरोसा दिलाना चाहते हैं कि इसके आरोपितों को बख्शा नहीं जाएगा।

तेज रफ्तार कार ने लोगों को कुचला, 9 की मौत

एजेंसी। अहमदाबाद

गुजरात के अहमदाबाद में इस्कॉन पुल पर भीड़ के तेज रफ्तार जगुआर कार से कुचलने की घटना में नौ लोगों की मौत हो गई। जबकि, 13 लोग घायल हैं। कार को एक कॉलेज का छात्र चला रहा था। छात्र की पहचान ताथ्या प्रग्नेश पटेल के रूप में हुई है, जो एक अमीर बिल्डर का बेटा है और अपने कॉलेज के दूसरे वर्ष का छात्र है। ताथ्या पटेल अपने दोस्तों के साथ गाड़ी चला रहा था। इसी दौरान उसने तेज रफ्तार एसयूवी (जीजे 01 डब्ल्यूके 93) पर नियंत्रण खो दिया, जिससे हादसा हुआ। उसके पिता प्रग्नेश पटेल का आपराधिक इतिहास रहा है, जिसमें 2020 में राजकोट में एक बलात्कार मामले में आरोपी होना भी शामिल है। पटेल अहमदाबाद के गोटा इलाके में गोकुल फार्म हाउस के सामने 'हरे शांति' नामक एक भव्य बंगले में रहते हैं। उनका घर एसजी हाईवे से लगभग 700 मीटर और दुर्घटनास्थल से आठ किलोमीटर दूर स्थित है। अपने बेटे द्वारा किसी भी गलत काम से इनकार करते हुए, प्रग्नेश पटेल ने कहा, ताथ्या और उसके दोस्त कॉफी पीने के लिए रात करीब 11 बजे घर से निकले थे।

वैश्विक सतत विकास के लिए खाद्य सुरक्षा अहम : मांडविया

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को कहा कि वैश्विक सतत विकास के लिए खाद्यान्न, और खाद्य सुरक्षा के मुद्दों पर गहराई से विचार करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। वन हेल्थ दृष्टिकोण के तहत एक इको सिस्टम तैयार करना खाद्य नियामकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का काम है। संतुलित, सुरक्षित और पौष्टिक भोजन हमारे स्वास्थ्य को सुनिश्चित करता है। डॉ. मांडविया गुरुवार को

नई दिल्ली में आयोजित पहले वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन 2023 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र तोमर, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल और डॉ. भारती प्रवीण पवार भी उपस्थित थे। यह शिखर सम्मेलन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) का एक प्रयास है, ताकि खाद्य सुरक्षा प्रणालियों और नियामक ढांचे को मजबूत करने पर दृष्टिकोण का आदान-प्रदान करने के लिए खाद्य नियामकों का एक वैश्विक मंच तैयार किया जा सके।

बेंगलुरु को 15 अगस्त से पहले दहलाने की साजिश

पुलिस ने जब्त किए 4 हथगोले, जांच जारी

एजेंसी। बेंगलुरु

बेंगलुरु आतंकी साजिश मामले में एक और बड़ा खुलासा हुआ है। सेंट्रल सिटी क्राइम ब्रांच (सीसीबी) के अधिकारियों ने गिरफ्तार किए गए संदिग्ध आतंकवादियों के आवास से इस्तेमाल के लिए तैयार चार हथगोले बरामद किए हैं। सूत्रों से पता चला है कि संदिग्ध आतंकवादी 15 अगस्त या उससे पहले बेंगलुरु पर हमला करना चाहते थे। सीसीबी के संयुक्त पुलिस आयुक्त डॉ. शरणप्पा एसडी ने गुरुवार को कहा कि संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ने वाली टीम ने बेंगलुरु के कोडिगेहल्ली इलाके में उनके आवास से चार हथगोले जब्त किए हैं। जिस संदिग्ध आतंकी को पैकेज मिला था, उसे हथगोले के बारे में पता नहीं था। ग्रेनेड घर के कमरे में अलमारी के गुप्त लॉकर में रखे गए थे। संयुक्त आयुक्त शरणप्पा ने कहा कि संदिग्ध आतंकवादियों ने ग्रेनेड को सुरक्षित रखने और उन्हें फटने से बचाने के लिए रासायनिक पाउडर का इस्तेमाल किया था।

वैश्विक नेताओं के साथ होगी जी-20 वार्ता : विदेश मंत्रालय

एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा है कि सितंबर में आयोजित होने वाला जी-20 शिखर सम्मेलन सभी विश्व नेताओं की मौजूदगी में संपन्न होगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को एक पत्रकार वार्ता में कहा कि जी-20 शिखर वार्ता के लिए सभी सदस्य देशों और आमंत्रित देशों के नेताओं को निमंत्रण भेजा गया है। भारत को अपेक्षा है कि सभी नेता सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रवक्ता से दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाले ब्रिक्स सम्मलेन में रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल होने के संबंध में सवाल पूछा गया था। उल्लेखनीय है कि अगस्त में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पुतिन स्वयं जोहानेसबर्ग नहीं जाएंगे। उनकी ओर से विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रूस का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रपति पुतिन स्वयं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सम्मेलन में शिरकत करेंगे। रूस के राष्ट्रपति के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। दक्षिण अफ्रीका इस जुड़ी संधि में हस्ताक्षरकर्ता है। वहां की सरकार के लिए यह असमंजस की स्थिति है कि पुतिन के दक्षिण अफ्रीका आने पर गिरफ्तारी वारंट पर अमल किया जाए या नहीं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक अन्य प्रश्न में काला सागर के जरिए अनाज की आवाजाही के संबंध में पूछे गए सवाल के उत्तर में कहा कि हमें आशा है कि इस विवाद का शीघ्र समाधान होगा।

परिवारवाद के आरोपों पर भड़के तेजस्वी, पूछा- चिराग, पारस क्या हैं?

एजेंसी। पटना

बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भाजपा के परिवारवाद के आरोपों पर भड़कते हुए कहा कि चिराग पासवान और पशुपति पारस में परिवारवाद नहीं है। उन्होंने मणिपुर की घटना को लेकर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरा। पटना में गुरुवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए परिवारवाद से संबंधित आरोपों पर पूछने पर भड़कते हुए तेजस्वी ने कहा कि चिराग पासवान से एक गले लग रहे हैं, वह क्या है। अजीत पवार, गोपाल कांडा, प्रफुल्ल पटेल यह सब लोग फोटो में हैं, वह लोग क्या हैं। वह लोग क्या थे, अब आपको रिकॉर्ड कराने की जरूरत है?

उन्होंने अपने अंदाज में कहा कि दुष्यंत चौटाला के पीछे खड़े हैं, वह कौन हैं भाई। उनके पिता जेल में थे ना, वह भी तो किसी के बेटे हैं। डिप्टी सीएम किसने बनाया, अजित पवार और दुष्यंत चौटाला को। उप मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि देखिए इनकी राजनीति अब खत्म होने वाली है। देश की जनता बेवकूफ नहीं है। देश की जनता सब देख रही है। मणिपुर में जातीय हिंसा के बीच दो महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार का वीडियो सामने आने पर तेजस्वी यादव ने पूछा कि देश के प्रधानमंत्री कौन हैं? जब राहुल गांधी मणिपुर जा सकते हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्यों नहीं जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी जिम्मेवारी प्रधानमंत्री की बनती है। लेकिन, विपक्ष से राहुल गांधी वहां जाते हैं, वहां की समस्या को समझते हैं और कहते हैं कि हिंसा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में नफरत की राजनीति की जा रही है। देश में लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश की जा रही है।

FILMY हलचल

पवन सिंह की फिल्म 'सनक' 28 जुलाई को होगी रिलीज

भोजपुरी सिने जगत के पावर स्टार पवन सिंह की नई फिल्म सनक 28 जुलाई को बिहार के साथ-साथ झारखंड, उत्तर प्रदेश, मुंबई, गुजरात और पंजाब में एक साथ सिनेमाघरों में होगी। रेणु विजय फिल्म्स के निशांत उज्जवल ने बताया कि फिल्म सनक में पावर स्टार पवन सिंह का जलवा दर्शकों को खूब देखने को मिलेगा। साथ ही इस फिल्म में राघव नैयर की भी अदाकारी मुख्य आकर्षण होगी। उन्होंने बताया कि पवन सिंह की फिल्म सनक बिहार के साथ-साथ झारखंड, उत्तर प्रदेश, मुंबई, गुजरात और पंजाब में एक साथ रिलीज होने वाली है।

लॉ एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा के लिए मुफ्त कोचिंग की सोनू सूद ने की घोषणा

अभिनेता सोनू सूद ने अपने कानून प्रवेश कोचिंग कार्यक्रम में उम्मीदवारों को मुफ्त कानून की शिक्षा की घोषणा की है। सूद चैरिटी फाउंडेशन (एससीएफ) के संस्थापक के जरिए समाज में स्थायी प्रभाव डालने और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सोनू सूद समर्पित हैं। 'संकल्प' एक परिवर्तनकारी निःशुल्क कानून प्रवेश कोचिंग कार्यक्रम है, जो पेशेवर कानूनी शिक्षा हासिल करने और राष्ट्रीय कानून विश्वविद्यालयों (एनएलयू) में एक प्रतिष्ठित स्थान सुरक्षित करने का रास्ता देता है। 'संकल्प' के बारे में सोनू ने कहा, "मुझे यह देखकर बेहद खुशी होती है कि भगवान ने मुझे उन लोगों के ज्ञानोदय का मार्ग बनाने लिए चुना है जो कानून को अपने करियर के रूप में चुनना चाहते हैं।

'भोला' के बाद अब 'तव्वई' में नजर आएंगे अर्पित रांका

अजय देवगन की फिल्म 'भोला' में अभिनय करने वाले अभिनेता अर्पित रांका पौराणिक कहानी 'तव्वई' में एंटी-हीरो की भूमिका में दिखेंगे। फिल्म में अनुभवी अभिनेता मनोज जोशी भी हैं। इसकी शूटिंग उज्जैन और महाकालेश्वर मंदिर सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में की गई है। फिल्म लक्ष्मी जी की पौराणिक कहानी पर है। यह पवित्र पीपल वृक्ष के महत्व पर भी प्रकाश डालती है। फिल्म और अपने किरदार के बारे में अर्पित ने कहा, "भोला के बाद मैं इस तलाश में

था कि कोई मुझे एक अभिनेता के रूप में चुनौती दे, और मुझे अपनी क्षमता दिखाने का मौका मिले।" अर्पित को महाभारत में दुर्योधन और राधा-कृष्ण में कंस का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। उनका कहना है कि वह भगवान शिव में विश्वास रखते हैं। अर्पित ने कहा, "मैं महाकाल का बहुत बड़ा भक्त हूं और 'भोला' से पहले मैंने महाकाल मंदिर का दौरा किया था, इसलिए इस बार मुझे वहां से मजबूत जुड़ाव महसूस हुआ। मैं अपने गृह नगर भीलवाड़ा राजस्थान में आराम कर रहा था और मैं महाकाल मंदिर जाना चाहता था। लगभग उसी समय मुझे 'तव्वई' के लिए फोन आया।" उन्होंने कहा कि "मैंने इसे 'पूरे दिल से स्वीकार' किया है।

सहयोग धर्मेंद्र प्रधान ने ऑस्ट्रेलियाई कौशल व प्रशिक्षण मंत्री से की मुलाकात

आपसी संबंधों को मजबूत करने पर हुई चर्चा

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को नई दिल्ली में अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष ब्रेंडन ओ'कॉनर से मुलाकात की। दोनों मंत्रियों ने शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच चल रहे सहयोग तथा आपसी संबंधों को और मजबूत करने को लेकर चर्चा की। ऑस्ट्रेलिया ने जिस तरह से खनिजों जैसे अपने प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन किया है और अपने लोगों की क्षमता का निर्माण किया है, उसकी सराहना करते हुए प्रधान ने कहा कि दोनों देशों को भारत में ऐसी

प्रक्रियाओं को दोहराने और उभरती नौकरी भूमिकाओं के लिए युवाओं को प्रशिक्षित करने के तरीके तलाशने चाहिए।

मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यह भारत-ऑस्ट्रेलिया जुड़ाव के लिए सबसे अच्छा क्षण है जो पहले से ही ऐतिहासिक ऊंचाई पर है। इस वर्ष की शुरूआत में दोनों देशों के बीच योग्यता की पारस्परिक मान्यता से जुड़े समझौते को याद करते हुए उन्होंने इसे लागू करने का आह्वान किया ताकि दोनों देशों के बीच छात्रों और कुशल व्यक्तियों की दोतरफा आवाजाही को सुविधाजनक बनाया जा सके। प्रधान ने इस वर्ष सितंबर में गांधीनगर में ऑस्ट्रेलिया-भारत शिक्षा और कौशल परिषद की 7वीं बैठक के लिए मंत्री ओ'कॉनर को आमंत्रित किया है। यह बैठक दोनों देशों के बीच शिक्षा और कौशल विकास में सहयोग को और बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करेगी।

मंत्री ओ'कॉनर ने दोनों देशों के बीच सहयोग को गहरा करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि छात्रों की गतिशीलता की बहाली उनके देश के लिए प्राथमिकता है और वे अपनी वीजा प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाने के लिए काम कर रहे हैं।